GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# पुरानी रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**गोला (एसएनबी)** । थाना क्षेत्र के बेवरी गांव में बुधवार की शाम पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें धारदार हथियार से हमले में एक युवक घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने धारा 147, 148, 324, 504, 506, 352 में मुकदमा पंजीकृत किया है। गांव नरसिंह व रामा के घर से पुरानी रंजिश है। सायंकाल होली के हुड़दंग में गाली गलौज शुरू हो गई और धीरे-धीरे मारपीट हो गई। जिसमें नरसिंह के पुत्र शैलेश को धारदार हथियार से गंभीर रूप से चोट लग गई। शैलेश की माता शारदा के तहरीर पर पुलिस ने रामा व उनकी पत्नी मीना पुत्रगण रजत व रंजीत व उनके पड़ोसी दुर्गेश व गौतम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मारपीट व जानमाल की धमकी, एक गिरफ्तार

**बड़हलगंज ( एसएनबी )** । थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी व अमेरिकन आईटी कंपनी में कार्यरत रितेश तिवारी ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिये तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि गांव के उपेन्द्र यादव ने गाली देकर मारपीट की। घर वालों के आने पर वह भाग गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर जयनारायण शुक्ल का कहना है जिसने गाली दिया है उसको पकड़वाया हूं उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया गया है।

# महिला की तहरीर पर मुकदमा

**गोरखपुर (एसएनबी)** । जबरिया घुसकर मकान कब्जा करने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में शाहपुर पुलिस ने महिला की तहरीर पर अनिरुद्धनाथ मिश्रा के खिलाफ धारा 323, 504, 506 एवं 452 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धर्मपुर में रहने वाली सरोज सिंह ने पिछले दिनों तहरीर दी थी कि अनिरुद्ध अपने संग कुछ लोगों के साथ आया। जबरिया घुसकर मकान पर कब्जा करने तथा जानमाल की धमकी दी। गाली-गलौज भी किया और धक्का-मुक्की करते हुए गेट तोड़ने की कोशिश की। तहरीर में सरोज सिंह ने लिखा था कि कैमरा लगा हुआ है जिसमें उसकी हरकतें कैद है। शाहपुर पुलिस ने इस मामले में कोई रूचि नहीं दिखायी तो पीड़िता ने सीएम के जनता दरबार में जाने का निर्णय लिया लेकिन एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज कराया।

# मारपीट में दो घायल, मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** होली के दिन अपराह्न करीब 3 बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल छत्रधारी टोला लालगंज में खदेरू चौहान को दबंग युवकों ने लाठी डंडे व ईंट से मारकर घायल कर दिया। खदेरू की गलती सिर्फ इतनी थी कि हुड़दंग करने वाले आरोपित गालियां दे रहे थे। खदेरू ने उन्हें गाली देने से मना किया था। बीच बचाव करने पहुंचे खदेरू के भाई वीरेंद्र को भी मनबढ़ो ने पीटा। पुलिस ने खदेरु की पत्नी किरन देवी की तहरीर पर गांव के आशीष चौहान ,रमेश शर्मा ,नितिन,अभिषेक शर्मा पर मारपीट व जानमाल का धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# डीजे बजाने को लेकर मारपीट, केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अगया बड़ा टोला में मनबढ़ों ने एक दम्पत्ति को बेवजह रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अगया बड़ा टोला निवासी सरिता देवी ने पुलिस ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव में बीते बुधवार को होली पर युवक तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। तीन बजे बिजली भाग गई। उक्त युवक हमारे पति सोनू को जनरेटर की व्यवस्था न करने की बात कर गाली गुप्ता व डंडा से मारने लगे। बीचबचाव करने पर हमें व पुत्री निधि को भी घायल कर दिये। पुलिस ने सरिता देवी के तहरीर पर अगया निवासी अंकू ,सन्नी ,दिलावर ,अभिषेक के खिलाफ मारपीट व जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।



रामगढ़ताल थाने में होली मनाते पुलिसकर्मी.

# होली खेलने गए युवक को दबंगों ने गोली मारी, हालत गंभीर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सहजनवा में होली के दिन तीन वारदात हुईं। बदमाशों ने एक युवक को होली खेलने के दौरान गोली मार दी तो दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। एक गांव में दबंगों ने महिला को भी बुरी तरह पीटकर घायल किया। महिला की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने दबंगों संग होली खेलने से मना कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, एसडीएम सहजनवा सुरेश राय, सीओ सर्किल कैम्पियरगंज श्यामदेव, सहजनवा थानेदार मनबोध मौके पर पहुंचे और जांच की।

हमारे **समधिया एवं पाली प्रतिनिधियों** के मुताबिक सहजनवा इलाके के रंदौली उर्फ मठिया के केशवाखोर टोला में होली पर मनबढ़ ने एक युवक को गोली मार दी। दुकान पर सिगरेट खरीदने वाले से उसके पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। गोली कमर में लगने से युवक घायल हो गया। तत्काल उसे अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल युवक के घर वालों ने आरोपी के घर पर हमला बोल दिया। जिसमें उसके माता-पिता भी गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही गांव में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में पहले से विवाद चल रहा है। जिसे लेकर गोली चली है। सहजनवा के थाना प्रभारी मिथिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। जिसकी वजह से घटना के कारण स्पष्ट नहीं है। दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है।

**दोबारा हो गया विवाद:** सहजनवा इलाके के रंदौली उर्फ मठिया के टोला केशवाखोर में दोपहर बाद ग्रामीणों की टोली गांव में होली में मिलने जा रही थी। इस बीच शिव मंदिर के पास गुमटी में सिगरेट के पैसे को लेकर दो युवकों में विवाद हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। फिर सभी होली मिलने आगे चले गए। जब ग्रामीणों की टोली फिर वापस जब शिव मंदिर पहुंची तो हुड़दंग करने को लेकर एक बार फिर विवाद हो गया। कहासुनी में शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि केशवाखोर गांव का रहने वाला एक युवक घर के अंदर गया और तमंचा लाकर उसने गोली चला दी। गोली वहीं के बंधरा गांव के रहने वाले रामदरश के बेटे रणविजय प्रजापति (21) के कमर पर लग गई। रणविजय मित्र के साथ उसके ननिहाल केशवाखोर होली खेलने आया था। उसी दौरान ग्रामीणों की टोली में शामिल हुआ था। युवक को गोली लगने के बाद ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी युवक के परिवार पर हमला बोल दिया। जिसमें उसके माता- पिता गंभीर घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। फिलहाल एहतियात के तौर पर गांव में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है।

**युवक पर धारदार हथियार से हमला :** हमारे पाली प्रतिनिधि के मुताबिक इसके अलावा बुधवार की रात सहजनवा के भिटिया गांव के युवक वीरेंद्र पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह बाइक से अपने घर जा रहा था। सिर पर गहरा चोट लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के पीछे दो पक्षों के बीच पुराना विवाद बताया जा रहा है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने कहा मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**पीठ में लगी है युवक को गोली**



**महिला को दबंगों ने पीटा :** हमारे पाली प्रतिनिधि के मुताबिक एक अन्य घटना में सहजनवा के ही ग्राम कुसम्हा खुर्द में बुधवार को दबंगों ने गांव की महिला एक महिला को बुरी तरह से पीट दिया। गांव की रहने वाले शत्रुघ्न की पत्नी गुंजा देवी का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने दबंगों संग होली खेलने से मना कर दिया था। हमले में महिला बुरी तरह से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। डाक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के सिर में गहरी चोट आई है। अभी महिला की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# होली : 136 सदर में व 102 घायल पहुंचे मेडिकल कालेज

गोरखपुर (एसएनबी)। होली में नशा करके ज्यादातर घायल हुए वहीं कई की जान भी चली गई। यही नहीं 136 जिला अस्पताल जबकि 102 मेडिकल कालेज पहुंचे। ज्यादातर को गंभीर चोटें आयी हुई हैं। इलाज चल रहा है।

नशे में धुत युवकों ने अपने लिए तो दिक्कत किया ही लेकिन दूसरों के लिए भी दिक्कत का कारण बनें। झंगहा के रसूलपुर गांव की रामरती (55) तथा गीडा चपरहट के रहने वाले रामधारी (72) ने कोई नशा नहीं किया था। पैदल उक्त लोग अपने घर जा रहे थे। ऐसे में तेज रफ्तार बाइक चला रहे नशे में धुत युवकों ने टक्कर मार दी। इनके सिर में चोट आई।

मेडिकल कालेज में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि होली के दिन 238 लोग वाहन दुर्घटना में घायल हो गए। 136 जिला अस्पताल जबकि 102 मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। ज्यादातर को मामूली चोटें आई थीं। मरहम-पट्टी करके उनको घर भेज दिया गया। जिला अस्पताल में सिर्फ आठ भर्ती किए गए जबकि मेडिकल कालेज में सभी 102 को भर्ती किया गया। यह भी पता चला है कि घायलों में से 15 लामा हो गए। मेडिकल कालेज का ट्रामा सेंटर दुर्घटना में घायलों से भरा रहा। घायलों की मरहम-पट्टी कर तत्काल वार्ड में शिफ्ट किया गया। जूनियर डाक्टर पूरी रात मेहनत करते रहे। जानकार बताते हैं कि होली के दिन ही नहीं रात तक में घायल बारी-बारी से अस्पताल पहुंच रहे थे।

**ज्यादातर नशा करके चला रहे थे वाहन, हुए घायल 238 लोग**

**मेडिकल कालेज का ट्रामा सेंटर घायलों से भरा रहा**

## दुष्कर्म के जुर्म में दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के छोटे काजीपुर गाजर का हाता निवासी अभियुक्त नुटूल उर्फ कमलेश को दस साल के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल 15 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि 20 अप्रैल 2017 को पीड़िता ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उसका कहना था कि पीड़िता के साथ घटित घटना के एक साल पूर्व अभियुक्त उसे अपने घर ले गया और उसे नशे की गोली खिलाई जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में अभियुक्त उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। होश आने पर अभियुक्त ने पीड़िता को वीडियो दिखाया और धमकी दिया की इसकी सूचना किसी को देगी तो तुम्हे जान से मार दूंगा।

**जनता दर्शन** गोरखनाथ मंदिर में सीएम ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

# स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिचित करें अधिकारी : सीएम

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**समस्या लेकर आए लोगों को दिया आश्वासन, अधिकारियो को कार्रवाई के निर्देश**



पीड़ितों की समस्याएं सुनते सीएम.



GORAKHPUR (9 March): चार दिवसीय दौरे के अंतिम दिन गुरुवार सुबह गुरु के दर्शन-पूजन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में जनता दर्शन किया. यहां गोरखपुर और आसपास के जिलों से आए 300 लोगों की समस्या सुनीं और आश्वस्त किया कि घबराने की जरूरत बिल्कुल नहीं, हर समस्या का समाधान होगा. इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं. अधिकारियों से कहा कि सभी प्रार्थनापत्र का गंभीरता से अध्ययन करें और संबंधित विभाग के जरिये उनमें लिखी समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करें.

### एक-एक कर सुनी समस्या

सीएम जनता दर्शन में आए सभी लोगों के पास खुद गए और एक-एक कर सबकी समस्या सुनीं, साथ ही समस्या से जुड़ा प्रार्थनापत्र अपने हाथ से लेकर निस्तारण के लिए अधिकारियों को सौंपा. राजस्व मामलों को तहसील स्तर पर और पुलिस के मामलों को थाना स्तर पर निस्तारित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि समस्या कोई भी हो, उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए. इलाज के लिए आर्थिक मदद लेकर आए लोगों से सीएम ने कहा धन की बाधा इलाज में आड़े नहीं आएगी. प्रक्रिया पूरी कराएं, तत्काल आर्थिक मदद मिलेगी. समस्या लेकर आई महिलाओं के साथ आए बच्चों को सीएम ने चाकलेट देकर दुलारा और पढ़ने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, आईजी जे. रवींदर गौड़, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे.

# रसमलाई खाकर बीमार हुए लोग लौटे घर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 March):** फूड प्वाइंजनिंग से बीआरडी में भर्ती हुए सभी लोग गुरुवार को ठीक होकर घर लौट गए. बीते दिनों पिपराइच में एक बारात में रसमलाई खाकर 100 से ज्यादा लोग बीमार हो गए थे. जिला अस्पताल में 20 व बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 33 लोगों को भर्ती कराया गया था. जिला अस्पताल से सभी लोग दूसरे दिन ही डिस्चार्ज कर दिए गए, जबकि मेडिकल कॉलेज में बच्चों को छोड़कर सभी लोग ठीक होकर पहले ही घर जा चुके हैं. केवल 13 बच्चे भर्ती थे. उन्हें भी बुधवार व गुरुवार को डिस्चार्ज कर दिया गया. कंसल्टेंट व जूनियर डॉक्टर्स की सतर्कता से किसी की मौत नहीं हुई, सभी को बचा लिया गया.



होली का जश्न मनाते कैंट थाने के पुलिसकर्मी.



एसपी सिटी को लगाया गुलाल.

# ड्राइवर और कंडक्टर पर मुकदमा

रोडवेज की अनुबंधित बस के चालक और परिचालक पर कैंट थाना पुलिस ने भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया है. आरोप है कि दोनों ने मिलीभगत कर आधे से अधिक यात्रियों का किराया नही दर्शाया था. पुलिस आरोप की जांच कर रही है. क्षेत्रीय प्रबंधक ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गोरखपुर-पडरौना रोड पर चलने वाली अनुबंधित बस की कुसम्ही के पास चेकिंग की गई. इस दौरान गोरखपुर डिपो की अनुबंधित बस में कुल 63 यात्री मिले, जिसमें से 35 बिना टिकट थे.

# घर में घुसकर किया छेड़छाड़ विरोध पर पीटा, मुकदमा दर्ज

खोराबार। खोराबार इलाके के तालकंदला निवासिनी एक महिला ने होली के दिन घर में घुसकर मारपीट के मामले में 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

आरोप है कि प्रधान की शह पर यह घटना हुई है। महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि होली के दिन शाम करीब 3.20 बजे मेरे पति घर पर थे उसी दौरान ग्राम प्रधान के सह पर उनके भाई महेंद्र व गाँव के धर्मेंद्र,रामबृक्ष, दिनेश,विवेक, विपिन व नीतीश मेरे घर में घुसकर एक जूट होकर मेरे पति को मारे पीटे, मैं छुड़ाने गई तो मुझे भी मारे पीटे और मुझे बे पर्दा कर दिए। पति को लेकर मैं अस्पताल चली गयी और मेरी बेटी घर में अकेली रह गयी तो पुनः उक्त लोग घर मे घुस कर बेटी को मारे एवं उसकी लज्जा भंग करने की कोशिश की।

# छेड़खानी का आरोप, सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

भटहट। पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी पर रंग डालने व उसके साथ छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाते हुए चाचा ने पुलिस को तहरीर दे दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों पर केस दर्ज किया है।

तहरीर में चाचा ने बताया गया है कि 8 मार्च को उसकी भतीजी के ऊपर गांव का ही राज निषाद उर्फ निरहू जबरदस्ती रंग डालने लगा। आरोप है कि छेड़खानी करने लगा। कुछ देर बाद आरोपित व उसका भाई अमरनाथ, जयनाथ, कोमल, आकाश व प्रहलाद पीड़ित के घर आकर पीड़ित के घरवालों को मारने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपितों के खिलाफ धारा 354, 147, 148, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चेन छीनकर भाग रहे बदमाशों का ग्रामीणों ने किया पीछा

- चौरीचौरा क्षेत्र की घटना युवक का मोबाइल छीनने का किया प्रयास
- ग्रामीणों को देखकर बदमाश बाइक छोड़कर भाग गए

सोनबरसा/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। चौरीचौरा क्षेत्र के डुमरी खास के लक्ष्मीपुर टोला के पास मोबाइल से बात कर रहे एक युवक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल छीनने में असफल होने पर बदमाशों ने गले से सोने की चेन खींच ली और रामपुर बुजुर्ग की तरफ भाग निकले। युवक ने रामपुर बुजुर्ग में किसी परिचित को फोन करके घटना की जानकारी दी, जिसके बाद चौराहे पर लोगों ने उसे दौड़ाया। ग्रामीणों को देखकर बदमाश बाइक छोड़कर भाग गए।

डुमरी खास लक्ष्मीपुर टोला निवासी इन्द्रेश गुप्ता ने बताया कि बुधवार की रात 7.30 बजे डुमरी खास राइस मिल के पास मोबाइल से बात कर रहे थे। उसी समय बाइक सवार तीन युवक उनके पास आए और हाथ से मोबाइल छीनने लगे। मोबाइल जमीन पर गिर गया, जिसके बाद बदमाशों ने गले से सोने की चेन खींच ली और रामपुर बुजुर्ग की ओर भाग निकले। इंद्रेश ने शोर मचाया और अपने मित्र धनेश गुप्ता को कॉल करके जानकारी दी। धनेश ने रामपुर बुजुर्ग फोरलेन पर क्रॉसिंग के पास बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। सोनबरसा चौकी प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि बाइक सरदारनगर रौतनिया की गीता देवी के नाम से है। नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

सोनबरसा चौकी प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। एक बाइक मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# वैक्सीन से मासूम की मौत की जांच शुरू

**हि फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर के निजी अस्पताल में टीका लगने के बाद एक मासूम की मौत और दो के बीमार होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। गुरुवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा ने इस मामले की विधिवत जांच शुरू की। उन्हें एक हफ्ते में मामले की जांच कर रिपोर्ट सीएमओ को सौंपना है।उन्होंने बताया कि गुरुवार को ही इस मामले में सीएमओ का निर्देश पत्र प्राप्त हुआ है।

जिसके बाद मामले की जांच शुरू की जा रही है। इस मामले में घटना के हर आयाम की जांच होगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच की शुरूआत बीआरडी मेडिकल कॉलेज से हुई। मेडिकल कालेज में मासूम का इलाज करने वाले डॉक्टर से बात हुई है। वहां भर्ती दो मासूम के परिजनों से भी बयान लिया है।

हालांकि उन्होंने मासूम के परिजनों की पहचान बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही टीका लगने के बाद जान गंवाने वाले मासूम के परिजनों से मुलाकात की जाएगी। मासूम को लगे वैक्सीन के बैच की जांच कराई जाएगी।

## ये है मामला

गगहा के सौरभ कुमार राय ने अपने सात दिन के बच्चे को रविवार को करीमनगर स्थित निजी अस्पताल में टीका लगवाया था। आरोप है कि टीका लगने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग में भेजा गया। जहां के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही दो और बच्चों को वहां टीका लगाया गया था, उनकी भी तबीयत खराब हो गई। उन्हें भी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित पिता ने चिलुआताल थाने में तहरीर दी है। हालांकि अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का कराया केस

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के डांगीपार निवासिनी मोनिका सिंह की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने बुधवार को मोनिका के पति सुमित, ससुर सुभाष, सास प्रेमशीला, ननद रोशनी, रिश्तेदार हरिद्वार, मनीष आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारने पीटने एवं धमकी देने की धारा में केस दर्ज कराया है। मोनिका सिंह की शादी 12 फरवरी 2021 को सुमित चौधरी हालमुक़ाम डांगीपार मूल निवासी अड़बदहवा जिला महराजगंज में हुई थी।

# बहनोई के खिलाफ दर्ज कराया केस

गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के चिलबिलवा निवासी युवक ने बहन को मारने-पीटने के आरोप में बहनोई पर गुलरिहा थाना में केस दर्ज कराया है। पिपराइच क्षेत्र के चिलबिलवा निवासी अजय कुमार की बहन पुष्पा की शादी 12 वर्ष पहले गुलरिहा क्षेत्र के अशरफपुर निवासी अन्नू निषाद से हुई थी।

अजय कुमार का आरोप है कि बहनोई मनबढ़ किस्म का आदमी है। आए दिन बहन को मारता-पीटता है। होली के दिन शराब के नशे में बहन को बहुत मारा-पीटा। इससे उसके आंख और सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

# फूड प्वाइजनिंग के शिकार 13 बच्चे डिस्चार्ज

गोरखपुर। पिपराइच में एक बारात में रसमलाई खाकर बीमार हुए लोग अब ठीक होकर घर चले गए हैं। जिला अस्पताल में 20 और बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 33 लोग भर्ती थे। जिला अस्पताल से सभी लोग दूसरे दिन ही डिस्चार्ज कर दिए गए थे। मेडिकल कॉलेज में बच्चों को छोड़कर सभी लोग ठीक होकर पहले ही घर जा चुके हैं। केवल 13 बच्चे भर्ती थे। उन्हें भी बुधवार व गुरुवार को डिस्चार्ज कर दिया गया।

# दुष्कर्म के जुर्म में अभियुक्त को दस साल का कारावास

गोरखपुर, निज संवाददाता। दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के छोटे काजीपुर गाजर का हाता निवासी अभियुक्त नुटूल उर्फ कमलेश को दस साल के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल 15 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि 20 अप्रैल 2017 को पीड़िता ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उसका कहना था कि पीड़िता के साथ घटित घटना के एक साल पूर्व अभियुक्त उसे अपने घर ले गया और उसे नशे की गोली खिलाई जिससे वह बेहोश हो गई।

बेहोशी की हालत में अभियुक्त उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। होश आने पर अभियुक्त ने पीड़िता को वीडियो दिखाया और इसकी सूचना किसी को देने पर जानमाल की धमकी दिया।

# अनुबंधित बस चालक व परिचालक पर केस दर्ज

**कलंक के खिलाफ**

- दोनों ने मिलीभगत कर आधे से अधिक यात्रियों का नहीं दर्शाया था किराया
- गोरखपुर-पडरौना रोड पर चलती है अनुबंधित बस, कैंट थाने में दी थी तहरीर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट पुलिस ने रोडवेज की अनुबंधित बस के चालक और परिचालक पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया। आरोप है कि दोनों ने मिलीभगत कर आधे से अधिक यात्रियों को किराया नहीं दर्शाया था। पुलिस चालक विष्णु व परिचालक उपेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

कैंट थाने में दिए तहरीर में महेंद्र ने दिए तहरीर में लिखा है कि गोरखपुर-पडरौना रोड पर चलने वाली अनुबंधित बस की कुसम्ही के पास चेकिंग की गई। इस दौरान गोरखुपर डिपो की अनुबंधित बस में कुल 63 यात्री मिले जिसमें से 35 बिना टिकट के ही मिले। इसमें गोरखपुर से तमकुही के 13, गोरखपुर से कसया के 22 यात्री, मिले। इससे साफ है कि चालक और परिचालक मिलकर रोडवेज को आर्थिक क्षति पहुंचाया करते थे।

# युवक से मारपीट में तीन आरोपी दबोचे

गोरखपुर। कोतवाली इलाके के अलीनगर के पास गए युवक से मारपीट करने के तीन आरोपियों को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

दीवान बाजार निवासी चौथी गौड़ की पत्नी माधुरी गौड़ ने दिए तहरीर में लिखा है कि बेटा विशाल गौड़ किसी काम से अलीनगर गया था। इस दौरान आरएसएस कार्यालय के पास आरोपियों ने घेर लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

# किसी के भी इलाज में धन की बाधा नहीं आने देंगे

## उपचार कराने में भरपूर आर्थिक मदद दे रही सरकार : योगी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज में लगातार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। किसी के भी इलाज में धन की बाधा सामने नहीं आने दी जाएगी। मरीज व उनके परिजन कतई चिंता न करें। उनके साथ एक संवेदनशील सरकार खड़ी है। अधिकारी पूरी संवेदना और प्राथमिकता के आधार पर इलाज में मदद संबंधी आवेदनों को निस्तारित करें, इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट मिलते ही सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

इन्हीं शब्दों से लोगों में भरोसे की डोर मजबूत करते हुए तथा अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए योगी ने बृहस्पतिवार की सुबह गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनी, उसे महसूस

-शेष पेज 2




- कोई दबंग किसी की जमीन पर कब्जा कर रहा हो, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करें
- समस्या कोई भी हो, मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं

# पुलिस ने खेली होली, एक-दूसरे को लगाए गुलाल

**जासं, गोरखपुर** : होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद गुरुवार को थानों में जमकर होली खेली गई। पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर बधाई दी और होली का जश्न मनाया। वहीं, पुलिस लाइंस में अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के बीच शुक्रवार को होली मिलन का आयोजन होगा।

बुधवार को होली का त्योहार संपन्न होने के बाद गुरुवार को दोपहर बाद कैंट थाना, कोतवाली, तिवारीपुर, गोरखनाथ, राजघाट, शाहपुर, रामगढ़ताल, चिलुआताल, पिपराइच, पीपीगंज, कैंपियरगंज, चौरी चौरा, बड़हलगंज कोतवाली, खजनी, उरुवा, बेलघाट, गोला, हरपुर बुदहट, सहजनवां, गीडा और झगहा थाने के अंदर पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान थानों में होली के गीत भी बजे।



कैन्ट थाने में होली खेलते पुलिस कर्मी • जागरण

## फावड़े से मारने का प्रयास पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**डेरवा :** बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्यानपुर मठिया निवासी रितेश तिवारी ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर मारने-पीटने और उसके भाई द्वारा जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया। तहरीर में उसने लिखा है कि गांव का उपेन्द्र यादव गाली देते हुए मारपीट करने लगा। घर के लोगों के आने पर वह भाग गया। बाद में वह घर से फावड़ा लाकर जान से मारने का प्रयास किया। आरोपित के भाई मन्टू यादव ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में ले लिया है। (जासं)

## गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, तीन पर केस

**पादरी बाजार :** शाहपुर थानाक्षेत्र के बशारतपुर पूर्वी में घर के सामने गाड़ी खड़ा करने को लेकर गुरुवार की सुबह विवाद हो गया। पुलिस ने कृष्ण कुमार दास की तहरीर पर तीन के विरुद्ध मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में उसने लिखा है कि बुधवार की रात वह अपने व पड़ोसी के घर के बीच में गाड़ी खड़ी किए थे। गुरुवार की सुबह पड़ोस के राज, चिंटू व रिंटू गाली देने लगे। विरोध करने पर मारे। बचाव करने आए श्यामसुंदर दास व राधारमण की भी पिटाई कर दी।

# टीका लगने के बाद मासूम की मौत के प्रकरण में दर्ज किए बयान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बीआरडी मेडिकल कालेज के एक चिकित्सक द्वारा निजी अस्पताल में टीका लगाने के बाद एक नवजात की मौत के मामले में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने कुछ लोगों के बयान दर्ज किए। टीम अब मृत बच्चे के पिता से मिलकर उनका भी बयान दर्ज करेगी। इसके साथ ही करीमनगर, चरगांवा के उस ग्रीनलैंड हास्पिटल भी जाएगी, जहां यह घटना घटी। टीम वहां लगाई गई वैक्सीन की जांच भी करेगी।

इस अस्पताल में नियमित टीका लगाने के बाद तीन नवजात की तबीयत बिगड़ गई थी। इन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां एक मासूम की मौत हो गई थी। गुरुवार को सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे के निर्देश पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नंदलाल कुशवाहा गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग पहुंचे। वहां टीका लगने के बाद भर्ती हुए दो बच्चों के स्वजन का बयान दर्ज किया। मृत बच्चे के पिता से मिलने भी टीम जाएगी। इसके अलावा अस्पताल व वहां लगाए गए टीके की भी जांच की जाएगी।

**सप्ताह भर में देनी है जांच रिपोर्ट:** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नंदलाल कुशवाहा ने बताया कि उन्हें एक हफ्ते में रिपोर्ट सीएमओ को सौंपनी है। गुरुवार को ही इस मामले में सीएमओ का निर्देश पत्र प्राप्त हुआ है। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में घटना के हर आयाम की जांच होगी। जांच की शुरुआत बीआरडी मेडिकल कालेज से हुई है। मेडिकल कालेज में मासूम का उपचार करने वाले डाक्टर से बात हुई है। वहां भर्ती दो मासूमों के स्वजन का भी बयान लिया गया है। जल्द ही टीका लगने के बाद जान गंवाने वाले मासूम के स्वजन से मुलाकात की जाएगी। अस्पताल व मासूम को लगी वैक्सीन के बैच की भी जांच कराई जाएगी।


निजी नर्सिंग होम में टीका लगने के बाद दो नवजात की हालत गंभीर, एक की मृत्यु

10 मिनट बाद बनी

### यह है मामला

गगहा के सौरभ कुमार राय ने अपने सात दिन के बच्चे को रविवार को ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगवाया था। टीका लगने के 10 मिनट बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। आननफानन एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग में भेजा गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही दो और बच्चों को वहां टीका लगाया गया था, उनकी भी तबीयत खराब हो गई। इस मामले में सौरभ ने बीआरडी मेडिकल कालेज के चिकित्सक डा. सुधीर गुप्ता पर जानबूझकर गलत इंजेक्शन लगाकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया था। दैनिक जागरण ने इस मामले को प्रमुखता से मंगलवार के अंक में 'निजी नर्सिंग होम में टीका लगने के बाद दो नवजात की हालत गंभीर, एक की मृत्यु' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। सीएमओ ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच बैठा दी है।

# होली के विवाद में बवाल पत्थरबाजी में तीन घायल

पाली (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी में होली खेलने के दौरान हुए विवाद को लेकर बृहस्पतिवार रात बवाल हो गया। एक युवक की पिटाई के बाद दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए और जमकर ईंट पत्थर चलाएं। दोनों पक्ष की मारपीट में 3 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

उधर, घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस वालों के सामने भी ईंट पत्थर चलाए जाने की खबर है। बाद में थाने से भारी फोर्स के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। पुलिस दोनों से 4 लोगों को हिरासत में लेकर जांच कर रही। गांव में एहतियातन फोर्स तैनात कर दी गई है।

**सहजनवां इलाके में हुई घटना, पुलिस के पहुंचने पर भी चलाते रहें ईंट-पत्थर**

होली के दिन युवकों के गुट में विवाद हो गया था। बहस के बाद पहुंचे लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। लेकिन, बृहस्पतिवार रात इसी विवाद में शिवेंद्र नाम के युवक को कुछ लोगों ने घेर कर दिया। इस दौरान उसकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है इसके बाद ही दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए और मामला जाति संघर्ष में बदल गया।

थानेदार नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि हल्का पथराव हुआ और मौके पर फोर्स तैनात है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो

# होली के हुड़दंग में दागी गोली, आपसी विवाद में फोड़े सिरे

## सहजनवां, खोराबार, गोला और पिपराइच में हुईं घटनाएं, घायलों को भर्ती कराया गया, सभी मामलों में केस दर्ज

*गोरखपुर। होली के हुड़दंग में सड़कों पर पुलिस के पहरे का असर दिखा तो गांव और गलियों में बवाल हुआ। सहजनवां में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में बचाव में आए युवक को गोली मार दी गई। खोराबार में बंद रेस्त्रां से मीट न देने पर उत्पातियों ने हंगामा कर तोड़फोड़ की तो वहीं तीन गांव में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया। गोला और पिपराइच में होली के विवाद में युवक को चाकू मारा गया। पुलिस सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच में जुटी है। ब्यूरो*

## पुरानी रंजिश में बवाल युवक को गोली लगी

अमर उजाला ब्यूरो

पाली (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के रंदौली उर्फ मठिया के केशवाखोर टोले में शिव मंदिर के पास बुधवार को होली के दिन पुरानी रंजिश में बवाल हो गया। दोनों पक्ष से मारपीट के बीच ही किसी ने तमंचे से गोली दागी, जो एक युवक के कमर में लग गई। वहीं, दूसरे पक्ष के दो भाई और पिता को गंभीर चोट आई है।



घायल रणविजय

पुलिस ने दोनों की तहरीर पर हत्या की कोशिश, मारपीट, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गोली से घायल बौन्डरा गांव के रणविजय (21) को डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। रणविजय के पिता रामदरश ने तहरीर में लिखा है कि उनका बेटा सात मार्च की सुबह दिल्ली से आया था। ब्यूरो

### होली के बहाने छेड़खानी का आरोप, मारपीट भी की

भटहट। पिपराइच इलाके के एक गांव में बुधवार को होली का रंग लगाने के बहाने किशोरी से छेड़खानी करने और विरोध में मारपीट करने का मामला सामने आया है। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में किशोरी के चाचा ने लिखा है कि 8 मार्च की दोपहर में उसकी भतीजी घर के बाहर किसी काम से निकली थी। इसी बीच गांव का ही राज निषाद भतीजी के ऊपर जबरदस्ती रंग डालने लगा। ब्यूरो

### रंग लगाने के दौरान दी गाली, चाकू घोंपा

गोला। थाना क्षेत्र के बेवरी गांव में होली के दिन रंग लगाने के दौरान हुए विवाद में शैलेश को चाकू मार दिया गया। गले पर चोट लगने पर घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो



शैलेश

### डीजे बंद होने पर दंपती को पीटा, केस दर्ज

पिपराइच। इलाके के अगया गांव में बुधवार को डीजे बंद होने पर दंपती को पीटने का मामला सामेन आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही। अगया की सरिता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि होली पर युवक तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। दोपहर में बिजली गुल हो गई।जनरेटर की व्यवस्था न करने का आरोप लगाते हुए अगया निवासी अंकू, सन्नी, दिलावर, अभिषेक ने पति को पीट दिया। बेटी निधि के साथ वह बचाव करने पहुंचीं तो उन पर भी हमला किया गया। ब्यूरो

### महिला का सिर फोड़ा, युवक पर हमला

पाली/सहजनवां। सहजनवां इलाके में होली के दिन रंग लगाने के विवाद में महिला का सिर फोड़ने और बाइक से दरवाजे के सामने गुजरने पर युवक पर हमला का मामला सामने आया।

सहजनवां के कुसम्हा खुर्द में बुधवार को गुंजा देवी को जबरन कुछ लोग रंग लगाने आए थे। कई लोगों को देखकर गुंजा ने रंग खेलने से मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर आरोपियों ने गुंजा की पिटाई शुरू कर दी। सिर पर धारदार हथियार से हमला करने की वजह से वह घायल हो गई।

उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एक अन्य खबर के मुताबिक, भिटिया गांव में बुधवार रात वीरेंद्र (22) को मनबढ़ों ने पीटकर घायल कर दिया। ब्यूरो

### चार गांवों में विवाद, मारपीट में कई घायल

खोराबार। इलाके के चार गांवों में होली के दिन बवाल हो गया। कहीं पुरानी रंजिश तो कहीं रंग खेलने के विवाद में हुई घटना में लोग चोटिल हो गए। पुलिस अलग-अलग मामलों में केस दर्ज कर जांच में जुटी है। एक गांव में महिला ने प्रधान सहित आठ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज कराया। आरोप है कि होली के दिन करीब 3:20 बजे जब पति घर में नहीं थे, तब प्रधान जय सिंह, उनके भाई महेंद्र, गांव के धर्मेंद्र, रामवृक्ष, दिनेश, विवेक, विपिन व नीतीश घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी किए। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं, कुसम्ही में स्थित एक ढाबा में मारपीट का मामला सामने आया। ब्यूरो

### रंग गिराने पर मारपीट में सिर फटा

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के जंगल मातादीन में बुधवार को होली खेलने के दौरान ड्रम में रखे रंग गिरने से पड़ोसियों में मारपीट हो गई, जिसमें एक का सिर फट गया। पुलिस चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

सूरज ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ले में होली खेलने के दौरान अमन के घर रखे ड्रम में रंग गिरने से अमन भाई और दोस्तों के साथ मिलकर गाली देने लगा। मना करने पर धीरज का सिर फोड़ दिया। ब्यूरो

### घर के सामने गाड़ी खड़ी करने पर विवाद, केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के बशारतपुर में बुधवार को घर के सामने गाड़ी खड़ा करने को लेकर एडीओ से विवाद हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट व धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के बशारतपुर निवासी कृष्णमोहन दास विकास खण्ड उरुवा में एडीओ पद पर कार्यरत हैं। बुधवार रात पड़ोसी के घर के पास गाड़ी खड़ा कर दिया था। जिसे लेकर बुधवार को विवाद हो गया। शाहपुर थानाध्यक्ष मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रहा है। ब्यूरो

# एक के जाते ही दूसरी एंबुलेंस आ जाती थी

## कोई वाहन की चपेट में आकर पहुंचा अस्पताल तो किसी ने खुद ही खोया आपा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिला अस्पताल इमरजेंसी में तैयारी पहले से ही थी। मालूम भी था कि लाख समझाने पर भी लोग सुधरेंगे नहीं। हुआ भी यही। सुबह 8.40 बजे इमरजेंसी में होली का रंग दिखने लगा।

सहजनवां में चार लोग शराब के नशे में खुद ही दीवार में कार लेकर घुस गए थे और घायल होकर पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। एक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद तो देर रात तक एंबुलेंस के आने जाने का सिलसिला चलता रहा। आलम यह रहा कि एक के जाते ही दूसरी एंबुलेंस आकर खड़ी हो जाती थी।

होली के दिन पुलिस की चौकसी चारों तरफ रही। लेकिन, सड़क पर मारपीट को एक हद तक पुलिस रोकने में सफल भी दिखी। गली-मोहल्लों की हुड़दंगई ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन को परेशान कर दिया। जिले भर से कोई मारपीट में घायल होकर अस्पताल पहुंचा तो कई खुद ही इतने नशे में आ गए कि गिरकर घायल हो गए।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में 38 लोग ऐसे पहुंचे थे, जिसे किसी ने न मारा था और न ही कोई वाहन से टकराए थे।



जिला हॉस्पिटल की ओपीडी में इलाज के लिए लाइन लगी रही।

### फैक्ट फाइल

जिला अस्पताल में पहुंचे मरीजों की संख्या 136, अस्पताल में भर्ती किए गए मरीजों की संख्या 26, गंभीर हालत में मेडिकल रेफर किए गए 27, मारपीट कर मेडिको लीगल कराने पहुंचे 45, मामूली रूप से मलहम-पट्टी कराने आए 38, मारपीट कर घायल होकर अस्पताल पहुंचे 45, सड़क हादसे में घायल होकर पहुंचे 26, मामूली रूप से हादसे में चोटिल हुए 38, हादसे में सिर में चोट लगने से पहुंचे 27।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# होली के हुड़दंग में कई गांवों में मारपीट, दो दर्जन से अधिक घायल

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** होली के हुड़दंग में स्थानीय थाना क्षेत्र के कई गाँवो में मारपीट की घटनाएं हुई,जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक महिला पुरूष घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गौरीबाजार पर भर्ती कराया गया। वहां से गम्भीर रूप से घायल को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया गया। वहां से एक युवक को हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

क्षेत्र के लेड़हा गाँव निवासिनी सुशीला देवी ने दिए तहरीर में कहा है कि कुछ लोगो ने उनका पुआल जला दिया। उलाहना देने पर वे उनसे मारपीट किये जिसमें सुशीला (45 वर्ष) जय राम, बेचू शर्मा (32 वर्ष) पुत्र श्रीकृष्ण शर्मा, 35 वर्षीय भागीरथी पुत्र जयराम का सिर फट गया। वही राजू शर्मा (22 वर्ष) पुत्र झपटी उनको बचाने के प्रयास में गम्भीर रूप से घायल हो गया। पोहे गौरी बाजार कस्बा निवासी आकाश कुमार गुप्ता (25 वर्ष) पुत्र गोविंद गुप्ता चौराहे पर किसी मित्र के वहां होली की बधाई देने गया था। कुछ मनबढ़ो ने उसे घेरकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। वही मुकुंदपुर गांव में कुछ मनबढ़ किस्म के लोगो ने महिलाओं व बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें योगेंद्र प्रसाद,सरोज, हरेंद्र गोंड़ को चोट आई। वहीं बिरवा गाँव निवासी अशोक निषाद (30 वर्ष) पुत्र बेचू को कुछ मनबढों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसके अलावा महेंद्र (28 वर्ष) पुत्र सुरेंदर, सुरेंद्र (55 वर्ष) पुत्र गेनी, वीरेंद्र (25 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र, सिकंदर (20 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र निवासी भटौली खुर्द, ज्ञानेश्वर साहनी (30 वर्ष) निवासी कर्माजीपुर, ओमप्रकाश पुत्र सहदेव निवासी लेड़हा,रितेश (20 वर्ष) पुत्र आनन्द, चंद्रप्रकाश (35 वर्ष) पुत्र सुरेश निवासी मदेना,मीरा (32 वर्ष), बेचू शर्मा, प्रदीप गिरी पुत्र छेदी, विजय लक्ष्मी (30 वर्ष), रोशनी, सोनू सहित अन्य लोग मारपीट में घायल हो गए। सभी घायलों का गौरीबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य पर इलाज हुआ।

रा० सहारा दि० 10/03/22

# डीएम व एसपी ने होली का लिया जायजा

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** आपसी भाईचारे व रंगों का पर्व होली, जो एकता व समरसता का त्योहार है। होलिका दहन से लेकर होली के दिन रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में छिटपुट कहासुनी व मारपीट के बाद होली शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गयी। जहां बुधवार को जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व सीडीओ रविन्द्र कुमार ने नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिसमें रुद्रपुर बस स्टेशन, मेन मार्केट, मदनपुर मार्केट एवं रुद्रपुर सा. स्वा. केन्द्र का निरीक्षण कर इमरजेन्सी सेवाओं का जायजा लिया। होली त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये एहतियात के तौर पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स व पीएसी जगह-जगह लगायी गयी थी। एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार बाजपेयी पुलिस बल एवं पीएसी के जवानों के साथ भ्रमणशील रहे। वहीं कुछ शरारती तत्व होली के एक दिन पूर्व व होली के दिन मारपीट कर लिये थे। जहां पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए निगरानी रखी थी। तथा कुछ लोगों को पकड़ कर हिरासत में ली थी।



होली के दिन शहर में आरएसएस द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा।

## पुलिसकर्मियों ने खेली जमकर होली

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली में गुरुवार को पुलिस के जवान डीजे पर नाचते गाते हुए जमकर होली खेली तथा आपस में एक दूसरे को गले लगाकार होली का बधाई दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान पुलिकर्मियों ने कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी को गुलाल लगाया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अजय तिवारी, नीरज सिंह, केशवराम मौर्या, अंजनी यादव, अभय सिंह, उमेश चौहान, गोकुलेश उपाध्याय, संदीप गहलोत, प्रमोद कुमार, पंकज गौड़, रामानन्द, रामप्रवेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## आरएसएस ने निकाली शोभायात्रा

**देवरिया।** बुधवार को होली के दिन होलिकोत्सव समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ द्वारा परम्परागत ढंग से शहर में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शहरवासी होली की मस्ती में सराबोर रहे। साथ ही होली गीत के धुन पर थिरकते रहे। बुधवार को शहर के महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टर कालेज से होलिकोत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभा यात्रा निकाली गयी जो गरूलपार, विजय टाकीज, अमरज्योति चौराहा, नई बाजार, तिलक रोड, अंसारी रोड, मालवीय रोड, बजाजी रोड, रौनियारी गली, तहसील चौक, कोआपरेटिव चौराहा होते हुए टाउनहाल पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के कई स्थानों पर नगरवासियों ने रंग अबीर गुलाल लगाकर व पकवान के साथ स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल बच्चे, युवा व बुजुर्ग डीजे पर बज रहे होली गीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा में सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी,नगर प्रचारक अंचल अमित मोदनवाल, मकसूदन मिश्रा, अवनीश बरनवाल, राजेश शुक्ला, गोपाल मद्धेशिया, नमो नारायण,माखन विश्वकर्मा, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, दीपक सिंह, विष्णु गोयल, अमित वर्मा, अजय वर्मा, आनन्द किशोर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा,विनय गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# भाजपा नेता को धमकी देने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

- पूर्णिया जेल में बंद बदमाश ने दी थी फोन पर धमकी
- कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद का रहने वाला है पीड़ित

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद शातिर बदमाश सतीश सिंह ने एक भाजपा नेता को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सलेमपुर पुलिस ने तीन लोगों को बुधवार को सलेमपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।

सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र ग्राम औरंगाबाद के हड़हवा टोला के रहने वाले गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैं। गोरख प्रसाद के मकान के बगल में उनकी खाली भूमि है। उसके बगल में प्रदीप गुप्ता की भी जमीन है। उनसे इनका विवाद चलता है। 28 फरवरी की रात में मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि मैं जेल में बंद सतीश सिंह बोल रहा हूं। प्रदीप गुप्ता की ज़मीन इस समय में मेरी कस्टडी में है। उसे खाली कर दो, वरना दो माह बाद जेल से छूटते ही क्या अंजाम होगा समझ लेना। जेल से निकलते ही तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूंगा। इस मामलें में पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर सतीश सिंह, प्रदीप गुप्ता पुत्र प्रेमशंकरगुप्ता निवासी कस्बा सलेमपुर,तेज प्रताप पुत्र गुलाम निवासी हरैया वार्ड नम्बर आठ और पांच अज्ञात के विरुद्ध धारा 120बी, 506 और 507 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि सतीश सिंह वर्तमान में बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद है। जिस मोबाइल से फोन आया था वह अब स्वीच ऑफ बता रहा है। धमकी वाले फोन से उसी दिन सलेमपुर में दूसरे नम्बरों से बात हुई थी। पुलिस की सर्विलांस टीम की जांच में तीन नाम प्रकाश में आया। सलेमपुर पुलिस ने बुधवार को रेलवे स्टेशन से धमकी देने के मखमले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें सूरज कन्नौजिया पुत्र नागेश्वर ईचौना पूर्वी वार्ड, झुंनी पाण्डेय उर्फ आयुष पुत्र स्व ओमप्रकाश पाण्डेय निवासी ईचौना पच्छिमी और संदीप यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी परान छपरा थाना, सलेमपुर कोतवाली बताया। पुलिस ने मेडिकल कराकर जेल भेज दिया। वहीं 5 मार्च को प्रदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि0-10/03/23

# होली के गीतों पर थिरके पुलिसकर्मी, खूब उड़ाए अबीर-गुलाल



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में गुरुवार को होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर लगाते डीएम व एसपी।

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस विभाग ने गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस लाइन से लेकर थानो तक में होली का आयोजन हुआ। पुलिस लाइन में होली के गानों पर पुलिसकर्मी थिरकते रहे। इस दौरान यहां डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा मौजूद रहे। अग्निशमन कार्यालय पर भी होली का आयोजन हुआ।

पूरे जिले में 8 मार्च को होली का पर्व धूम धाम से मनाया गया था। पुलिस कर्मी इस दिन ड्यूटी पर मुस्तैद थे। जिससे पूरे जिले में शांति पूर्वक त्योहार समाप्त हो गया। गुरुवार को पुलिसवालों ने थानों में होली खेली। एसपी संकल्प शर्मा की ओर से गुरुवार को होली खेलने का कार्यक्रम तय किया था। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में डीएम जेपी सिंह, एसपी संकल्प शर्मा एएसपी राजेश सोनकर सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सलेमपुर देवआनन्द, भाटपाररानी विनय कुमार यादव, बरहज के सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, लाइन सीओ जिलाजीत, रुद्रपुर के सीओ पंचम लाल की मौजूदगी में फूलों की होली खेली गई। इस दौरान मौजूद कई पत्रकारों और पुलिसकर्मियों ने होली गीत और गजल सुनाया।

- पुलिस लाइन व थानों में पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को खेली होली
- पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में डीएम व एसपी भी रहे मौजूद

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि खुशी के इस त्योहार में एक साथ जश्न मनाना अच्छा लगा। एएसपी राजेश सोनकर ने सभी का आभार प्रकट किया। उधर फायर ब्रिगेड कार्यालय में पुलिस कर्मियों ने ढोल-नगाड़े के साथ होली खेली। वहां भी होली के गानों पर फायरकर्मी थिरकते रहे। वहीं जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मी और दरोगा ने एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली का जश्न मनाया।

हिन्दुस्तान दि0-10/03/23

# छोटी गंडक में डूब रहे युवक को बचाया

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। होली खेलकर छोटी गंडक नदी में नहाते वक्त एक युवक डूबने लगा। यह देख नहा रहे दूसरे युवक ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी स्थिति गंभीर हो चुकी थी। उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

नगर के हरैया वार्ड निवासी रितेश विश्वकर्मा (19) पुत्र विपिन विश्वकर्मा होली खेलने के बाद छोटी गंडक नदी में नदावर घाट पर नहाने गए थे। उसी दौरान वे गहरे पानी में डूबने गए। यह देख नगर के भरौली वार्ड के रहने वाले ओमप्रकाश पुत्र रमेश बड़ी मशक्कत के बाद डूब रहे रितेश को बाहर निकाला। परिजन डूबे युवक को इलाज के लिए सीएचसी लाएं, जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हिन्दुस्तान दि0-10/03/23

# हुड़दंग में कई स्थानों पर हुई मारपीट, दर्जनों घायल

- मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल
- घटनाओं की सूचना पर दौड़ती रही पुलिस

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। होली के हुड़दंग में जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई माररपीट की कई स्थानों पर हुई घटना में दर्जनों लोग घायल हो गए। परिजन और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होली में दिन भर पुलिस की गाड़ी सायरन बजाती हुई दौड़ लगाती रही। लेकिन घटनाओं पर रोक लगाने में नाकाम रही।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला मोहल्ला के रहने वाले मनीष राजभर(30) पुत्र शंकर राजभर पानी के प्लांट पर गया था, जहां हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के धनौती खुर्द गांव के रहने वाले शैलेष मिश्र (44) पुत्र रमेश चन्द्र मिश्र को बुधवार को नहर के रास्ते घर जा रहे थे। हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं बरियारपुर थाना क्षेत्र के मनिकपुर के सुमित्रा मिश्रा(32), राधेश्याम (45), बनकटा थाना क्षेत्र के रविन्द्र प्रसाद (45), दीलिप गोड़(42), सलेमपुर की बंजरिया की नीतू(25), गौरीबाजार के बिरवा के अशोक निषाद (20), भाटपाररानी के भरौली गांव के रहने वाले रानू यादव(17), खुखुन्दू के बहादुरपुर के सुरेश यादव (40), बरियारपुर के बैकुंठपुर की किशमती देवी(32), सुनैना(40), पूजा (18), सदर कोतवाली के खोराराम के रहने वाले राजू (35), काजू (32) पुत्रगण ब्रिजबली, कलावती (50)पत्नी ब्रिजबली को मारपीट कर घायल कर दिया।

वहीं बरियापुर के सोहनीपुर गांव के राम जनक (39) पुत्र स्वर्गीय गुलाब,अजय गोड़ (35) पुत्र गुलाब गोड़, खुखुन्दू थाना क्षेत्र के परसिया मिश्र के रहने वाले किशन कुमार (17)पुत्र विजय बहादुर राव का मेडिकल कराया गया। इसके साथ ही जिले में अकित सिंह(19), राजू (32), शाहिल (19 ), मिथिलेश (17), रामू (40 ), नन्दू कुशवाहा ( 17 ), कुलदीप सिंह (18 ), देवानंद ( 21 ) , दीपक ( 18 ), मनीष ( 24 ), रूची ( 5 ), वैशाली (5), शैलेन्द्र गौतम (32), आकाश (26), आदित्य (8) ,अन्दू ( 22 ), विकाश (30), लाल बहादर (70), सिन्दू ( 11 ) ,दीपक (22) , बाल्मीकि ( 22 ), अलफाज ( 16 ), अंशू (11), रेन्द्र (50), अमित (29), नेबू लाल (70 ), दीपक (36) कपिल देव (60) अमरावत्त (22), अनुभव (20 ), शिवास (12), उदय प्रताप (40, संदीप (35 ) घायल होने इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

# चिता पर मुंह से निकला झाग, ले गए अस्पताल

**रामलक्षन, हिन्दुस्तान संवाद।** चिता को मुखाग्नि देने से पहले किशोर के मुंह से झाग निकलने लगा। जिस पर चिता से परिजन शव को लेकर अस्पताल की ओर भाग गए। बेटे के जिन्दा होने की आस में परिजन शव को लेकर दिन भर भटकते रहे। इकलौते बेटे के जीवन के लिए महिलाएं शिव मन्दिर में जाकर गुहार लगाने लगीं।

क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के मन्दिर टोला के रहने वाले राजू निषाद के पांच सन्तानों में इकलौता बेटा राज निषाद था। 17 वर्षीय राज कक्षा नौंवी का छात्र था। राज के पिता राजू निषाद घर की माली हालत ठीक करने के लिए दो माह पूर्व दुबई गए हैं। बुधवार को दोपहर में राज होली खेलने के घर से निकला था। जहां से करीब छह बजे वह घर लौटा था। रात में अपनी मां संध्या देवी से खाना मांग कर खाया। जिसके बाद बरामदे में सोने चला गय सुबह होने पर संध्या उसे जगाने लगी। लेकिन राज कुछ नहीं बोल रहा था, संध्या ने देखा तो उसके हाथ और पैर में अकड़न आ चुकी थी। जिसे देख घर में रोना पीटना शुरू हो गया। परिजन गौरीबाजार सीएचसी गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, लेकिन घर वालों को डाक्टर के बात पर विश्वास नहीं हुआ और उसे लेकर देवरिया चल गए। जहां दो प्राइवेट अस्पताल में दिखाए, वहां चिकित्सों ने जिला अस्पताल ले जाने के लिए सलाह दिया। गुरुवार की सुबह करीब दस बजे रुद्रपुर नगर के बैकुण्ठ धाम स्थित श्मशान घाट पर लेकर पहुंचे। चिता सज गई और शव को उस पर रख दिया गया। कफन हटाकर चेहरा दिखाया गया तो मुंह से झाग निकल रहा था। रुद्रपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर के लिए चल दिए। गोरखपुर में उसका एमआरआई हुआ। जिसके बाद परिजन शाम को शव को लेकर पुनः बैकुण्ठ धाम श्मशान घाट पर पहुंचे। जहां उसका अन्तिम संस्कार किया गया।



राज निषाद (फाइल फोटो)

- **17 वर्षीय किशोर की मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए ले गए थे परिजन**
- **दोबारा अस्पताल ले जाने पर भी डॉक्टरों ने मृत बताया उसके बाद हुई अंत्येष्टि**

# शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

भाटपाररानी। थाना के अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने शराब के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में चालान कर दिया है। पुलिस ने एक स्कॉर्पियो भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को उपनिरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम पुलिस के साथ अमरीचक से मंझरिया होते बनकटा अमेठिया की ओर जा रहे थे। काली मंदिर मोड़ के निकट सामने से आ रहा स्कार्पियो चालक पुलिस को देख का गाड़ी को मुड़ा कर भागने लगा। रास्ता संकरा होने के कारण गाड़ी नहीं मुड़ सकी जिससे वह गाड़ी को वहीं छोड़ कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो के अंदर से 39 पेटी 8 पीएम शराब बरामद हुई। बेलपार ढाला के निकट से पुलिस ने एक व्यक्ति को 24 शीशी बंटी बबली एवं रतसिया मोड़ से 22 शीशी बंटी बबली के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

# विवाद की सूचना पर एक दर्जन को उठा ले गई पुलिस

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। होली पर क्षेत्र के कई जगहों पर जमकर हुड़दंग हुई। आधा दर्जन जगहों पर मारपीट हो गई। इसमें करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। तुरपट्टी में डीजे पर गाने बजने को लेकर पथराव हुआ। हालांकि पुलिस की सक्रियता से इस पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। मामले में पुलिस एक दर्जन लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुरपट्टी में होली के अवसर पर डीजे लगा हुआ था। कुछ युवक भोजपुरी गाने पर डांस कर रहे थे। इसी बीच किसी गाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते युवकों में मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी देर बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी होने लगी। इसमें शंभू उनकी पत्नी निकी व आकाश समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर थानेदार मृत्युंजय राय ने फोर्स को गांव में भेजा। पुलिस एक दर्जन लोगों को उठाकर थाने ले गई। तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा में पैसे के विवाद को दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें विजय मद्धेशिया, उमेश, अंजू, अनीता, कुमकुम व रागनि मद्धेशिया घायल हो गए।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

भलुअनी थाना क्षेत्र के गड़ेर गांव में होली के दिन हुई वारदात

# मनबढ़ों ने सिपाही का सिर फोड़ा, 40 पर मुकदमा

- हमले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को खदेड़ा
- छह लोगों को पकड़कर पुलिस ने भेज दिया जेल

भलुअनी (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। होली के हुड़दंग में मनबढ़ों ने बुधवार को पुलिस पर हमला कर दिया। जिससे एक पुलिसकर्मी का सिर फूट गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हमला करने वाले लोगों को खदेड़ा। हल्का दरोगा नितिन शाहू की तहरीर पर भलुअनी पुलिस ने 10 नामजद समेत 40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

भलुअनी थाना क्षेत्र के गड़ेर गांव में बुधवार की सुबह दो पक्ष शराब पीने को लेकर विवाद करने लगे। इसकी सूचना किसी ने भलुअनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की तो वे आक्रोशित हो गए और चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना पर दरोगा नितिन साहू पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मी जाम कर रहे लोगों को हटाने लगे। जाम में एक महिला बैठी हुई थी जिसे पुरुष पुलिस कर्मी हाथ पकड़ कर उठा रहे थे। इसका वहां पर मौजूद एक युवक वीडियो बना रहा था

> विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। गांव के लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट किया। मामले में 10 नामजद और 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। शेष की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।
> **अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर, बरहज।**

जिसे पुलिस कर्मियों ने देख लिया। एक पुलिस कर्मी ने युवक का मोबाइल छीन लिया और महिला को जबरदस्ती उठाने लगे। इसी बीच जमा लगाए युवकों ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिससे एक पुलिस कर्मी का सिर फट गया। उपद्रव की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस ने उपद्रवियों पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। इसके बाद घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले गए।

भलुअनी पुलिस ने दरोगा नितिन साहू, कांस्टेबल सुनील यादव, विजेन्द्र सिंह, संतोष यादव, अवनीश पाण्डेय, अमित, चन्द्रशेखर, विजेन्द्र यादव का मेडिकल भलुअनी स्वास्थ्य केन्द्र में कराया। मामले में दरोगा नितिन साहू की तहरीर पर भलअुनी पुलिस ने पिंटू पुत्र बाबू लाल, राजेश, राणाप्रताप, ओम प्रकाश पुत्रगण पुनी लाल, मुकेश पुत्र बेचू, रोशन, रोहन, राहुल, रोहित पुत्रगण राणा प्रताप, विकास पुत्र भरत और 30 अज्ञात निवासीगण गड़ेर थाना भलुअनी के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 332, 333, 341, 353, 307 आईपीसी और 3 व 7 क्रिमनल ला एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। घटना के बाद पुलिस ने रात में गांव में छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार लोगों में पिंटू, राजेश, राणा प्रताप, ओमप्रकाश, मुकेश और विकास निवासी गड़ेर थाना भलुअनी शामिल है। सभी का मेडिकल कराकर पुलिस ने चालान कर दिया।

घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट ...

दैनिक जागरण - दि० -10-3-23

# होली में हुड़दंगई करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमपुर : होली के दिन बुधवार को हुड़दंगई करने वाले तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने स्टेशन रोड के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की। उपनगर के राजपूत कटरा के एक मकान में होली खेलने के दौरान कुछ युवकों ने बवाल शुरू कर दिया। इसकी सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मईल थाना के डेहरी गांव निवासी मिथिलेश व नगर के राजपूत कटरा निवासी अजीत सिंह व संदीप कन्नौजिया को गिरफ्तार कर लिया। तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद चालान कर दिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि होली के दौरान हुड़दंगई के कारण तीनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## रंग खेलने को लेकर कई जगह मारपीट, छह घायल

सलेमपुर : कोतवाली थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रंग खेलने को लेकर बुधवार को मारपीट हो गई। जिसमें दो महिलाएं समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के कोड़रा दीर्घह गांव में होली खेलने के दौरान दो पक्ष में मारपीट हो गई, जिसमें विजय व उनकी पत्नी मंजू घायल हो गई। दूसरे पक्ष के मार्कसी देवी घायल हो गई। इसी तरह भीमपुर गांव में रंग खेलने को लेकर हुई मारपीट में अभिषेक घायल हो गए। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के ही नगर पंचायत के पिपरा नाजिर वार्ड में राहुल चौहान व अहिरौली गोपालपुर गांव निवासी टिंकू कुमार घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## महिला ने लगाया अभद्रता का आरोप

करौंदी बाजार : होली के दिन गांव के कुछ लोगों ने एक महिला के साथ अभद्रता कर दी। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

दैनिक जागरण दि- 10-03-23

# होली के दिन बुजुर्ग महिला को पीटकर मार डाला

## शराब पीकर रंग डालने पर बुजुर्ग महिला ने आरोपितों को टोका था, पांच आरोपितों को भेजा गया जेल

- 11 के विरुद्ध दर्ज हुआ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा
- विवाद के दौरान ईंट-पत्थर भी चले चार लोगों को चोटें भी आईं

**जासं, देवरिया:** होली के दिन बुधवार की सुबह शराब पीकर रंग डालने का विरोध करने पर मनबढ़ों ने डंडे से पीटकर बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। इस दौरान चले ईंट पत्थर में बुजुर्ग महिला के पति समेत चार लोग घायल हो गए, जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चला। पति की तहरीर पर पुलिस ने 11 व्यक्तियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली के रघवापुर गांव की 65 वर्षीया बासमती देवी पत्नी नेबूलाल के दरवाजे पर सुबह करीब 10 बजे गांव के कुछ युवक शराब पीकर होली खेल रहे थे। बासमती देवी ने उन्हें टोका तो युवकों को नागवार लगा। आरोपित घर से लाठी-डंडा, ईंट पत्थर लेकर बासमती देवी के दरवाजे पर पहुंचे। घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें बासमती देवी व उनके पति नेबूलाल के अलावा राजेंद्र व पप्पू घायल हो गए। घायलों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां गंभीर चोट होने के कारण बासमती देवी ने दम तोड़ दिया। बाकी घायलों का इलाज कराने के बाद घर भेज दिया गया।

घटना की सूचना पर एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पति नेबूलाल की तहरीर पर पुलिस ने 11 व्यक्तियों के विरुद्ध गैर इरादतन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें मुकेश पुत्र महातम, महातम पुत्र कैलाश, जुगनू पुत्र श्रीप्रसाद, झगरू पुत्र नागेश्वर, चंद्रदेव पुत्र नागेश्वर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पांच आरोपितों को गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया, जबकि शेष छह नामजद आरोपित अंगेश पुत्र महातम, संदीप पुत्र नंदकिशोर, राजन पुत्र श्रीप्रसाद, गौतम पुत्र रामअशीष उर्फ कोईल, राम अशीष की पत्नी, रवि पुत्र ज्ञान की तलाश की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • सौ. स्वजन

> बुजुर्ग महिला की पीटकर हत्या करने के मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। शेष आरोपितों की तलाश की जा रही है।
> डा.राजेश सोनकर, एएसपी

### रंग लगाने को लेकर महिला की पिटाई

**खुखुंदू:** युवतियों से रंग लगवाने से नाराज देवर ने महिला की पिटाई कर दी। घायल महिला का उपचार पीएचसी पर कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। दुलहु गांव की रहने वाली सविता देवी ने आरोप लगाया कि बुधवार को होली के दिन बगल की कुछ लड़कियां रंग डाल दी। नाराज देवर व स्वजन ने अपशब्द बोलते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दिया। पति बाहर रहते हैं। पिटाई के चलते महिला चोटिल हो गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सूचना मिली है, मामले की जांच की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि- 10-03-23

# अफसरों के साथ पुलिसकर्मियों ने खेली होली, की हंसी-ठिठोली



पुलिस लाइन में एक दूसरे को गुलाल लगाने के बाद खड़े डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (दाएं) व अन्य • जागरण



पुलिस लाइन में होली खेलते पुलिसकर्मी • जागरण

- फाग गीतों पर झूमे पुलिसकर्मी, लिया आनंद
- डीएम, एसपी समेत तमाम अधिकारी रहे मौजूद

**जासं, देवरिया:** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने हंसी-ठिठोली व उल्लास के वातावरण में होली मनाई। फाग गीतों पर खूब झूमे। अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। अफसर भी होली के रंग में सराबोर दिखे। जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो जाने पर अफसरों ने पुलिसकर्मियों को शाबाशी भी दी।

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आप सभी के सहयोग से होली का त्योहार अच्छे ढंग से मनाया गया। आप सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया।

डीएम ने मजाकिया अंदाज में होली से जुड़े कई प्रसंग सुनाए। जिसे सुनकर लोग ठहाका लगाने को मजबूर हो गए। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि आप सभी घर परिवार से भले ही दूर हैं, लेकिन पुलिस का बड़ा परिवार है। आप सभी ने मेरे निर्देशों का पालन करते हुए होली की ड्यूटी का निर्वहन बेहतर ढंग से किया। एएसपी राजेश सोनकर ने कहा कि अनुशासन में रहकर आप सभी होली का त्योहार मनाएं। समारोह की शुरुआत में सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने अफसरों का स्वागत किया। एसडीएम सौरभ सिंह, एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार, एसडीएम भाटपाररानी संजीव उपाध्याय, सीओ सलेमपुर देव आनंद, सीओ भाटपाररानी विनय यादव, सीओ पंचमलाल, सीओ जिलाजीत आदि मौजूद रहे।

### प्रधान को नाबदान के गंदे पानी से नहलाया, पहुंची पुलिस

**लार:** रवसा गांव में मंगलवार की रात होलिका दहन के दौरान प्रधान को नाबदान के पानी से नहलाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर गांव में तत्काल पुलिस पहुंच गई। प्रधान गुलाब चंद्र का आरोप है कि होली के एक दिन पूर्व जब होलिका दहन की तैयारी हो रही थी तो गांव के कुछ लोगों ने उन्हें नाबदान के गंदे पानी से नहला दिया। पुलिस ने उत्पात मचा रहे युवकों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

दैनिक जागरण - दि० 10-3-23

# भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देने के मामले में तीन और गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर: एक सप्ताह पूर्व जेल में बंद अपराधी की तरफ से भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देने के मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीन दिन पूर्व एक आरोपित प्रदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया जेल में निरुद्ध अपराधी सतीश सिंह के नाम से फोन आया। उसने गोरख प्रसाद को फोन कर भूमि खाली करने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपराधी सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। तीन मार्च की भोर में कस्बा सलेमपुर गांव के रहने वाले प्रदीप गुप्ता को कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी बीच सर्विलांस पर लगे मोबाइल नंबरों की जांच में अन्य कई आरोपितों के शामिल होने की बात सामने आई। पुलिस ने होली के दिन बुधवार को परान छपरा गांव निवासी सूरज कन्नौजिया व इचौना पश्चिमी वार्ड निवासी जूनी पांडेय को नदावर पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। परान छपरा गांव निवासी संदीप यादव को रेलवे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह अपराधी सतीश सिंह के कहने पर कई दिनों से भाजपा बूथ गोरख प्रसाद को भूमि खाली करने के लिए कह रहे थे, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे। बदमाशों ने हत्या के लिए कई दिनों तक रेकी की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों ने अपने अपराध को स्वीकार किया है, जिसके आधार पर तीनों को जेल भेज दिया गया।

## मनबढ़ों ने पुलिस पिकेट के समीप गुमटी जलाया

रुद्रपुर: उपनगर के खजुहा चौराहा पर बसस्टेशन रोड पर पुलिस की पिकेट के समीप बुधवार की सुबह आठ बजे एक पान की गुमटी को मनबढ़ों ने जला दिया। घटना में हजारों की क्षति होने का अनुमान है। मामले में खजुहा गांव के रहने वाले झिंगरू तिवारी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

# छोटी गंडक में डूब रहे युवक को बचाया

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। होली खेलकर छोटी गंडक नदी में नहाते वक्त एक युवक डूबने लगा। यह देख नहा रहे दूसरे युवक ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी स्थिति गंभीर हो चुकी थी। उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

नगर के हरैया वार्ड निवासी रितेश विश्वकर्मा (19) पुत्र विपिन विश्वकर्मा होली खेलने के बाद छोटी गंडक नदी में नदावर घाट पर नहाने गए थे। उसी दौरान वे गहरे पानी में डूबने गए। यह देख नगर के भरौली वार्ड के रहने वाले ओमप्रकाश पुत्र रमेश बड़ी मशक्कत के बाद डूब रहे रितेश को बाहर निकाला। परिजन डूबे युवक को इलाज के लिए सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

---

स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

दैनिक जागरण दि० 10-03-23

# गड़ेर में पुलिस टीम पर हमला सिपाही का सिर फटा, मुकदमा

## रंग खेलने के दौरान दो पक्षों में हुआ था विवाद, एक पक्ष ने जाम किया सड़क

जासं, गड़ेर, देवरिया: होली के दिन बुधवार को रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद लोगों ने बरहज-सोनूघाट मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम हटाने पहुंची पुलिस टीम पर एक पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया, जिससे एक सिपाही का सिर फट गया, वहीं दारोगा को हल्की चोट आई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया व जाम हटाया। इस मामले में 10 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

गांव के दो पक्षों में दोपहर को रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस बीच पिंटू पटेल पक्ष के लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची व लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराने लगी। भलुअनी थाने के सिपाही बिजेंद्र यादव के सिर पर एक युवक ने बांस से हमला बोल दिया।

जिससे सिपाही का सिर फट गया व वह गिर गए। दारोगा नितिन साहू समेत अन्य पुलिस कर्मियों को हल्की चोट आ गई। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते



महिला से घटना की जानकारी लेती पुलिस ● जागरण

**10 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई**

हुए लोगों को खदेड़ा। घायल दारोगा नितिन साहू की तहरीर पर पिंटू पटेल, राजेश पटेल, राणा प्रताप पटेल, ओमप्रकाश पटेल, विकास पटेल, मुकेश पटेल, रोशन, रोहित, राहुल व रोहन व 25 अज्ञात के विरुद्ध बलवा, सरकारी कार्य में व्यवधान, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने पिंटू, राजेश, राणा प्रताप, ओमप्रकाश, विकास व मुकेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि पुलिस पर हमला करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

### कार की चपेट में आया युवक गंभीर

देसही देवरिया: पैदल जा रहे युवक को कार ने बुधवार की शाम चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है। महुआडीह थाना क्षेत्र के जिगनी गांव निवासी विशाल कन्नौजिया पुत्र रामप्रवेश कन्नौजिया जिगनी चौराहे पर किसी कार्य से गए हुए थे। पैदल ही घर वापस जा रहे थे। जिगनी मोड़ के पास बाइक सवार को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई व चपेट में ले लिया। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

अमर उजाला दि० 10/03/23

# होली के रंग में पड़ गया भंग

## रघवापुर में शराब पीने से मना करने पर महिला की हत्या का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सदर कोतवाली के रघवापुर गांव में होली के दिन महिला की हत्या के बाद पूरे गांव में रंग में भंग पड़ गया। हर पल पुलिस के सायरन की आवाज सुनाई पड़ रही थी।

देर शाम जब घर शव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। नेबूलाल के घर के लोगों को क्या पता था कि होली की मौज-मस्ती पल भर में ही शोक में बदल जाएगी।

रघवापुर गांव निवासी नेबूलाल के दरवाजे पर बुधवार को गांव के ही कुछ लोग शराब पी रहे थे। इसी दौरान वासमती देवी (58) और परिजनों ने दरवाजे पर शराब पीने से मना किया।

आरोप है कि इससे बौखलाए कुछ लोगों ने गोलबंद होकर लाठी-डंडे से लैस होकर परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर पिटाई की। हमले में वासमती (58), पति नूबेलाल (60), सावित्री (35), जितेंद्र (50) घायल हो गए। लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने वासमती को मृत घोषित कर दिया।



महिला की हत्या में पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार। संवाद

## नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने के विवाद में मारपीट, मची अफरा-तफरी

बरियारपुर। क्षेत्र के नौतन गांव स्थित नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने को लेकर बृहस्पतिवार देर शाम विवाद हो गया है। जिसको लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। बीच -बचाव करने गए चार डॉक्टर सहित छह लोग घायल हो गए। इसके चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इधर-उधर भाग कर जान बचाई। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। वहीं जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक भी पहुंचे और घायलों का हाल जाना। बरियारपुर के नौतन गांव स्थित एक कॉलेज में गुजरात से पहुंची एक संस्था द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करीब दो महीनों से किया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से सफल ऑपरेशन को देख लोगों भी भीड़ जुट रही है। इधर 15 मार्च तक ही शिविर चलने की सूचना पर लोगों में जल्द लाभ लेने की होड़ मची हुई है।

## सीसी कैमरा तोड़ सरिया चुराने का आरोपी गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। क्षेत्र के गोरया घाट चौराहा स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से सरिया चुराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर की पहचान की गई। हरपुर कला गांव निवासी नजीर अंसारी की गोरयाघाट चौराहे पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। बीते सोमवार की रात चोर दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी का तीन कैमरे तोड़ दिए। संवाद

अमर उजाला दि० 11/03/23

# भाजपा नेता की रेकी करने वाले तीन बदमाशों को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को जेल में बंद बदमाश की शह पर रेकी करने वाले तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस काल डिटेल के आधार पर अन्य कई लोगों की तलाश में जुटी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। आरोप था कि 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे जेल में बंद सतीश सिंह ने फोन कर गोरख प्रसाद को जमीन खाली करने की धमकी दी थी। ऐसा नहीं करने पर उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की बात कही थी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी।

कोतवाली पुलिस ने जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

तीन मार्च की भोर में कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता को कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

इसके बाद आठ मार्च की सुबह 7:10 बजे परान छपरा गांव निवासी सूरज कनौजिया व इचौना पश्चिमी वार्ड निवासी जून्नी पांडेय को नदावर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ ही देर बाद 7:50 बजे परान छपरा गांव निवासी संदीप यादव को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई।

पुलिस ने तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों ने अपराध को स्वीकार किया है।

## जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह ने जमीन खाली करने की दी थी धमकी

### प्रदीप गुप्ता ने आधा दर्जन से अधिक जगहों पर विवादित जमीन खरीदी

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने के मामले में आरोपी प्रदीप गुप्ता ने क्षेत्र में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक जगहों पर विवादित जमीन खरीदी है। जिस जमीन को खाली करने के लिए जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष को धमकी दी, वह जमीन महाजन शैक्षणिक सेवा संस्थान कस्बा सलेमपुर के नाम से अंकित है। इसका प्रबंधक प्रदीप गुप्ता है। मौके पर स्कूल और जमीन दोनों का पता नहीं है। इसकी पैमाइश नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह की देखरेख में की जा चुकी है। इसी तरह नगर के भठवा धर्मपुर वार्ड, बेलपार, पिपरा नाजिर समेत कई जगहों पर विवादित जमीन इसने खरीदी है। खंड शिक्षा अधिकारी व्यास देव प्रसाद ने बताया कि महाजन शिक्षण सेवा संस्थान के नाम से सलेमपुर में कोई स्कूल नहीं है। अगर फ्रॉड कर कागज में दिखाया गया है तो इसकी जांच कराकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। संवाद

अमर उजाला दि० 11/03/23

# सागौन के 11 पेड़ काट ले गए चोर

रुद्रपुर। जाफराबाद गांव में मंगलवार की रात चोर सागौन के 11 पेड़ काट ले गए। किसान ने कोतवाली में तहरीर दी है। महेशपुर गांव के गोपाल मणि ने जाफरबाद गांव स्थित अपने खेत में सागौन के पेड़ लगा रखे हैं। रात में 11 पेड़ चोर काट ले गए। किसान को जानकारी सुबह हुई। संवाद

# मामूली विवाद में दो पक्ष हुए आमने-सामने

गड़ेर। स्थानीय चौराहे पर होली त्योहार के दिन अपराह्न करीब तीन बजे मामूली बात को लेकर कुशवाहा और निषाद बस्ती के कुछ लोगों में विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एक पक्ष के लोग चौराहे पर धरना देने लगे। इसी बीच ईंट-पत्थर चलने से सिपाही बिजेंद्र यादव का सिर फूट गया और जमीन पर गिर पड़े। मामले में पुलिस ने 10 ज्ञात और 20-25 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

बुधवार को त्योहार पर लोग एक-दूसरे को रंग से सराबोर कर रहे थे। लोगों के अनुसार दिन में करीब तीन बजे निषाद और कुशवाहा मोहल्ला के कुछ लोग खाने-पीने के दौरान आपस में विवाद करने लगे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

ग्रामीणों के अनुसार पुलिस की ओर से एकपक्षीय कार्रवाई करने को लेकर दूसरा पक्ष धरने पर बैठ गया। पुलिस ने धरना समाप्त कराना चाहा। इसका कुछ लोग वीडियो बनाने लगे। पुलिस की ओर से मना करने पर मामला बिगड़ गया। संवाद

अमर उजाला दि० 10/3/23

# डीजे बजाने के विवाद में दो पक्षों में चलीं लाठियां

**बनकटा/ रामपुर बुजुर्ग/देवरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकटा सिरसेत गांव में बुधवार को होली के हुड़दंग के दौरान डीजे बजाने के लिए दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से जमकर लाठियां चलीं। इसमें चार लोग घायल हो गए।

वहीं इस हुड़दंग ने पुलिस प्रशासन कें कान खड़े कर दिए। बनकटा सिरसेत गांव में होली का रंग लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। दो पट्टीदारो में पहले से रंजिश चल रहा था। एक पक्ष डीजे बजाने वाली टोली से डीजे बजवाने पर उतारू था तो दूसरा पक्ष डीजे बजाने से रोक रहा था। मारपी में चार घायल हो गए।

पुलिस कुछ हुड़दंगियों को थाने लाई, फिर छोड़ दी। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि एक पक्ष से दिलीप प्रसाद पुत्र केदा‍ij नाथ, रविंद्र पुत्र रामायन व दूसरे पक्ष से रवि गुप्ता पुत्र श्याम पुत्र, राकेश यादव पुत्र रामदेव घायल हुए हैं। संवाद

अमर उजाला 10/03/23

# रंग लगाने के लिए घर में घुसे युवकों ने महिला से की छेड़छाड़

## महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। क्षेत्र के एक गांव में महिला को रंग लगाने पहुंचे लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपी कान का आभूषण लेकर फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर एक महिला भोजन पकाने के बाद कमरे में आराम कर रही थी।

तभी गांव के ही कुछ युवक घर में घुस महिला को होली खेलने बुलाने लगे। महिला ने घर पर किसी पुरुष सदस्य नही होने की बात बताई। यह सुन युवकों ने कमरे में घुसकर महिला को रंग लगाने लगे। इसी दौरान युवक महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगे। युवकों का इरादा भांप महिला शोर मचाने लगी। पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत पर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

### टेंपो में महिला से छेड़खानी

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही बाजार में बुधवार की रात टेंपो से घर जा रही एक महिला के साथ कुछ लोगों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर टेंपो चालक को मारापीटा तथा टेंपो को क्षतिग्रस्त कर दिया। टेंपो चालक ने बनकटा थाने में घटना की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। टेंपो चालक मुरारी यादव निवासी खोराबार थाना बनकटा ने दी नामजद तहरीर में कहा है कि वह टेंपो से महिला सवारी बैठा कर ले जा रहा था। अकटही बाजार में बैंक के पास कुछ लोग जो बगल के गांव के रहने वाले हैं। टेंपो रोक कर बैठी महिला के साथ छेड़खानी करने लगे। रोकने पर उन्होंने गोल बनाकर हाकी से मेरे टेंपो का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मुझे भी हॉकी से मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष जोर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला 10/03/23

हिन्दुस्तान 10/03/23

# होली के गीतों पर थिरके पुलिसकर्मी, खूब उड़ाए अबीर-गुलाल



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में गुरुवार को होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर लगाते डीएम व एसपी।

- पुलिस लाइन व थानों में पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को खेली होली
- पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में डीएम व एसपी भी रहे मौजूद

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस विभाग ने गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस लाइन से लेकर थानो तक में होली का आयोजन हुआ। पुलिस लाइन में होली के गानों पर पुलिसकर्मी थिरकते रहे। इस दौरान यहां डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा मौजूद रहे। अग्निशमन कार्यालय पर भी होली का आयोजन हुआ।

पूरे जिले में 8 मार्च को होली का पर्व धूम धाम से मनाया गया था। पुलिस कर्मी इस दिन ड्यूटी पर मुस्तैद थे। जिससे पूरे जिले में शांति पूर्वक त्यौहार समाप्त हो गया। गुरुवार को पुलिसवालों ने थानों में होली खेली। एसपी संकल्प शर्मा की ओर से गुरुवार को होली खेलने का कार्यक्रम तय किया था। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में डीएम जेपी सिंह, एसपी संकल्प शर्मा एएसपी राजेश सोनकर सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सलेमपुर देवआनन्द, भाटपाररानी विनय कुमार यादव, बरहज के सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, लाइन सीओ जिलाजीत, रुद्रपुर के सीओ पंचम लाल की मौजूदगी में फूलों की होली खेली गई। इस दौरान मौजूद कई पत्रकारों और पुलिसवालों ने होली गीत और गजल सुनाया।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि खुशी के इस त्योहार में एक साथ जश्न मनाना अच्छा लगा। एएसपी राजेश सोनकर ने सभी का आभार प्रकट किया। उधर फायर ब्रिगेड कार्यालय में पुलिस कर्मियों ने ढोल-नगाड़े के साथ होली खेली। वहां भी होली के गानों पर फायरकर्मी थिरकते रहे। वहीं जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मी और दरोगा ने एक दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली का जश्न मनाया।

अमर उजाला दि. 10/03/23

# जिलाधिकारी और एसपी ने लगाया गले पुलिसकर्मियों ने उड़ाए अबीर-गुलाल



पुलिस लाइंस में पुलिस विभाग की ओर से आयोजित होली में डीएम और एसपी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं। संवाद

**देवरिया।** जनपद में होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस और जिले के थानों में पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा ने जब पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों को गले लगाया तो जमकर अबीर-गुलाल उड़े। चटक रंग में सराबोर सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली को सकुशल संपन्न कराने में सभी पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अफसरों का बड़ा योगदान रहा है। एसपी ने कहा कि पुलिस के जवान विभाग की रीढ़ होते हैं। इनके दम पर अपराध रोकने में कामयाबी मिलती है। उनका कहना था कि पुलिस ने दायित्व तत्परता से निभाया।

इस दौरान एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम सौरभ सिंह, अरुण कुमार, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, अंशुमन श्रीवास्तव, विनय यादव, देवआनंद, जिलाजित, पंचम लाल, थाना प्रभारी गोपाल पांडेय, राहुल सिंह, नवीन सिंह, कपिलदेव चौधरी, नवीन, गोपाल राजभर, सादिक परवेज, मृत्युंजय आदि मौजूद रहे। संवाद

## बरहज में डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**बरहज।** नगर-क्षेत्र में बुधवार को छिटपुट झड़प के बीच शब-ए-बरात और होली पर्व संपन्न हुआ। सुरक्षा इंतजाम को लेकर जगह-जगह पुलिस तैनात की गई थी। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रवींद्र कुमार सहित अन्य आलाधिकारियों ने त्योहार का जायजा लिया। त्योहार के दिन सुबह से ही लोग जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए थे। स्थानीय थाने के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था। पैना, कपरवार, नगर के मुख्य चौक, तहसील तिराहा, लवरछी बाईपास आदि जगहों पर पुलिस सतर्क रही। बीट आरक्षी गांवों में नजर बनाए हुए थे। दोपहर को डीएम-एसपी, सीडीओ ने सुरक्षा इंतजाम का हाल जाना। कपरवार में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट नहीं मिले। अधिकारियों ने नाराजगी जताई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर दीप जलाते हुए दुआ मांगी। गड़ेर, भलुअनी, सोनाड़ी, करुअना, पैना, कपरवार, बरांव, देवपार में पर्व मनाया। त्योहार को लेकर नगर में ईओ चंद्रकृष्ण पांडेय, स्वच्छता प्रभारी मनोज गुप्त आदि रहे। संवाद

## छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली सकुशल संपन्न

**भाटपाररानी/ बनकटा/रामपुर बुजुर्ग/खामपार।** नगर व क्षेत्र में बुधवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली का त्योहार सकुशल संपन्न हो गया। नगर में व्यापारियों ने व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पर अध्यक्ष पप्पू जायसवाल के नेतृत्व में होली मनाई। सपा कैंप कार्यालय पर पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय, भाजपा कार्यालय पर विधायक सभाकुंवर के नेतृत्व में, भवानी छापर में सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिनेश चंद्र सिंह के नेतृत्व में सहित अन्य जगहों पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। गांवों में देर रात तक परंपरा के अनुसार दरवाजे-दरवाजे घूमकर नौजवानों ने ढोलक झाल और मजीरे के साथ होली गाकर देर रात तक झूमते रहे। डीजे बजा कर नृत्य के साथ होली मनाई। बनकटा थाना क्षेत्र के बनकटा सिरसेत गांव में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। एसओ बनकटा बरजोर सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं आई है। श्रीरामपुर थाना के ग्राम बंकुल के गुनी टोला में दो पक्षों के बीच होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। सोहनपुर बाजार में नशे में धुत दो पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। संवाद

अभयानंद गिरी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन श्रीराम सिंह, पांडेय एनडी देहाती, रामचंद्र सर्राफ, राधेश्याम विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, सभापति कुशवाहा, चंद्र प्रकाश सिंह, साहू ध्रुव कुमार गुप्ता, दिनेश कसेरा, मनीष सिंह, अजित सिंह, अनिल तिवारी, देवानंद मिश्र, निरंकार मिश्र, कमलेश तिवारी, ओम प्रकाश मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# होली के हुड़दंग में कई गांवों में मारपीट, दो दर्जन से अधिक घायल

गौरीबाजार(एसएनबी)। होली के हुड़दंग में स्थानीय थाना क्षेत्र के कई गाँवो में मारपीट की घटनाएं हुई,जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक महिला पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गौरीबाजार पर भर्ती कराया गया। वहां से गम्भीर रूप से घायल को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया गया। वहां से एक युवक को हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

क्षेत्र के लेड़हा गाँव निवासिनी सुशीला देवी ने दिए तहरीर में कहा है कि कुछ लोगो ने उनका पुआल जला दिया। उलाहना देने पर वे उनसे मारपीट किये जिसमें सुशीला (45 वर्ष) जय राम, बेचू शर्मा (32 वर्ष) पुत्र श्रीकृष्ण शर्मा, 35 वर्षीय भागीरथी पुत्र जयराम का सिर फट गया। वही राजू शर्मा (22 वर्ष) पुत्र झपटी उनको बचाने के प्रयास में गम्भीर रूप से घायल हो गया। पोहे गौरी बाजार कस्बा निवासी आकाश कुमार गुप्ता (25 वर्ष) पुत्र गोविंद गुप्ता चौराहे पर किसी मित्र के वहां होली की बधाई देने गया था। कुछ मनबढ़ो ने उसे घेरकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। वही मुकुंदपुर गांव में कुछ मनबढ़ किस्म के लोगो ने महिलाओं व बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें योगेंद्र प्रसाद,सरोज, हरेंद्र गोंड़ को चोट आई। वहीं बिरवा गाँव निवासी अशोक निषाद (30 वर्ष) पुत्र बेचू को कुछ मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसके अलावा महेंद्र (28 वर्ष) पुत्र सुरेंदर, सुरेंद्र (55 वर्ष) पुत्र गेनी, वीरेंद्र (25 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र, सिकंदर (20 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र निवासी भटौली खुर्द, ज्ञानेश्वर साहनी (30 वर्ष) निवासी कर्माजीपुर, ओमप्रकाश पुत्र सहदेव निवासी लेड़हा,रितेश (20 वर्ष) पुत्र आनन्द, चंद्रप्रकाश (35 वर्ष) पुत्र सुरेश निवासी मदेना,मीरा (32 वर्ष), बेचू शर्मा, प्रदीप गिरी पुत्र छेदी, विजय लक्ष्मी (30 वर्ष), रोशनी, सोनू सहित अन्य लोग मारपीट में घायल हो गए। सभी घायलों का गौरीबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य पर इलाज हुआ।

रा. सहारा दि० 10/03/22

# डीएम व एसपी ने होली का लिया जायजा



होली के दिन शहर में आरएसएस द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा।

रुद्रपुर (एसएनबी)। आपसी भाईचारे व रंगों का पर्व होली, जो एकता व समरसता का त्योहार है। होलिका दहन से लेकर होली के दिन रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में छिटपुट कहासुनी व मारपीट के बाद होली शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गयी। जहां बुधवार को जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व सीडीओ रविन्द्र कुमार ने नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिसमें रुद्रपुर बस स्टेशन, मेन मार्केट, मदनपुर मार्केट एवं रुद्रपुर सा. स्वा. केन्द्र का निरीक्षण कर इमरजेन्सी सेवाओं का जायजा लिया। होली त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये एहतियात के तौर पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स व पीएसी जगह-जगह लगायी गयी थी। एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार बाजपेयी पुलिस बल एवं पीएसी के जवानों के साथ भ्रमणशील रहे। वहीं कुछ शरारती तत्व होली के एक दिन पूर्व व होली के दिन मारपीट कर लिये थे। जहां पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए निगरानी रखी थी। तथा कुछ लोगों को पकड़ कर हिरासत में ली थी।

## पुलिसकर्मियों ने खेली जमकर होली

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली में गुरुवार को पुलिस के जवान डीजे पर नाचते गाते हुए जमकर होली खेली तथा आपस में एक दूसरे को गले लगाकर होली का बधाई दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान पुलिकर्मियों ने कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी को गुलाल लगाया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अजय तिवारी, नीरज सिंह, केशवराम मौर्या, अंजनी यादव, अभय सिंह, उमेश चौहान, गोकुलेश उपाध्याय, संदीप गहलोत, प्रमोद कुमार, पंकज गौड़, रामानन्द, रामप्रवेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## आरएसएस ने निकाली शोभायात्रा

देवरिया। बुधवार को होली के दिन होलिकोत्सव समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ द्वारा परम्परागत ढंग से शहर में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शहरवासी होली की मस्ती में सराबोर रहे। साथ ही होली गीत के धुन पर थिरकते रहे। बुधवार को शहर के महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टर कालेज से होलिकोत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभा यात्रा निकाली गयी जो गरूलपार, विजय टाकीज, अमरज्योति चौराहा, नई बाजार, तिलक रोड, अंसारी रोड, मालवीय रोड, बजाजी रोड, रौनियारी गली, तहसील चौक, कोआपरेटिव चौराहा होते हुए टाउनहाल पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के कई स्थानों पर नगरवासियों ने रंग अबीर गुलाल लगाकर व पकवान के साथ स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल बच्चे, युवा व बुजुर्ग डीजे पर बज रहे होली गीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा में सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी,नगर प्रचारक अंचल अमित मोदनवाल, मकसूदन मिश्रा, अवनीश बरनवाल, राजेश शुक्ला, गोपाल मद्धेशिया, नमो नारायण,माखन विश्वकर्मा, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, दीपक सिंह, विष्णु गोयल, अमित वर्मा, अजय वर्मा, आनन्द किशोर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा,विनय गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# भाजपा नेता को धमकी देने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

- पूर्णिया जेल में बंद बदमाश ने दी थी फोन पर धमकी
- कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद का रहने वाला है पीड़ित

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद शातिर बदमाश सतीश सिंह ने एक भाजपा नेता को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सलेमपुर पुलिस ने तीन लोगों को बुधवार को सलेमपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।

सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र ग्राम औरंगाबाद के हड़हवा टोला के रहने वाले गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैं। गोरख प्रसाद के मकान के बगल में उनकी खाली भूमि है। उसके बगल में प्रदीप गुप्ता की भी जमीन है। उनसे इनका विवाद चलता है। 28 फरवरी की रात में मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि मैं जेल में बंद सतीश सिंह बोल रहा हूं। प्रदीप गुप्ता की ज़मीन इस समय में मेरी कस्टडी में है। उसे खाली कर दो, वरना दो माह बाद जेल से छूटते ही क्या अंजाम होगा समझ लेना। जेल से निकलते ही तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूंगा। इस मामलें में पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर सतीश सिंह, प्रदीप गुप्ता पुत्र प्रेमशंकरगुप्ता निवासी कस्बा सलेमपुर,तेज प्रताप पुत्र गुलाम निवासी हरैया वार्ड नम्बर आठ और पांच अज्ञात के विरुद्ध धारा 120बी, 506 और 507 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि सतीश सिंह वर्तमान में बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद है। जिस मोबाइल से फोन आया था वह अब स्वीच ऑफ बता रहा है। धमकी वाले फोन से उसी दिन सलेमपुर में दूसरे नम्बरों से बात हुई थी। पुलिस की सर्विलांस टीम की जांच में तीन नाम प्रकाश में आया। सलेमपुर पुलिस ने बुधवार को रेलवे स्टेशन से धमकी देने के मखमले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें सूरज कन्नौजिया पुत्र नागेश्वर ईचौना पूर्वी वार्ड, झुंनी पाण्डेय उर्फ आयुष पुत्र स्व ओमप्रकाश पाण्डेय निवासी ईचौना पच्छिमी और संदीप यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी परान छपरा थाना सलेमपुर कोतवाली बताया। पुलिस ने मेडिकल कराकर जेल भेज दिया। वहीं 5 मार्च को प्रदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

# चिता पर मुंह से निकला झाग, ले गए अस्पताल

रामलक्षन, हिन्दुस्तान संवाद। चिता को मुखाग्नि देने से पहले किशोर के मुंह से झाग निकलने लगा। जिस पर चिता से परिजन शव को लेकर अस्पताल की ओर भाग गए। बेटे के जिन्दा होने की आस में परिजन शव को लेकर दिन भर भटकते रहे। इकलौते बेटे के जीवन के लिए महिलाएं शिव मन्दिर में जाकर गुहार लगाने लगीं।



राज निषाद (फाइल फोटो)

- 17 वर्षीय किशोर की मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए ले गए थे परिजन
- दोबारा अस्पताल ले जाने पर भी डॉक्टरों ने मृत बताया उसके बाद हुई अंत्येष्टि

क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के मन्दिर टोला के रहने वाले राजू निषाद के पांच सन्तानों में इकलौता बेटा राज निषाद था। 17 वर्षीय राज कक्षा नौंवी का छात्र था। राज के पिता राजू निषाद घर की माली हालत ठीक करने के लिए दो माह पूर्व दुबई गए हैं। बुधवार को दोपहर में राज होली खेलने के घर से निकला था। जहां से करीब छह बजे वह घर लौटा था। रात में अपनी मां संध्या देवी से खाना मांग कर खाया। जिसके बाद बरामदे में सोने चला गय सुबह होने पर संध्या उसे जगाने लगी। लेकिन राज कुछ नहीं बोल रहा था, संध्या ने देखा तो उसके हाथ और पैर में अकड़न आ चुकी थी। जिसे देख घर में रोना पीटना शुरू हो गया। परिजन गौरीबाजार सीएचसी गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, लेकिन घर वालों को डाक्टर के बात पर विश्वास नहीं हुआ और उसे लेकर देवरिया चल गए। जहां दो प्राइवेट अस्पताल में दिखाए, वहां चिकित्सों ने जिला अस्पताल ले जाने के लिए सलाह दिया। गुरुवार की सुबह करीब दस बजे रुद्रपुर नगर के बैकुण्ठ धाम स्थित श्मशान घाट पर लेकर पहुंचे। चिता सज गई और शव को उस पर रख दिया गया। कफन हटाकर चेहरा दिखाया गया तो मुंह से झाग निकल रहा था। रुद्रपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर के लिए चल दिए। गोरखपुर में उसका एमआरआई हुआ। जिसके बाद परिजन शाम को शव को लेकर पुनः बैकुण्ठ धाम श्मशान घाट पर पहुंचे। जहां उसका अन्तिम संस्कार किया गया।

# शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

भाटपाररानी। थाना के अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने शराब के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में चालान कर दिया है। पुलिस ने एक स्कॉर्पियो भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को उपनिरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम पुलिस के साथ अमरीचक से मंझरिया होते बनकटा अमेठिया की ओर जा रहे थे। काली मंदिर मोड़ के निकट सामने से आ रहा स्कार्पियो चालक पुलिस को देख का गाड़ी को मुड़ा कर भागने लगा। रास्ता संकरा होने के कारण गाड़ी नहीं मुड़ सकी जिससे वह गाड़ी को वहीं छोड़ कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो के अंदर से 39 पेटी 8 पीएम शराब बरामद हुई। बेलपार ढाला के निकट से पुलिस ने एक व्यक्ति को 24 शीशी बंटी बबली एवं रतसिया मोड़ से 22 शीशी बंटी बबली के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

हि॰ हिन्दुस्तान दि॰ 10/03/23

# विवाद की सूचना पर एक दर्जन को उठा ले गई पुलिस

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। होली पर क्षेत्र के कई जगहों पर जमकर हुड़दंग हुई। आधा दर्जन जगहों पर मारपीट हो गई। इसमें करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। तुरपट्टी में डीजे पर गाने बजने को लेकर पथराव हुआ। हालांकि पुलिस की सक्रियता से इस पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। मामले में पुलिस एक दर्जन लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुरपट्टी में होली के अवसर पर डीजे लगा हुआ था। कुछ युवक भोजपुरी गाने पर डांस कर रहे थे। इसी बीच किसी गाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते युवकों में मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी देर बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी होने लगी। इसमें शंभू उनकी पत्नी निकी व आकाश समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर थानेदार मृत्युंजय राय ने फोर्स को गांव में भेजा। पुलिस एक दर्जन लोगों को उठाकर थाने ले गई। तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा में पैसे के विवाद को दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें विजय मद्धेशिया, उमेश, अंजू, अनीता, कुमकुम व रागनि मद्धेशिया घायल हो गए।

## सीसी कैमरा तोड़ सरिया चुराने का आरोपी गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। क्षेत्र के गोरया घाट चौराहा स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से सरिया चुराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर की पहचान की गई। हरपुर कला गांव निवासी नजीर अंसारी की गोरयाघाट चौराहे पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। बीते सोमवार की रात चोर दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी का तीन कैमरे तोड़ दिए। संवाद

# हुड़दंग में कई स्थानों पर हुई मारपीट, दर्जनों घायल

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। होली के हुड़दंग में जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई माररपीट की कई स्थानों पर हुई घटना में दर्जनों लोग घायल हो गए। परिजन और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होली में दिन भर पुलिस की गाड़ी सायरन बजाती हुई दौड़ लगाती रही। लेकिन घटनाओं पर रोक लगाने में नाकाम रही।

- मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल
- घटनाओं की सूचना पर दौड़ती रही पुलिस

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला मोहल्ला के रहने वाले मनीष राजभर(30) पुत्र शंकर राजभर पानी के प्लांट पर गया था, जहां हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के धनौती खुर्द गांव के रहने वाले शैलेष मिश्र (44) पुत्र रमेश चन्द्र मिश्र को बुधवार को नहर के रास्ते घर जा रहे थे। हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं बरियारपुर थाना क्षेत्र के मनिकपुर के सुमित्रा मिश्रा(32), राधेश्याम (45), बनकटा थाना क्षेत्र के रविन्द्र प्रसाद (45), दीलिप गोड़(42), सलेमपुर की बंजरिया की नीतू(25), गौरीबाजार के बिरवा के अशोक निषाद (20), भाटपाररानी के भरौली गांव के रहने वाले रानू यादव(17), खुखुन्दू के बहादुरपुर के सुरेश यादव (40), बरियारपुर के बैकुंठपुर की किशमती देवी(32), सुनैना(40), पूजा (18), सदर कोतवाली के खोराराम के रहने वाले राजू (35), काजू (32) पुत्रगण ब्रिजबली, कलावती (50)पत्नी ब्रिजबली को मारपीट कर घायल कर दिया।

वहीं बरियापुर के सोहनीपुर गांव के राम जनक (39) पुत्र स्वर्गीय गुलाब,अजय गोड़ (35) पुत्र गुलाब गोड़, खुखुन्दू थाना क्षेत्र के परसिया मिश्र के रहने वाले किशन कुमार (17)पुत्र विजय बहादुर राव का मेडिकल कराया गया। इसके साथ ही जिले में अकित सिंह(19), राजू (32), शाहिल (19 ), मिथिलेश (17), रामू (40 ), नन्दू कुशवाहा ( 17 ), कुलदीप सिंह (18 ), देवानंद ( 21 ) , दीपक ( 18 ), मनीष ( 24 ), रूची ( 5 ) , वैशाली (5) , शैलेन्द्र गौतम (32), आकाश (26) , आदित्य (8) ,अन्दू ( 22 ) , विकाश (30), लाल बहादर (70) , सिन्दू ( 11 ) ,दीपक (22) , बाल्मीकि ( 22 ) , अलफाज ( 16 ) , अंशु (11), रेन्द्र (50) , अमित (29) , नेबू लाल (70 ) , दीपक (36) कपिल देव (60) अमरावत्त (22) , अनुभव (20 ) , शिवास (12) , उदय प्रताप (40, संदीप (35 ) घायल होने इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

# रंग लगाने के लिए घर में घुसे युवकों ने महिला से की छेड़छाड़

## महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। क्षेत्र के एक गांव में महिला को रंग लगाने पहुंचे लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपी कान का आभूषण लेकर फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर एक महिला भोजन पकाने के बाद कमरे में आराम कर रही थी।

तभी गांव के ही कुछ युवक घर में घुस महिला को होली खेलने बुलाने लगे। महिला ने घर पर किसी पुरुष सदस्य नही होने की बात बताई। यह सुन युवकों ने कमरे में घुसकर महिला को रंग लगाने लगे। इसी दौरान युवक महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगे। युवकों का इरादा भांप महिला शोर मचाने लगी। पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत पर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

### टेंपो में महिला से छेड़खानी

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही बाजार में बुधवार की रात टेंपो से घर जा रही एक महिला के साथ कुछ लोगों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर टेंपो चालक को मारापीटा तथा टेंपो को क्षतिग्रस्त कर दिया। टेंपो चालक ने बनकटा थाने में घटना की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। टेंपो चालक मुरारी यादव निवासी खोराबार थाना बनकटा ने दी नामजद तहरीर में कहा है कि वह टेंपो से महिला सवारी बैठा कर ले जा रहा था। अकटही बाजार में बैंक के पास कुछ लोग जो बगल के गांव के रहने वाले हैं। टेंपो रोक कर बैठी महिला के साथ छेड़खानी करने लगे। रोकने पर उन्होंने गोल बनाकर हाकी से मेरे टेंपो का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मुझे भी हॉकी से मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष जोर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि० 10/03/23

# होली के रंग में पड़ गया भंग

## रघवापुर में शराब पीने से मना करने पर महिला की हत्या का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी



महिला की हत्या में पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार। संवाद

देवरिया। सदर कोतवाली के रघवापुर गांव में होली के दिन महिला की हत्या के बाद पूरे गांव में रंग में भंग पड़ गया। हर पल पुलिस के सायरन की आवाज सुनाई पड़ रही थी।

देर शाम जब घर शव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। नेबूलाल के घर के लोगों को क्या पता था कि होली की मौज-मस्ती पल भर में ही शोक में बदल जाएगी।

रघवापुर गांव निवासी नेबूलाल के दरवाजे पर बुधवार को गांव के ही कुछ लोग शराब पी रहे थे। इसी दौरान वासमती देवी (58) और परिजनों ने दरवाजे पर शराब पीने से मना किया।

आरोप है कि इससे बौखलाए कुछ लोगों ने गोलबंद होकर लाठी-डंडे से लैस होकर परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर पिटाई की। हमले में वासमती (58), पति नूबेलाल (60), सावित्री (35), जितेंद्र (50) घायल हो गए। लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने वासमती को मृत घोषित कर दिया।

## नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने के विवाद में मारपीट, मची अफरा-तफरी

**बरियारपुर।** क्षेत्र के नौतन गांव स्थित नेत्र शिविर में वाहन खड़ा करने को लेकर बृहस्पतिवार देर शाम विवाद हो गया है। जिसको लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। बीच -बचाव करने गए चार डॉक्टर सहित छह लोग घायल हो गए। इसके चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इधर-उधर भाग कर जान बचाई। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। वहीं जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक भी पहुंचे और घायलों का हाल जाना। बरियारपुर के नौतन गांव स्थित एक कॉलेज में गुजरात से पहुंचे एक संस्था द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करीब दो महीनों से किया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से सफल ऑपरेशन को देख लोगों भी भीड़ जुट रही है। इधर 15 मार्च तक ही शिविर चलने की सूचना पर लोगों में जल्द लाभ लेने की होड़ मची हुई है।

हिन्दुस्तान दि० 10/03/23

भलुअनी थाना क्षेत्र के गड़ेर गांव में होली के दिन हुई वारदात

# मनबढ़ों ने सिपाही का सिर फोड़ा, 40 पर मुकदमा

- हमले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को खदेड़ा
- छह लोगों को पकड़कर पुलिस ने भेज दिया जेल

भलुअनी (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। होली के हुड़दंग में मनबढ़ों ने बुधवार को पुलिस पर हमला कर दिया। जिससे एक पुलिसकर्मी का सिर फूट गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हमला करने वाले लोगों को खदेड़ा। हल्का दरोगा नितिन शाहू की तहरीर पर भलुअनी पुलिस ने 10 नामजद समेत 40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

भलुअनी थाना क्षेत्र के गड़ेर गांव में बुधवार की सुबह दो पक्ष शराब पीने को लेकर विवाद करने लगे। इसकी सूचना किसी ने भलुअनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की तो वे आक्रोशित हो गए और चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना पर दरोगा नितिन साहू पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मी जाम कर रहे लोगों को हटाने लगे। जाम में एक महिला बैठी हुई थी जिसे पुरुष पुलिस कर्मी हाथ पकड़ कर उठा रहे थे। इसका वहां पर मौजूद एक युवक वीडियो बना रहा था जिसे पुलिस कर्मियों ने देख लिया। एक पुलिस कर्मी ने युवक का मोबाइल छीन लिया और महिला को जबरदस्ती उठाने लगे। इसी बीच जमा लगाए युवकों ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिससे एक पुलिस कर्मी का सिर फट गया। उपद्रव की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस ने उपद्रवियों पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। इसके बाद घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले गए।

भलुअनी पुलिस ने दरोगा नितिन साहू, कांस्टेबल सुनील यादव, विजेन्द्र सिंह, संतोष यादव, अवनीश पाण्डेय, अमित, चन्द्रशेखर, विजेन्द्र यादव का मेडिकल भलुअनी स्वास्थ्य केन्द्र में कराया। मामले में दरोगा नितिन साहू की तहरीर पर भलअुनी पुलिस ने पिंटू पुत्र बाबू लाल, राजेश, राणाप्रताप, ओम प्रकाश पुत्रगण पुनी लाल, मुकेश पुत्र बेचू, रोशन, रोहन, राहुल, रोहित पुत्रगण राणा प्रताप, विकास पुत्र भरत और 30 अज्ञात निवासीगण गड़ेर थाना भलुअनी के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 332, 333, 341, 353, 307 आईपीसी और 3 व 7 क्रिमनल ला एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। घटना के बाद पुलिस ने रात में गांव में छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार लोगों में पिंटू, राजेश, राणा प्रताप, ओमप्रकाश, मुकेश और विकास निवासी गड़ेर थाना भलुअनी शामिल है। सभी का मेडिकल कराकर पुलिस ने चालान कर दिया।

> विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। गांव के लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट किया। मामले में 10 नामजद और 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शेष की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।
> **अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर, बरहज।**

घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट ...

दैनिक जागरण - दि० - 10-3-23

# होली में हुड़दंगई करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमपुर : होली के दिन बुधवार को हुड़दंगई करने वाले तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने स्टेशन रोड के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की। उपनगर के राजपूत कटरा के एक मकान में होली खेलने के दौरान कुछ युवकों ने बवाल शुरू कर दिया। इसकी सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मईल थाना के डेहरी गांव निवासी मिथिलेश व नगर के राजपूत कटरा निवासी अजीत सिंह व संदीप कन्नौजिया को गिरफ्तार कर लिया। तीनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद चालान कर दिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि होली के दौरान हुड़दंगई के कारण तीनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## रंग खेलने को लेकर कई जगह मारपीट, छह घायल

सलेमपुर : कोतवाली थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रंग खेलने को लेकर बुधवार को मारपीट हो गई। जिसमें दो महिलाएं समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के कोड़रा दीर्घह गांव में होली खेलने के दौरान दो पक्ष में मारपीट हो गई, जिसमें विजय व उनकी पत्नी मंजू घायल हो गई। दूसरे पक्ष के मार्कसी देवी घायल हो गई। इसी तरह भीमपुर गांव में रंग खेलने को लेकर हुई मारपीट में अभिषेक घायल हो गए। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के ही नगर पंचायत के पिपरा नाजिर वार्ड में राहुल चौहान व अहिरौली गोपालपुर गांव निवासी टिंकू कुमार घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## महिला ने लगाया अभद्रता का आरोप

करौंदी बाजार : होली के दिन गांव के कुछ लोगों ने एक महिला के साथ अभद्रता कर दी। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

दैनिक जागरण-दि-10-03-23

# होली के दिन बुजुर्ग महिला को पीटकर मार डाला

## शराब पीकर रंग डालने पर बुजुर्ग महिला ने आरोपितों को टोका था, पांच आरोपितों को भेजा गया जेल

- 11 के विरुद्ध दर्ज हुआ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा
- विवाद के दौरान ईंट-पत्थर भी चले चार लोगों को चोटें भी आईं


पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • सौ. स्वजन

जासं, देवरिया: होली के दिन बुधवार की सुबह शराब पीकर रंग डालने का विरोध करने पर मनबढ़ों ने डंडे से पीटकर बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। इस दौरान चले ईंट पत्थर में बुजुर्ग महिला के पति समेत चार लोग घायल हो गए, जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चला। पति की तहरीर पर पुलिस ने 11 व्यक्तियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली के रघवापुर गांव की 65 वर्षीया बासमती देवी पत्नी नेबूलाल के दरवाजे पर सुबह करीब 10 बजे गांव के कुछ युवक शराब पीकर होली खेल रहे थे। बासमती देवी ने उन्हें टोका तो युवकों को नागवार लगा। आरोपित घर से लाठी-डंडा, ईंट पत्थर लेकर बासमती देवी के दरवाजे पर पहुंचे। घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें बासमती देवी व उनके पति नेबूलाल के अलावा राजेंद्र व पप्पू घायल हो गए। घायलों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां गंभीर चोट होने के कारण बासमती देवी ने दम तोड़ दिया। बाकी घायलों का इलाज कराने के बाद घर भेज दिया गया।

घटना की सूचना पर एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पति नेबूलाल की तहरीर पर पुलिस ने 11 व्यक्तियों के विरुद्ध गैर इरादतन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें मुकेश पुत्र महातम, महातम पुत्र कैलाश, जुगनू पुत्र श्रीप्रसाद, झगरू पुत्र नागेश्वर, चंद्रदेव पुत्र नागेश्वर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पांच आरोपितों को गुरुवार को, न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया, जबकि शेष छह नामजद आरोपित अंगेश पुत्र महातम, संदीप पुत्र नंदकिशोर, राजन पुत्र श्रीप्रसाद, गौतम पुत्र रामअशीष उर्फ कोईल, राम अशीष की पत्नी, रवि पुत्र ज्ञान की तलाश की जा रही है।

> बुजुर्ग महिला की पीटकर हत्या करने के मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। शेष आरोपितों की तलाश की जा रही है।
> डा.राजेश सोनकर, एएसपी

### रंग लगाने को लेकर महिला की पिटाई

खुखुंदू: युवतियों से रंग लगवाने से नाराज देवर ने महिला की पिटाई कर दी। घायल महिला का उपचार पिंडवसी पर कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। दुलहु गांव की रहने वाली सविता देवी ने आरोप लगाया कि बुधवार को होली के दिन बगल की कुछ लड़कियां रंग डाल दी। नाराज देवर व स्वजन ने अपशब्द बोलते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दिया। पति बाहर रहते हैं। पिटाई के चलते महिला चोटिल हो गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सूचना मिली है, मामले की जांच की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण-दि-10-03-23

# अफसरों के साथ पुलिसकर्मियों ने खेली होली, की हंसी-ठिठोली


पुलिस लाइन में एक दूसरे को गुलाल लगाने के बाद खड़े डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (दाएं) व अन्य • जागरण


पुलिस लाइन में होली खेलते पुलिसकर्मी • जागरण

- फाग गीतों पर झूमे पुलिसकर्मी, लिया आनंद
- डीएम, एसपी समेत तमाम अधिकारी रहे मौजूद

जासं, देवरिया: पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने हंसी-ठिठोली व उल्लास के वातावरण में होली मनाई। फाग गीतों पर खूब झूमे। अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। अफसर भी होली के रंग में सराबोर दिखे। जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो जाने पर अफसरों ने पुलिसकर्मियों को शाबाशी भी दी।

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आप सभी के सहयोग से होली का त्योहार अच्छे ढंग से मनाया गया। आप सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया।

डीएम ने मजाकिया अंदाज में होली से जुड़े कई प्रसंग सुनाए। जिसे सुनकर लोग ठहाका लगाने को मजबूर हो गए। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि आप सभी घर परिवार से भले ही दूर हैं, लेकिन पुलिस का बड़ा परिवार है। आप सभी ने मेरे निर्देशों का पालन करते हुए होली की ड्यूटी का निर्वहन बेहतर ढंग से किया। एएसपी राजेश सोनकर ने कहा कि अनुशासन में रहकर आप सभी होली का त्योहार मनाएं। समारोह की शुरुआत में सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने अफसरों का स्वागत किया। एसडीएम सौरभ सिंह, एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार, एसडीएम भाटपाररानी संजीव उपाध्याय, सीओ सलेमपुर देव आनंद, सीओ भाटपाररानी विनय यादव, सीओ पंचमलाल, सीओ जिलाजीत आदि मौजूद रहे।

### प्रधान को नाबदान के गंदे पानी से नहलाया, पहुंची पुलिस

लार: रवसा गांव में मंगलवार की रात होलिका दहन के दौरान प्रधान को नाबदान के पानी से नहलाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर गांव में तत्काल पुलिस पहुंच गई। प्रधान गुलाब चंद्र का आरोप है कि होली के एक दिन पूर्व जब होलिका दहन की तैयारी हो रही थी तो गांव के कुछ लोगों ने उन्हें नाबदान के गंदे पानी से नहला दिया। पुलिस ने उत्पात मचा रहे युवकों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

दैनिक जागरण - दि० 10-3-23

# भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देने के मामले में तीन और गिरफ्तार

**जासं, सलेमपुर :** एक सप्ताह पूर्व जेल में बंद अपराधी की तरफ से भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देने के मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीन दिन पूर्व एक आरोपित प्रदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया जेल में निरुद्ध अपराधी सतीश सिंह के नाम से फोन आया। उसने गोरख प्रसाद को फोन कर भूमि खाली करने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपराधी सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। तीन मार्च की भोर में कस्बा सलेमपुर गांव के रहने वाले प्रदीप गुप्ता को कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी बीच सर्विलांस पर लगे मोबाइल नंबरों की जांच में अन्य कई आरोपितों के शामिल होने की बात सामने आई। पुलिस ने होली के दिन बुधवार को परान छपरा गांव निवासी सूरज कन्नौजिया व इचौना पश्चिमी वार्ड निवासी जूनी पांडेय को नदावर पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। परान छपरा गांव निवासी संदीप यादव को रेलवे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह अपराधी सतीश सिंह के कहने पर कई दिनों से भाजपा बूथ गोरख प्रसाद को भूमि खाली करने के लिए कह रहे थे, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे। बदमाशों ने हत्या के लिए कई दिनों तक रेकी की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों ने अपने अपराध को स्वीकार किया है, जिसके आधार पर तीनों को जेल भेज दिया गया।

## मनबढ़ों ने पुलिस पिकेट के समीप गुमटी जलाया

**रुद्रपुर :** उपनगर के खजुहा चौराहा पर बसस्टेशन रोड पर पुलिस की पिकेट के समीप बुधवार की सुबह आठ बजे एक पान की गुमटी को मनबढ़ों ने जला दिया। घटना में हजारों की क्षति होने का अनुमान है। मामले में खजुहा गांव के रहने वाले झिंगरू तिवारी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

दैनिक जागरण दि० 10-03-23

# गड़ेर में पुलिस टीम पर हमला सिपाही का सिर फटा, मुकदमा

## रंग खेलने के दौरान दो पक्षों में हुआ था विवाद, एक पक्ष ने जाम किया सड़क

जासं, गड़ेर, देवरिया: होली के दिन बुधवार को रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद लोगों ने बरहज-सोनूघाट मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम हटाने पहुंची पुलिस टीम पर एक पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया, जिससे एक सिपाही का सिर फट गया, वहीं दारोगा को हल्की चोट आई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया व जाम हटाया। इस मामले में 10 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

गांव के दो पक्षों में दोपहर को रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस बीच पिंटू पटेल पक्ष के लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची व लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराने लगी। भलुअनी थाने के सिपाही बिजेंद्र यादव के सिर पर एक युवक ने बांस से हमला बोल दिया।

जिससे सिपाही का सिर फट गया व वह गिर गए। दारोगा नितिन साहू समेत अन्य पुलिस कर्मियों को हल्की चोट आ गई। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते



महिला से घटना की जानकारी लेती पुलिस ● जागरण

### 10 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

हुए लोगों को खदेड़ा। घायल दारोगा नितिन साहू की तहरीर पर पिंटू पटेल, राजेश पटेल, राणा प्रताप पटेल, ओमप्रकाश पटेल, विकास पटेल, मुकेश पटेल, रोशन, रोहित, राहुल व रोहन व 25 अज्ञात के विरुद्ध बलवा, सरकारी कार्य में व्यवधान, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने पिंटू, राजेश, राणा प्रताप, ओमप्रकाश, विकास व मुकेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि पुलिस पर हमला करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

### कार की चपेट में आया युवक गंभीर

देसही देवरिया: पैदल जा रहे युवक को कार ने बुधवार की शाम चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है। महुआडीह थाना क्षेत्र के जिगनी गांव निवासी विशाल कन्नौजिया पुत्र रामप्रवेश कन्नौजिया जिगनी चौराहे पर किसी कार्य से गए हुए थे। पैदल ही घर वापस जा रहे थे। जिगनी मोड़ के पास बाइक सवार को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई व चपेट में ले लिया। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

न ... होने के बाद परिजनों ने टकरा गई। हादसे में दोनों घायल हो

अमर उजाला पृ0- 11/03/23

# भाजपा नेता की रेकी करने वाले तीन बदमाशों को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को जेल में बंद बदमाश की शह पर रेकी करने वाले तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस काल डिटेल के आधार पर अन्य कई लोगों की तलाश में जुटी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। आरोप था कि 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे जेल में बंद सतीश सिंह ने फोन कर गोरख प्रसाद को जमीन खाली करने की धमकी दी थी। ऐसा नहीं करने पर उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की बात कही थी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी।

कोतवाली पुलिस ने जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज का जांच शुरू कर दी।

तीन मार्च की भोर में कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता को कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

इसके बाद आठ मार्च की सुबह 7:10 बजे परान छपरा गांव निवासी सूरज कनौजिया व इचौना पश्चिमी वार्ड निवासी जून्नी पांडेय को नदावर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ ही देर बाद 7:50 बजे परान छपरा गांव निवासी संदीप यादव को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई।

पुलिस ने तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों ने अपराध को स्वीकार किया है।

## जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह ने जमीन खाली करने की दी थी धमकी

### प्रदीप गुप्ता ने आधा दर्जन से अधिक जगहों पर विवादित जमीन खरीदी

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने के मामले में आरोपी प्रदीप गुप्ता ने क्षेत्र में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक जगहों पर विवादित जमीन खरीदी है। जिस जमीन को खाली करने के लिए जेल में बंद बदमाश सतीश सिंह ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष को धमकी दी, वह जमीन महाजन शैक्षणिक सेवा संस्थान कस्बा सलेमपुर के नाम से अंकित है। इसका प्रबंधक प्रदीप गुप्ता है। मौके पर स्कूल और जमीन दोनों का पता नहीं है। इसकी पैमाइश नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह की देखरेख में की जा चुकी है। इसी तरह नगर के भठवा धर्मपुर वार्ड, बेलपार, पिपरा नाजिर समेत कई जगहों पर विवादित जमीन इसने खरीदी है। खंड शिक्षा अधिकारी व्यास देव प्रसाद ने बताया कि महाजन शिक्षण सेवा संस्थान के नाम से सलेमपुर में कोई स्कूल नहीं है। अगर फ्रॉड कर कागज में दिखाया गया है तो इसकी जांच कराकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। संवाद

अमर उजाला पृ0-11/03/23

# सागौन के 11 पेड़ काट ले गए चोर

रुद्रपुर। जाफराबाद गांव में मंगलवार की रात चोर सागौन के 11 पेड़ काट ले गए। किसान ने कोतवाली में तहरीर दी है। महेशपुर गांव के गोपाल मणि ने जाफराबाद गांव स्थित अपने खेत में सागौन के पेड़ लगा रखे हैं। रात में 11 पेड़ चोर काट ले गए। किसान को जानकारी सुबह हुई। संवाद

# मामूली विवाद में दो पक्ष हुए आमने-सामने

गड़ेर। स्थानीय चौराहे पर होली त्योहार के दिन अपराह्न करीब तीन बजे मामूली बात को लेकर कुशवाहा और निषाद बस्ती के कुछ लोगों में विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एक पक्ष के लोग चौराहे पर धरना देने लगे। इसी बीच ईंट-पत्थर चलने से सिपाही बिजेंद्र यादव का सिर फूट गया और जमीन पर गिर पड़े। मामले में पुलिस ने 10 ज्ञात और 20-25 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

बुधवार को त्योहार पर लोग एक-दूसरे को रंग से सराबोर कर रहे थे। लोगों के अनुसार दिन में करीब तीन बजे निषाद और कुशवाहा मोहल्ला के कुछ लोग खाने-पीने के दौरान आपस में विवाद करने लगे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

ग्रामीणों के अनुसार पुलिस की ओर से एकपक्षीय कार्रवाई करने को लेकर दूसरा पक्ष धरने पर बैठ गया। पुलिस ने धरना समाप्त कराना चाहा। इसका कुछ लोग वीडियो बनाने लगे। पुलिस की ओर से मना करने पर मामला बिगड़ गया। संवाद

अमर उजाला दि० 10/03/23

# डीजे बजाने के विवाद में दो पक्षों में चलीं लाठियां

**बनकटा/ रामपुर बुजुर्ग/देवरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकटा सिरसेत गांव में बुधवार को होली के हुड़दंग के दौरान डीजे बजाने के लिए दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से जमकर लाठियां चलीं। इसमें चार लोग घायल हो गए।

वहीं इस हुड़दंग ने पुलिस प्रशासन कें कान खड़े कर दिए। बनकटा सिरसेत गांव में होली का रंग लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। दो पट्टीदारो में पहले से रंजिश चल रहा था। एक पक्ष डीजे बजाने वाली टोली से डीजे बजवाने पर उतारू था तो दूसरा पक्ष डीजे बजाने से रोक रहा था। मारपी में चार घायल हो गए।

पुलिस कुछ हुड़दंगियों को थाने लाई, फिर छोड़ दी। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि एक पक्ष से दिलीप प्रसाद पुत्र केदा] नाथ, रविंद्र पुत्र रामायन व दूसरे पक्ष से रवि गुप्ता पुत्र श्याम पुत्र, राकेश यादव पुत्र रामदेव घायल हुए हैं। संवाद

अमर उजाला दि.-10/03/23

# छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली सकुशल संपन्न

**भाटपाररानी/ बनकटा/रामपुर बुजुर्ग/खामपार।** नगर व क्षेत्र में बुधवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली का त्योहार सकुशल संपन्न हो गया। नगर में व्यापारियों ने व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पर अध्यक्ष पप्पू जायसवाल के नेतृत्व में होली मनाई। सपा कैंप कार्यालय पर पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय, भाजपा कार्यालय पर विधायक सभाकुंवर के नेतृत्व में, भवानी छापर में सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिनेश चंद्र सिंह के नेतृत्व में सहित अन्य जगहों पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। गांवों में देर रात तक परंपरा के अनुसार दरवाजे-दरवाजे घूमकर नौजवानों ने ढोलक झाल और मजीरे के साथ होली गाकर देर रात तक झूमते रहे। डीजे बजा कर नृत्य के साथ होली मनाई। बनकटा थाना क्षेत्र के बनकटा सिरसेत गांव में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। एसओ बनकटा बरजोर सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं आई है। श्रीरामपुर थाना के ग्राम बंकुल के गुनी टोला में दो पक्षों के बीच होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। सोहनपुर बाजार में नशे में धुत दो पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। संवाद

अभयानंद गिरी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन श्रीराम सिंह, पांडेय एनडी देहाती, रामचंद्र सर्राफ, राधेश्याम विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, सभापति कुशवाहा, चंद्र प्रकाश सिंह, साहू ध्रुव कुमार गुप्ता, दिनेश कसेरा, मनीष सिंह, अजित सिंह, अनिल तिवारी, देवानंद मिश्र, निरंकार मिश्र, कमलेश तिवारी, ओम प्रकाश मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी और एसपी ने लगाया गले पुलिसकर्मियों ने उड़ाए अबीर-गुलाल



**पुलिस लाइंस में पुलिस विभाग की ओर से आयोजित होली में डीएम और एसपी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं।** संवाद

**देवरिया।** जनपद में होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस और जिले के थानों में पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा ने जब पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों को गले लगाया तो जमकर अबीर-गुलाल उड़े। चटक रंग में सराबोर सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली को सकुशल संपन्न कराने में सभी पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अफसरों का बड़ा योगदान रहा है। एसपी ने कहा कि पुलिस के जवान विभाग की रीढ़ होते हैं। इनके दम पर अपराध रोकने में कामयाबी मिलती है। उनका कहना था कि पुलिस ने दायित्व तत्परता से निभाया।

इस दौरान एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम सौरभ सिंह, अरुण कुमार, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, अंशुमन श्रीवास्तव, विनय यादव, देवआनंद, जिलाजित, पंचम लाल, थाना प्रभारी गोपाल पांडेय, राहुल सिंह, नवीन सिंह, कपिलदेव चौधरी, नवीन, गोपाल राजभर, सादिक परवेज, मृत्युंजय आदि मौजूद रहे। संवाद

## बरहज में डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**बरहज।** नगर-क्षेत्र में बुधवार को छिटपुट झड़प के बीच शब-ए-बरात और होली पर्व संपन्न हुआ। सुरक्षा इंतजाम को लेकर जगह-जगह पुलिस तैनात की गई थी। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रवींद्र कुमार सहित अन्य आलाधिकारियों ने त्योहार का जायजा लिया। त्योहार के दिन सुबह से ही लोग जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए थे। स्थानीय थाने के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था। पैना, कपरवार, नगर के मुख्य चौक, तहसील तिराहा, लवरछी बाईपास आदि जगहों पर पुलिस सतर्क रही। बीट आरक्षी गांवों में नजर बनाए हुए थे। दोपहर को डीएम-एसपी, सीडीओ ने सुरक्षा इंतजाम का हाल जाना। कपरवार में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट नहीं मिले। अधिकारियों ने नाराजगी जताई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर दीप जलाते हुए दुआ मांगी। गौरा, भलुअनी, सोनाड़ी, करुअना, पैना, कपरवार, बरांव, देवपार में पर्व मनाया। त्योहार को लेकर नगर में ईओ चंद्रकृष्ण पांडेय, स्वच्छता प्रभारी मनोज गुप्त आदि रहे। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# 20 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद

खड्डा। खड्डा वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के ग्राम लखुआ लखुई में छापेमारी कर महाराजगंज जिले के गेड़हरुवा जंगल से चोरी से काटकर लाई गई 20 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया है।

खड्डा क्षेत्र से सटे महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र का गेड़हरुवा जंगल है। इसी जंगल से लकड़ी तस्कर सागौन, शीशम आदि अन्य प्रजातियों की लकड़ियों को रात के अंधेरे में चोरी से काटकर खड्डा क्षेत्र में लाकर बेंचते हैं। बुधवार को वन क्षेत्राधिकारी खड्डा विजय श्रीवास्तव को सूचना मिली कि काटकर लाई गयी सागौन की लकड़ी तस्करों द्वारा रखी गई है।

इबादत | कब्रिस्तानों में पढ़ा फातिहा, मस्जिदों में रात भर चला इबादत का दौर, महिलाओं समेत पुरुषों ने रखा रोजा, किया खैरात

# अकीदत के साथ जिले में मनाई गई शब-ए-बरात

पडरौना, निज संवाददाता। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंगलवार की रात जिले भर में शब ए वरात को बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने पूरी रात खुदा की इबादत में गुजारी। अकीदतमंदों ने रात भर इबादत किया और अपने पूर्वजों और रिश्तेदारों के कब्रों पर पहुंच कर फातिहा पढ़ी। इसके साथ ही महिलाएं अपने घरों में इबादत करती रहीं। इस्लामी मान्यता के अनुसार शब ए बारात की रात इबादत का दौर चलता है। साथ ही इस रात मुस्लिम समुदाय के लोग अपने उन परिजनों को याद करते हैं जो इस दुनियां से रुखसत हो चुके हैं। उनके मगफिरत यानी कि मोक्ष प्राप्ति के लिए कब्रिस्तान जाते हैं और उनके लिए दुआएं करते हैं। इस रात में दान देने का खास महत्व है। मंगलवार की सूर्यास्त से ही लोग मस्जिदों की ओर रुख कर इबादत में जुट गए, जो सुबह फजर तक चलता रहा। बीच में कुछ समय के लिए एक साथ होकर लोग अपने गांव के कब्रिस्तानों में पहुंचे और वहां पर फातिहा पढ़ अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए दुआएं की। लोगों ने खूब खैरात (दान) भी किया। अकीदतमंदों ने अगले दिन बुधवार को रोजे भी रखा। ऐसी मान्यता है कि शब ए वरात के अगले दिन का रोजा रखने से एक हज का सवाब (लाभ) मिलता है। पडरौना समेत क्षेत्र के छावनी, मिश्रौली, बड़हरागंज, बंजारापट्टी, खुशीपट्टी, जिगना, बाजूपट्टी, बैजनाथपुर, बरवापट्टी, परसौना, अर्जुनहा, सोहनरिया, नटवा, आदि गावों में लोगों ने रात भर नफिल नमाजे, तस्बीह, दरूद व शरीफ, कुरान की तिवालत कर इबादत किया।



# गोली कांड में तीन नामजद व अन्य के खिलाफ केस

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी बाजार में 17 फरवरी को हुए गोली काण्ड में मृतक जियाउल इस्लाम के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के करमैनी गांव निवासी जियाउल अंसार ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बीते 17 फरवरी की दोपहर बाद करीब चार बजे करमैनी बाजार निवासी भाई जियाउल इस्लाम मजदूर खोजने जा रहे थे इसी दौरान पुरानी रंजिश में मो आरिफ, अप्सर जहां, रबुना सहित कुछ अन्य लोग उन पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया जियाउल इस्लाम ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अपना बचाव करना चाहा तो उनके साथ छीना झपटी के दौरान अचानक गोली चल गई उक्त घटना में आरिफ पुत्र नूर आलम घायल हो गया।मृतक जियाउल इस्लाम के भाई जियाउल अंसार का आरोप था की इनके भाई के सिर पर लाठी से मारा गया गया था साथ ही डंडे, लात घुसे के प्रहार से उनको चोट लगी थी।

विभिन्न गीतों पर थिरकते रहे पुरुष व महिला पुलिसकर्मी

# पुलिसकर्मियों ने खेली होली, उड़ाए रंग-अबीर

**आयोजन**

पडरौना, निज संवाददाता। जनपदवासियों की होली सकुशल संपन्न कराने के बाद जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को जमकर होली खेली। इसमें पुरूष पुलिस कर्मियों के साथ महिला पुरूष कर्मी दूसरा ग्रुप बनाकर शामिल हुईं। पुलिस कर्मी विभिन्न गीतों पर थिरकते नजर आये।

जिलाधिकारी कुशीनगर रमेश रंजन एवं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में पुलिस लाइन कुशीनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शामिल सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। डीएम व एपी ने कहा कि रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारे का पर्व है। इसमें सबको आपसी गिले शिकवे भूल गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देना चाहिए। रंगों के बिना मनुष्य का जीवन बेरंग बन जाता है।

ऐसे में प्रत्येक मनुष्य के जीवन में रंगों का विशेष महत्व है। पुलिस कर्मियों ने विभिन्न गीतों पर जमकर थिरकते नजर आये।



पुलिस लाइन में होली खेलने के बाद रंग से सराबोर पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

## पडरौना के महामूर्ख सम्मेलन में जमकर लगे ठहाके

पडरौना। पडरौना के तिलक चौक पर 54 वें साल बुधवार शाम 4 बजे धूमधाम से होली मिलन समारोह एवं महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मूर्खो के दूल्हा डॉ. बीके मिश्रा बने। पडरौना में आयोजित मूर्ख सम्मेलन में शामिल लोगों ने अपनी कविता, हास्य रचना व व्यंग्यात्मक गजल के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। महामूर्ख सम्मेलन में जमकर ठहाके लगे। पूर्वांचल व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने उपस्थित लोगों का अभिवादन करते हुये सबके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पडरौना नगर के पुरानी परंपरा जीवंत होना एक सुखद संयोग है। इसे बनाये रखना सबका दायित्व है। इस दौरान नरेंद्र वर्मा, विजय प्रकाश पांडेय, अशोक मिश्रा, महंत गोपाल दास, बृज किशोर तिवारी, जिलाध्यक्ष लालबाबू गुप्ता, भोली चौरसिया, संतोष वर्मा, अशोक अग्रवाल, निर्मल साहा, अवध किशोर उर्फ अवधू, ओमप्रकाश दुबे, आकाश माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

वहीं महिला पुलिस कर्मियों ने दूसरा ग्रुप बनाकर जमकर होली को सेलिब्रेट किया।

इस दौरान एएसपी रितेश सिंह, सीओ कुंदन समेत तमाम पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# मैकेनिक की संदिग्ध हाल में मौत, पुलिस कर रही जांच

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। गुरुवार की देर शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के छहूं गांव में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों मिला। वह ऑटो मकेनिक था। दिल्ली में रहकर मकेनिक का काम करता था। पांच छह दिन पहले ही गांव आया था। परिजनों ने उसके द्वारा फांसी लगाये जाने की बात बतायी है। मौत का कारण पारिवारिक कलह बतायी गयी है। हालांकि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव घर में फर्श मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार छहूं गांव निवासी रामायण सिंह की करीब 20 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वह मकेनिक था। पांच छह दिन पहले ही होली बनाने गांव आया था। इनकी तीन बेटी लकी, वंदना, प्रियंका और एक बेटा अंशु है। गांव वालों से पुलिस को पता चला है कि पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। इसी बीच गुरुवार की शाम रामायण का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

# मारपीट के बाद दी लूट की सूचना, जांच शुरू

पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में दुबौली गांव के पास एक-एक कर लगातार तीन लूट की सूचना पुलिस के पास पहुंची। पुलिस मौके पर पहुंची तो कई लोग मौके पर मिले मगर पीड़ित जा चुके थे। पुलिस को बताया गया कि एक व्यक्ति की बाइक लूटी गयी है। दूसरे का बाइक वाला ठेला और तीसरे की जेब में कुछ मिलने पर पीटा गया है। पुलिस इसके बाद से जांच मे जुटी है। पुलिस को मामले में आपसी रंजिश में मारपीट व पेशबंदी में लूट की सूचना देने का शक है। पुलिस को बताया गया कि दुबौली गांव के एक मदरसा के समीप सरेह में गुरुवारकी देर रात को चार बदमाशों ने बारी बारी से तीन राहगीरों को लोहे के राड से पीटा और एक बाइक व एक बाइक ठेला को लूट कर फरार हो गए। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया एसओ अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। कुछ लोग लूट होने की जानकारी दिए हैं। पुलिस लूट या आपसी रंजिश में हुई इस घटना का जल्द खुलासा कर देगी। जांच व दबिश का क्रम जारी है।



जंगल खिरकिया मुसहर बस्ती में होली त्योहार मनाने की सामग्री वितरित कर महिलाओं से आशीर्वाद लेते एसपी धवल जायसवाल।

# मुसहर बस्ती में मनाई होली

**पडरौना।** होली पर्व के पावन अवसर पर डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल द्वारा पडरौना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत खिरकिया जंगल के मुसहर बस्ती में मिठाई, फल, रंग आदि वितरित कर वहां के लोगों को होली की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पडरौना राजप्रकाश सिंह, पीआरो डीके दूबे आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों ने खेली कपड़ा फाड़ होली

**पटहेरवा:** थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली तथा डीजे की संगीत पर नाच गाना भी किया। एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ दिए । क्षेत्र में सकुशल होली संपन्न कराने के बाद पुलिस कर्मी सुबह से दोपहर तक थाना परिसर में डीजे के थाप पर नाचते-गाते रहे। (जासं)

# 24 घंटे में 70 पहुंचे अस्पताल

**कसया :** होली के दिन सुबह से लेकर दूसरे दिन गुरुवार दोपहर तक कसया सीएचसी पर कुल 70 घायल इलाज के लिए सूचीबद्ध किए गए। इनमें 43 मारपीट व 27 सड़क दुर्घटना की शामिल हैं। मारपीट में 19 तो दुर्घटना के शिकार 17 गंभीर रूप से घायल हुए ।(जासं)

# जंगल से काटी गई सागौन की लकड़ी बरामद




सागौन की लकड़ी के साथ कागजी कार्रवाई करते वन दारोगा अमित तिवारी दाएं से दूसरे ● जागरण

**खड्डा :** थाने के लखुआ-लखुई गांव के एक बगीचे से वन विभाग की टीम ने मंगलवार की रात में सागौन की 20 बोटा लकड़ी बरामद की। बताया जा रहा कि लकड़ी जंगल से काटकर यहां छिपाई गई थी। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी विजय श्रीवास्तव को दी थी। वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन दरोगा अमित तिवारी, वन रक्षक इंद्रजीत यादव समेत अन्य वनकर्मी लखुआ-लखुई गांव के शंकर गुप्ता के बगीचे में पहुंचे और लकड़ी बरामद की। खड्डा क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी तस्करी का धंधा तेज हो गया है। तस्कर निचलौल रेंज और सोहगीबरवा रेंज से कीमती लकड़ियां काट रहे हैं। वनक्षेत्राधिकारी श्रीवास्तव ने बताया कि लकड़ी तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बरामद एक ट्राली सागौन की लकड़ी को कार्यालय परिसर में रखवाया गया है। तस्करों की तलाश में विभागीय टीम जुटी हुई है। (जासं)

# आरोपी की मौत के बाद गैर इरादतन हत्या का केस

**उजारनाथ/पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी बाजार में बकरी चराने के विवाद में रिवाल्वर से फायर कर हमला करने के आरोपी की मौत के बाद गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद लोगों ने आरोपी पकड़कर पीट दिया था, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां 23 फरवरी को उसकी मौत हो गई थी।

17 फरवरी की दोपहर बाद करमैनी डीह निवासी डॉक्टर जियाउल इस्लाम व आरिफ के बीच बकरी चराने की बात पर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर जियाउल इस्लाम ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग कर मोहम्मद आरिफ को घायल कर दिया था। घटना के बाद मुहम्मद आरिफ के परिजनों ने भी आरोपी डॉक्टर को पीट दिया। इससे आरोपी की हालत बिगड़ गई। सीएचसी फाजिलनगर के डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान 23 फरवरी को आरोपी की मौत हो गई।

### बकरी चराने के विवाद में हुई थी घटना

इस मामले में मृत डॉक्टर जियाउल इस्लाम के भाई जियाउल अंसार ने मोहम्मद आरिफ, अफसर जहां व रबुन को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों के साथ अन्य अज्ञात लोगों ने गोलबंद होकर उनके भाई के साथ मारपीट की, जिससे उनकी जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

एसएचओ पटहेरवा गिरिजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद और कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। संवाद


पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिस कर्मियों संग मौजूद बाएं से डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल ● जागरण


पडरौना ब्लाक के कटया गांव में होली गीत गाते लोग ● जागरण


बसडीला बुजुर्ग में होली गीत गाते लोग ● जागरण

# फाग गीतों के बीच बरसे रंग, उड़े अबीर–गुलाल

जागरण संवाददाता, पडरौना: रंगों का त्योहार होली बुधवार को जिले में शांति व सद्भावपूर्ण माहौल में मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ नगरीय व ग्रामीण इलाकों में शांति बनी रही। होलिका दहन की राख लेकर युवाओं की टीम सुबह ही जोगिरा गाते सड़कों पर उतर गई। इस दौरान जो भी दिखाई दिया, उसे रंग लगाया। कई स्थानों पर म्यूजिक सिस्टम पर युवा थिरकते नजर आए।

सुबह से ही बच्चे पिचकारी से रंग फेंकते दिखे, तो युवाओं की टोली घर-घर जाकर जोगिरा गाती रही। नगर के तिलक चौक पर पूर्वांचल व्यापार मंडल के तत्वावधान में होली मिलन व महामूर्ख सम्मेलन हुआ। इसमें जनपद सिविल कोर्ट के पूर्व

**परंपरागत गीतों पर झूमे लोग, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दिखा रंग का उमंग**

अध्यक्ष महंत गोपाल दास व पूर्व विधायक डा. बांके मिश्र को विविध उपाधि दी गई। अध्यक्षता विजय प्रकाश पांडेय ने की व आयोजक व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने आभार जताया। कार्यक्रम में नरेंद्र वर्मा, लाल बाबू गुप्ता, भोली गुप्ता, देवेंद्र पति त्रिपाठी, बृजकिशोर पांडेय, विंध्यवासिनी पति त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, त्रिलोकी दुबे, संतोष वर्मा उपस्थित रहे। बसडीला बुजुर्ग में लोगों की टोली ने घर-घर भ्रमण कर फाग गीत गया, जिसमें हेमंत पाठक, राजबली, रमाकांत, ब्लिस्टर, अभिषेक पाठक, अनूप पाठक, दीना शर्मा, कपिल गुप्ता, शिव सागर, जयंत्री गुप्ता, झींगुर गुप्ता, गोलू कुमार, रोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे। कटया में लोगों ने फाग गीत गाया, जिसमें सुधाकर मिश्र, गुड्डू, वेद प्रकाश, उमेश, रुदल मिश्र, आदि शामिल रहे।

**विशेष सचिव ने गांव में मनाई होली**

**जासं, सिंगहा:** विकास खंड नेबुआ नौरंगिया के विभिन्न गांवों में होली का पर्व धूमधाम से मनाई गई। मठिया खुर्द, कठिनहिया, टेढ़ी, बसंतपुर, खैरटिया शितलापुर, सिरसिया कला, सौरहा खुर्द, पिपरावर सिवान, पकड़ियार बाजार में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। एक दूसरे को को रंग, अबीर, गुलाल लगाकर प्रेम बांटे। सिंगहा गांव निवासी व विशेष सचिव नियुक्ति आइएएस हरि प्रताप शाही ने होली का त्योहार अपने गांव में मनाया।

**शांतिपूर्ण तरीके से मना त्योहार**

**जासं, हाटा:** छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कर शांतिपूर्वक होली का त्योहार मनाया गया। इस दौरान मुजहना हेतिम गांव में कुछ लोग नशे में आपस में मारपीट किए। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान की। महादेवपुर सिहुलिया तथा दुबौली गांव में भी मारपीट होने की खबर है। **पुलिस लाइन में रंग से सराबोर हुए पुलिसकर्मी**

पुलिस लाइन रविंद्र नगर धूस में गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मी रंग से सराबोर नजर आए। डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने मातहतों को रंग तथा अबीर-गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देखते ही देखते समूचा परिसर विविध रंगों के रंग में रंग गया। पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। एसपी ने कहा कि जनपद में होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के अगले दिन पुलिसकर्मी होली मनाते हैं। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, जितेंद्र सिंह कालरा, संदीप वर्मा सहित थानेदार आदि शामिल रहे।

**राधा-कृष्ण की झांकी निकाल ग्रामीणों ने मनाई होली**

**जासं, तुर्कपट्टी:** तमकुही के गांव बसडीला पांडेय में होली के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा राधा - कृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल ग्रामीण अबीर-गुलाल उड़ाते ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए उल्लासपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाए। प्रधानपति डा. सत्येंद्र पांडेय के नेतृत्व में सुबह ग्रामीण रामजानकी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां से शोभायात्रा मुख्य चौराहे पर पहुंचते ही अधिक संख्या में युवक शामिल हो गए।

**जमकर खेली होली**

**जासं, कसया:** होली का त्योहार को शहर से लेकर गांव तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने सामूहिक रूप से मतभेद भुलाकर त्योहार मनाया। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। हर उम्र के लोग मस्ती करते देखे गए। शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाई गई।

*********

# किशोर पर चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप

मथौली बाजार। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि एक किशोर ने उसकी चार साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। बृहस्पतिवार की शाम थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आरोपी किशोर उसके घर के सामने ही रहता है। सीओ कसया कुंदन सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि पांच मार्च की शाम करीब चार बजे उनकी चार साल की बेटी घर पर अकेली खेल रही थी। तभी उनके घर के सामने रहने वाला 14 साल का किशोर पहुंचा। किशोर ने बच्ची के साथ खेलने के बहाने दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने पर उसे छोड़कर भाग गया। बच्ची के रोने पर उनकी पत्नी को घटना की जानकारी हुई। पत्नी के बताने पर वह बच्ची को निजी अस्पताल में ले गए। संवाद

# होली में खुली थी शराब की दुकान पकड़ा गया

**सलेमगढ़।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर स्थित देसी शराब की दुकान खुली होने वीडियो बुधवार को वायरल हुआ।

उसके बाद पुलिस ने दुकान के मुनीम व पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटखौली निवासी सुशील को पकड़ लिया। देर शाम पुलिस ने उसको निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

तरयासुजान एसओ आरके सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी बहादुरपुर की तहरीर पर मुनीम के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। इस संदर्भ में आबकारी विभाग को आख्या भेजी जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-03-2023

बरगदवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के पड़ियाताल मंदिर से करीब 100 मीटर पहले स्थित एक पुलिया के किनारे बुधवार को एक नाली बंदूक व पांच जिंदा कारतूस मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे बरदगवा थानाध्यक्ष ने बंदूक को कब्जे में लिया। लावारिश हालत में बंदूक को मालखाने में जमा कराया। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बंदूक किसकी है। उसके नंबर के आधार पर पुलिस बंदूक स्वामी का नाम-पता हासिल करने में जुट गई है। लावारिश हालत में पुलिस को मिली सिंगल बैरल की बंदूक 1984 की बनी हुई है। पुलिस ने बरामदगी वाले स्थान से एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में गहनता से छानबीन की, लेकिन कुछ सुराग नहीं मिला। एसओ बरगदवा पुरुषोत्तम राव का कहना है कि उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। सीओ नौतनवा का कहना है कि बंदूक को लावारिश हालत में जमा कराया गया है।

---

कोतवाली व पुलिस लाइन में आयोजित हुई पुलिस की होली, त्योहार के दिन ड्यूटी से नहीं मना पाए थे होली

# पुलिसकर्मियों ने खेली होली, गीतों पर थिरके

**उत्साह**


गुरुवार को पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने धूमधाम से होली मनाई। • हिन्दुस्तान

महराजगंज, निज संवाददाता। छिटपुट विवाद को छोड़ जिले में शांतिपूर्ण माहौल में होली का पर्व सम्पन्न होने के बाद गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर रंगोत्सव मनाया। कोतवाली से लेकर पुलिस लाइन तक अबीर-गुलाल उड़े। एक-दूसरे से गले मिल कर त्योहार की बधाई दी। जिला जज जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ समेत कई अफसर होली समारोह में शामिल हुए।

कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने जमकर धमाल मचाया। अतिरिक्त निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान, नगर चौकी इंचार्ज अमित सिंह समेत सभी चौकी इंचार्ज, एसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल एक-दूसरे को अबीर लगाकर गले लगाया। भाईचारा व समानता का संदेश दिया। इस दौरान होली गीत पर कई पुलिस कर्मियों ने जमकर धमाल मचाया। आयोजन को यादगार बना दिया। इस दौरान गुझिया व मिठाइयां बंटी। सभी ने भरपूर मनोरंजन किया। प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि सभी लोग होली पर्व को शांति व सौहार्द के माहौल में मना सकें, इसके लिए सभी पुलिस कर्मी क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात रहे। पुलिस कर्मियों की चौकसी के चलते शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

पुलिस लाइन में भी होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें एसपी डॉ. कौस्तुभ, एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार समेत कई इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मी शामिल हुए। पुलिस कर्मियों ने एसपी समेत अपने उच्च अफसरों को अबीर लगाया।


जिला जज, डीएम व एसपी समेत कई अफसर होली समारोह में शामिल हुए।

## ग्राम प्रधानों संग खेली होली

भगवानपुर। नौतनवा ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानों के साथ ग्रामीणों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई देकर होली का त्योहार मनाया। ग्राम पंचायत रतनपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह, महदेईया उमेश यादव, जगरनाथपुर दिलीप यादव, पुरैनिहा विनय मिश्रा, लक्ष्मीनगर अखिलेश सिंह, श्यामकाट वशिष्ठ, हनुमानगढिया मे रामफल साहनी, बड़हरा में विजय कुमार मद्धेशिया, भगवानपुर में गणेश मद्धेशिया, रेहरा में अनिल पासवान, निपनिया में राजू पासवान, विषखोप में बच्चू सिंह, सेवतरी में भोला यादव, बभनी में भोलेन्द्र कुमार, पडौली में अनिल यादव आदि प्रधानों के साथ होली खेली।

# तस्करी कर ले जाई जा रही मछली बरामद, दो गिरफ्तार

**जासं, झुलनीपुर**: भारत-नेपाल बार्डर क्षेत्र के गांव कनमिसवा के निकट नो-मेंस लैंड के पास पिलर संख्या 499/ 4 के निकट एसएसबी पथलहवा की टीम ने छापेमारी कर दो वाहनों पर लदी 3500 किलोग्राम मछली बरामद की है। टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है। पकड़े गए आरोपित कुशीनगर जिले के हाटा थाने ढाडा बुजुर्ग गांव के गुड्डू तथा गोरखपुर जिले के राजघाट थाने के बसंतपुर तकिया के रहने वाले संजय कुमार हैं।

# थाने व चौकियों में बरसे रंग, कर्मियों ने खेली होली

**जासं, महराजगंज**: शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराकर 60 घंटे की लगातार ड्यूटी के बाद गुरुवार को जिले के सभी थाना व चौकियों में होली खेली गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला जज जयप्रकाश तिवारी के साथ जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने भी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने पकवानों का भी आनंद लिया।

महराजगंज में पहले होलिका दहन और शब-ए-बरात शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मियों ने लगातार ड्यूटी की। इसके बाद गुरुवार को सुबह से ही सदर कोतवाली, सिंदुरिया, निचलौल, ठूठीबारी, बरगदवा, कोठीभार, परसामलिक, नौतनवा, सोनौली, भिटौली, पनियरा, पुरंदरपुर समेत महिला थाने के साथ ही चौकी आदि में भी उत्साह से होली मनाई गई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उन्हें गुलाल भी लगाया। कई थानों में पुलिसकर्मी डीजे बजाकर नाचते नजर आए। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, सीओ सूर्यबली मौर्य, अजय सिंह चौहान, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

**होली के गीतों पर थिरकते रहे लोग**: बृजमनगंज : बृजमनगंज विकास खंड क्षेत्र में बुधवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान युवाओं ने होली के गीतों पर नाचते हुए खूब धमाल मचाया। कुछ जगहों पर डीजे बजाकर लोगों ने पर्व का आनंद उठाया। क्षेत्र में जगह-जगह होली मिलन का आयोजन किया गया। देर रात तक लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं दीं।

# विभिन्न दुर्घटनाओं में 12 घायल, एक रेफर

- घायलों को सीएचसी निचलौल में कराया गया है भर्ती
- कुछ लोग बाइक से गिरे तो कुछ को फिसलने से आई चोट

**जासं, निचलौल :** होली के दिन बुधवार को विभिन्न स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में 12 लोग घायल हो गए। एक घायलों को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पिपराकाजी गांव के रहने वाले हसनैन गिरकर घायल हो गए। बकुलडीहा निवासी काजल घर में पैर फिसलकर गिरने से घायल हो गईं। लेदी फार्म के रहने वाले दीपक भारती मोटरसाइकिल से मित्र के घर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। लेदी फार्म के ही रहने वाले उत्तरी चंद व वीरेंद्र मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए, इन्हें भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मिश्रौलिया निवासी धीरज नशे में गिर गए। बैजनाथ बाइक से गिरकर घायल हो गए। बन्नी निवासी संत पाल और सुग्रीव मोटरसाइकिल से जा रहे थे, कि अचानक पैर फिसलने से दोनों बाइक से गिर गए, उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भेड़िहारी निवासी परदेस साइकिल से गिरकर घायल हो गए। अशोकवा निवासी विजय कुमार मार्ग दुर्घटना में अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गए उनका इलाज चल रहा है।

### बाइक की ठोकर से दो घायल

**जासं, फुलमनहा :** बृजमनगंज के कोल्हुई मार्ग पर टिकौली चौराहा के निकट गुरुवार की शाम पांच बजे बाइक की ठोकर से साइकिल सवार दो अधेड़ घायल हो गए। टिकौली निवासी छेदी व तेजई मिश्रौलिया चौराहे से साइकिल से घर आ रहे थे। पीछे से आ रहे बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे छेदी व तेजई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन सीएचसी बृजमनगंज ले गए वहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि बाइक को थाने लाया गया है।

### दो बाइक के टकराने से चार लोग घायल

**जासं,भिटौली :** भिटौली थाना क्षेत्र के बभनौली पेट्रोल पंप के पास बुधवार को शाम चार बजे हुई मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। कोतवाली थाना क्षेत्र के बासपार बैजौली के छावनी टोला के रहने वाले साहेब अली, अनंत वर्मा, मिट्ठू प्रजापति एक बाइक पर तथा तथा दूसरी बाइक पर सवार कुशीनगर जिले के खड्डा थाने के नगर पंचायत खड्डा के वार्ड नंबर पांच के रहने वाले प्रमोद टकरा गए। दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चारों घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा।

इसी प्रकार कईमा निवासी जहरूद्दीन घायल हो गई है। श्वेता, प्रतिमा, अंगद, आशुतोष, निवासी जमुई से मारपीट में घायल हो गए, जिसमें श्वेता को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**मार्ग दुर्घटना में युवक घायल : आनंदनगरः** गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग पर स्थित भैया फरेंदा चौराहे पर बुधवार की शाम मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल हो गया। बाजारडीह निवासी प्रवीण साहनी किसी काम से भइया फरेंदा चौराहे पर गए थे। तभी दुर्घटना हो गई। उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में भर्ती कराया गया, बाद में वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

# डीजे नहीं बजता तो बच गई होती दीपक की जान

## घटना के बाद दीपक के घरवाले पुलिस-प्रशासन को कोसते रहे

संवाद न्यूज एजेंसी

**परतावल।** होली पर्व से पहले पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक में डीजे न बजाने की हिदायत दी थी, लेकिन पुलिस के निर्देशों का कोई असर नहीं हुआ।



दीपक (फाइल फोटो)

हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारी तो की, लेकिन यह सिर्फ बैठकों तक ही सिमट कर रह गई। डीजे बजने के दौरान मारपीट में दीपक की जान चली गई। दीपक के पिता नंदलाल पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

दीपक की मां शकुंतला का रो-रोकर बुरा हाल है। नंदलाल के तीन पुत्र व एक पुत्री में दीपक सबसे छोटा था। बड़ा भाई विजय तथा राजेश भी मेहनत मजदूरी करते हैं। बहन प्रमिला घर के कामकाज में मां का हाथ बंटाती है। नंदलाल भी एक बिल्डिंग मटेरियल के दुकान पर मजदूरी करते हैं। गरीबी के कारण नंदलाल अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सके।



दीपक की मौत के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी । संवाद

परिजनों का कहना है कि काली मंदिर स्थान पर डीजे नहीं बजता तो शायद आज दीपक जिंदा होता। गांव के कुछ मनबढ़ युवकों द्वारा प्रशासन की रोक के बावजूद डीजे बजाया जा रहा था। जिसके वजह से वहां दर्जनों युवक इकट्ठे होकर हुड़दंग मचा रहे थे।

उन्हीं युवकों को देख दीपक भी वहां चला गया। डीजे पर नाचने के दौरान ही अबीर लगाने को लेकर उनमें विवाद हो गया और आधा दर्जन युवकों ने मिलकर दीपक की पिटाई कर दी।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**परतावल।** श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के महम्मदा टोला पड़बुड़वां में होली के दिन अबीर लगाने को लेकर उपजे विवाद में दीपक की जान चली गई। पुलिस पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के पिता नंदलाल ने बताया कि डीजे ही मुख्य विवाद का कारण बना। प्रशासन ने यदि डीजे पर पूर्णतया रोक लगाई थी तो श्यामदेउरवां पुलिस ने उसका कड़ाई से पालन क्यों नहीं कराया? पहली बार हुए विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने बिना किसी को हिरासत में लिए या कोई कार्रवाई किए बिना ही वापस चली गई। उसके बाद भी आरोपियों ने अपने घर के सामने दोबारा दीपक की पिटाई कर दी। पुलिस ने पहली बार में ही सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की होती तो दीपक की जान बच गई होती। मृत दीपक की मां का रो रोकर बुरा हाल है। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा मिले। शकुंतला ने थानाध्यक्ष से आरोपियों के गिरफ्तारी के बारे में पूछा तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। बृहस्पतिवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। सांत्वना देने पहुंचे विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा जाएगी। मामले की गहन जांच की जा रही है।

### इलाके में तनाव, गांव में पुलिस तैनात

**महराजगंज।** दीपक की मौत की घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, सीओ सदर अजय सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बृहस्पतिवार को मृतक दीपक चौधरी के घर के आस पास सन्नाटा पसरा रहा। गांव में पुलिस तैनात रही। प्रत्येक हलचल पर पुलिस की नजर है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्दी सारे आरोपी को कर लिए जाएंगे। संवाद

# रंग-गुलाल से हुए सराबोर, गीतों से गूंज उठा वातावरण

## पुलिसकर्मियों ने बृहस्पतिवार को खेली होली, विभिन्न सोसाइटी और संस्थाओं की ओर से होली मिलन का आयोजन



धनेया-धनेई स्थित पुलिस लाइन में होली के अवसर पर साथी पुलिसकर्मियों को रंग लगाते एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद




होली के अवसर पर महाराणा प्रताप स्कूल में योग परिवार के तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संवाद



सक्सेना चौक पर होली मिलन समारोह में लोगों से गले मिलते सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** होली जिले में बुधवार को परंपरागत ढंग से धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह से ही रंगों की फुहार के बीच होली के खुमार में हर कोई डूबा नजर आया। युवाओं व बच्चों ने घर से लेकर गली मोहल्ले में खूब रंग-गुलाल उड़ाया। सोशल मीडिया में होली खेलने की तस्वीरों को पोस्ट करने की होड़ लग रही। वहीं, सभी थानों में पुलिसकर्मियों ने बृहस्पतिवार को होली खेली।

शहर की वृंदावन सोसाइटी के सदस्यों ने फूलों की होली खेली। करीब एक क्विंटल से ज्यादा गेंदे का फूल मंगाया था। सोसाइटी के सभी सदस्यों ने जमकर होली खेली। महाराणा प्रताप योग परिवार की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह रमाशंकर गुप्त ने कहा कि होली आपसी प्रेम सौहार्द का त्योहार है। आलोक पाल ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। सेवानिवृत्त प्राचार्य छविनाथ सिंह ने होली पर्व के महात्म्य पर प्रकाश डाला।

अविनाश मिश्र व देवेश पांडे की टीम ने नाटक फगुवा प्रस्तुत किया। हास्य प्रस्तुति योग-योग में होली कैसे खेलें प्रस्तुत कर योग गुरु संजय पटेल ने सबका मन मोह लिया। नगर पालिका परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल, पवन कुमार पटेल, पंकज विश्वास, सुधाकर पटेल, मनोहर प्रजापति, श्याम गुप्ता, राजेश आदि मौजूद रहे। शहर से लेकर गांव तक होली की धूम मची रही।

अड्डा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को होली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया। युवकों और बच्चों ने जमकर गुलाल और रंगों से होली खेली। ढोल, मजीरा, हार्मोनियम की धुन पर युवकों ने होली गीत गाए। महुअवा अड्डा के प्रधान नरेंद्र सिंह के आवास पर मंगलवार की रात होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी पहुंचे। मिठौरा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के मिठौरा, सेमरा, भागाटार, पतरेंगवा, जगदौर, रामपुरमीर, हरखोड़ा, बरवां सोनिया, भागाटार, कुइयां कंचनपुर, मधुबनी में शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाया गया।



मिश्रौलिया गांव के पंचायत भवन में मटकी फोड़ते युवा। संवाद

### एसएसबी जवानों ने खेली होली

**नौतनवां।** 66वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के डोमुहान घाट कार्यालय पर कार्यवाहक कमांडेंट वरुण कुमार की अगुवाई में जवानों ने होली खेली। जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग भी डाला। इस मौके पर सहायक कमांडेंट सुबीर घोष, निरीक्षक प्रवीन नाथ, निरीक्षक गुलाब यादव आदि मौजूद रहे। संवाद



वृंदावन सोसाइटी में होली पर जश्न मनाते युवा। संवाद

### थानेदार ने बच्चों के साथ खेली होली

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र के सिसवा मुंशी टोला बंजारी पट्टी में थानाध्यक्ष भिटौली सुनील कुमार राय ने बच्चों को रंग, अबीर, पिचकारी व मिठाई देकर उनके संग होली खेली। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्र, राणा प्रताप, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

### धूमधाम से निकली भगवान नृसिंह की शोभायात्रा



**कोठीभार।** सिसवा नगर में हिंदू कल्याण मंच की ओर से भगवान श्री नृसिंह की शोभायात्रा निकली। नगर में शोभायात्रा निकालकर सिसवा होली महोत्सव मनाया गया। हिंदू कल्याण मंच के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम होलिका की राख उड़ाकर भगवान नृसिंह की पूजा व आरती की। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए रंगों की बारिश करते शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा सुबह श्रीराम जानकी मंदिर मुख्य गेट से इस्टेट तिराहा होते हुए जायसवाल नगर फिर इस्टेट तिराहा से सब्जी मंडी रोड, फलमंडी, बैंक चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड, गोपाल नगर होते हुए हनुमान गढ़ी तक पहुंची और फिर वापस हनुमान गढ़ी से अमरपुरवा तिराहा होते हुए दोपहर बाद श्रीराम जानकी मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। इस अवसर पर हिंदू कल्याण मंच के प्रमोद मद्धेशिया, दीपक जायसवाल, निलेश श्रीवास्तव राहुल, शंभू सर्राफ, रविराज जायसवाल, मोहन रौनियार आदि मौजूद रहे। संवाद



सिविल लाइंस मुहल्ले में होली खेलने के दौरान सेल्फी लेतीं युवतियां। संवाद

### होली में बिक गई 2.5 करोड़ की शराब

**महराजगंज।** जिले में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक की शराब लोग पी रहे हैं। वहीं, इस बार होली के एक दिन पहले ही 2.5 करोड़ की शराब बिकी गई। वैसे तो औसतन एक दिन में 1.6 करोड़ के करीब शराब की बिक्री होती है। इस बार होली में लोगों ने एक दिन में 2.5 करोड़ रुपये की शराब खरीद ली। यह जानकारी आबकारी इंस्पेक्टर अमित कुमार दुबे ने दी। संवाद

# असलहा-पांच कारतूस सड़क किनारे बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरगदवा।** नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के पड़ियाताल मंदिर से पहले एक पुलिया के किनारे बुधवार की सुबह एक असलहा ( सिंगल बैरल बंदूक ) सहित पांच जिंदा कारतूस मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

असलहा देख काफी संख्या में राहगीरों का भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस असलहे को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है।

असलहा मिलने पर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। असलहा व कारतूस जिस प्रकार से

### ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना, जताई गई बड़ी वारदात की तैयारी की आशंका

सड़क के किनारे रखा गया था, उससे यह प्रतीत होता है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रखा गया था।

पुलिस ने असलहा मिलने वाले स्थान से एक किलोमीटर परिधि के क्षेत्र को गहनता से छानबीन की, लेकिन कुछ सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष बरगदवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराने के साथ असलहे की जांच पड़ताल की जा रही है।



नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के पड़ियाताल मंदिर के पास मिला असलहा। संवाद

## बीच सड़क बेहोश मिला ट्रक चालक

**नौतनवां।** नगर के मुख्य मार्ग पर अस्पताल चौराहे के पास नशे में धुत अचेतावस्था में एक ट्रक चालक पड़ा था, इससे कस्बे में कुछ देर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस उसे सड़क पर किनारे लाकर पानी का छींटा मारकर किसी तरह होश में ले आई। संवाद


amarujala.com पर
अमर उजाला क्लासीफाइड
1800-121-1166
मेडिकल
अन्य
दाद, खाज, खुजली सूखा एक्जिमा से न हो परेशान


# मारपीट के मामले में आठ के विरुद्ध मुकदमा

**मिठौरा।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र की ग्रामसभा जगन्नाथपुर स्थित नहर पुल के पास पुरानी रंजीश में रास्ते में घेर कर डंडे से मारने-पीटने के आरोप में पांच नामजद तथा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि वह ग्राम सभा निवासी सलीम के साथ आठ मार्च शाम को मिठौरा जा रहे थे। गांव के नहर पर पुरानी रंजिश को लेकर हड़तोड़वा निवासी व्यक्तियों ने घेर कर लाठी-डंडे से मारपीटा। थाना प्रभारी सिंदुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि हड़तोडवा निवासी आशीष यादव, प्रदीप, धीरज, व अनिल, सेमरा निवासी विशाल यादव सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# चहारदीवारी तोड़ने पर तीन लोगों का चालान

**सोनौली।** कस्बे में बीते छह मार्च की आधी रात अर्जुन गुप्ता की चहारदीवार में तोड़फोड़ हुई थी। जिसकी शिकायत करते हुए उन्होंने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी सोनू गुप्ता, रामप्रीत गुप्ता और सैयद अली निवासी सोनौली का चालान कर दिया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी का किया गया चालान

**पनियरा।** पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान किया है। आरोपी युवक अपने गांव की एक युवती के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया था। यह जानकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचरन सरोज ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# आलमारी तोड़कर नकदी व जेवर चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। चोरो ने एक घर को निशाना बनाया और अन्दर घुसकर आलमारी में रखा नकदी व जेवरात की चोरी कर फरार हो गये। गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुपेलवा गांधीनगर के रहने वाले भूपेन्द्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह होली का पर्व मनाने के लिए अपने मूल निवास भरौली बाबू थाना वाल्टरगंज में सपरिवार गये हुयेथे। इस दौरान घर पर कोई नही था और चोरो ने मौका पाकर छत के रास्ते घर के अन्दर दाखिल हो गये। जहां से आलमारी का ताला तोड़ने के बाद उसमें रखा 52500 रुपये व पत्नी की ज्वेलरी दो हार, दो सीकड़, चार अंगुठी, मांग टीका एवं नथिया, पासबुक, आधार कार्ड व पर्स से 4200 रुपये की चोरी कर फरार हो गये। मामले में पुलिस ने गृह स्वामी भूपेन्द्र सिंह पुत्र ओंकारा सिंह निवासी सुपेलवा गांधीनगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फरहान अहमद पुत्र इरफान अहमद, सादिक उर्फ गोली पुत्र कलामुद्दीन निवासी कंचन टोला गांधीनगर पर धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में चार घायल, एक रेफर

**हर्रैया(एसएनबी)**। दो अलग-अगल स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया गया। एक की हालत गम्भीर होने के कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया जबकि तीन का इलाज वहीं पर चल रहा है। जानकारी के अनुसार पैकोलिया थाना क्षेत्र के बेदीपुर निवासी 40 वर्षीय बबलू पुत्र पन्ना लाल मोटरसाइकिल से बस्ती जा रहे थे। हाईवे पर संसारीपुर चौराहे के पास एक कार में पीछे से टकरा कर गिर पडे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गम्भीर होने के कारण जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। एक अन्य जानकारी के अनुसार वाल्टरगंज कस्बा निवासी 18 वर्षीय संजू पटवा पुत्र राजाराम पटवा अपनी 40 वर्षीया मां सुदामा तथा 18 वर्षीय अजीत पटवा पुत्र राम लखन पटवा के साथ मोटरसाइकिल से लालपुर गए थे जहां तीनो बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया गया।

# रंजिश में मारपीट के दो मामले, केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी रंजिश को लेकर थाना पुरानी बस्ती एवं वाल्टरगंज में मारपीट के सम्बन्ध में दो मामले पुलिस को मिले। जिसमें पीड़ित की शिकायत पर संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भरवलिया स्थित पुरानी रंजिश को लेकर रामवृक्ष को आरोपी राहुल, राजन व अरविन्द एकराय होकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामवृक्ष पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी कोडरा पाण-डेय थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राहुल, राजन पुत्रगण चन्द्रिका प्रासद, अरविन्द पुत्र धर्मराज निवासीगण कोडरा पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एक अन्य समाचार के अनुसार वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बनकटा गांव में भी पुरानी रंजिश को लेकर रामतौल को आरोपी अरूण कुमार व अरूण की पत्नी ने गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामतौल पुत्र काशीराम ग्राम वनकटा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अरुण कुमार पुत्र रामतौल, अरुण की पत्नी संजू निवासीगण बनकटा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फगुआ गीतों की फुहार के साथ मना रंगों का पर्व होली

**बस्ती (एसएनबी)**। होलिका दहन के बाद रंगों का पर्व होली पूरे जिले में हर्षोल्लास व पारम्परिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। हर तरफ रंगों की फुहार रही तो फगुआ गीतों की धूम भी देखी गयी। घरों में स्वादिष्ट व्यंजनों की श्रृंखला हर बार की तरह इस बार भी रही तो दोपहर बाद घर-घर जाकर लोगों को मुबारकवाद देने का दौर भी चला। कोई अनहोनी न हो, इसे लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। वहीं डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव भी पूरे दिन दौड़ते रहे। गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाईंस बस्ती में पुलिसकर्मियों ने होली खेला जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ आईजी रेंज आरके भारद्वाज व एसपी आशीष श्रीवास्तव शामिल रहे।

होलिका दहन के बाद रंगों का पर्व मनाये जाने की शुरुआत हुई तो यह बुधवार के तीसरे पहर तक चलता रहा। गांव में होली गीतों की भी धूम रही। ज्यादातर घरों में ढोल-मजीरे की थाप पर फगुआ गीत गाये गये। जिसका सुर से लोग सराबोर होते रहे। गांव-गांव टोली बनाकर होली खेलने वाली टीमें भी निकली। हर जगह आपसी सौहार्द का माहौल रहा। छिटपुट मामूली विवादों को छोड़ कर कहीं भी होली के रंग में खटास नहीं आयी। गरीब बच्चों एवं महिलाओं को होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा पिचकारी, अबीर, गुलाल, मिठाई, टोपी दिया गया। जिसे पाकर बच्चों एवं उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल गये तथा सब लोगों ने साथ मिलकर होली हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। कुदरहा विकास क्षेत्र के दर्जनो ग्राम पंचायत क्षेत्रो में धूम धाम सेशान्ति पूर्वक होली का त्योहार मनाया गया। जिसमें बच्चों व बुजर्गो एवं महिलाओं ने एक दूसरे को रंग व अब्बीर लगा कर त्योहर मनाये। कुदरहा क्षेत्र के कुदरहा, पिपरपाती, चकिया, छरदही, कल्यानपुर, जिभियाव, बैंसिया कला, परेवा, चकिया, रघऊपुर, इजरगढ़ सहित तमाम गावो में झुन्ड बना कर रंग गुलाल व मिट्टी से लोगों ने होली। कुदरहा कस्बे बच्चों द्वारा चौराहे पर दही हांडी फोड़ी और गले मिल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं भी दी। लालगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कुदरहा में शान्ति पूर्वक होली का पर्व मनाया गया। पुलिस की गाड़ी पूरे दिन हूटर बजाती दौड़ती रही। देर रात तक क्षेत्र में गश्त करती रही और लोगों से शान्ति पूर्ण त्यौहार मनाने की अपील भी करती रही।





बस्ती/हर्रैया : पुलिस लाइन्स मे होली खेलते आईजी व पुलिस अधीक्षक तथा हर्रैया में फगुआ गाते लोग।

**रुधौली प्रतिनिधि** के अनुसार रुधौली क्षेत्र में होली का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से लोगों ने मनाया। सुबह से ही लोग रंग अबीर और गुलाल लेकर एक दूसरे को सराबोर कर मस्ती करते रहे। लोगों ने खूब मस्ती की और गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दोपहर के बाद दिखे रंगों का दौर समाप्त हुआ और एक दूसरेके घरोंपर जाकर होली की बधाई दी। मंगलवार की देर रात होलिका दहन के साथ होलिकोत्सव शुरू हो गया। हवन पूजन के बाद होली जलाई गयी। इसके बाद लोगों ने होली की परिक्रमा करके होली गीत फगुआ गीत गाए। वहीं महिलाओं ने भी रंग अबीर गुलाल तथा गोबर के बल्ले डाल कर होली की पूजा की सुबह होते ही बच्चों का झुंड सड़कों पर निकल पड़ा और डीजे की धुन पर होली गीतों पर थिरकते रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रही वहीं क्षेत्र के पिपरा कला,रुधौली कस्बा,मथुरापुर,पडिया,हनुमानगंज, जामदा शाही चमनगंज तेलियाडीह सरैया हनुमानगंज कोहरा सहित स्थानों पर होली की धूम मची रही। वही क्षेत्र के बिजहाडुहा स्थित बडके बाबा मंदिर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। क्षेत्र के मनमोहन त्रिपाठी जिला संयोजक बजरंग दल,अनुराग पाठक, अतुल यादव, विजय चौधरी, सूर्य प्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, चंचल शुक्ला सहित लोगों ने होली खेला और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामना दिया ।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम रंग के बाद घर-घर अबीर लगाने का दौर शुरू**

**वाल्टरगंज प्रतिनिधि** केअनुसार होली के पर्व पर वाल्टरगंज कस्बे में लोगो एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । इस दौरान हर वर्ष की भांति इस बार भी होली की झांकी निकाली गई जो कि कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरते हुए हनुमान गढ़ी मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। इस दौरान जुलूस के ऊपर छात्रों से महिलाएं रंग और गुलाल फेकती हुई देखी गई। कुल मिला कर होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण तरीके से क्षेत्र में हुआ जिसको लेकर पुलिस ने राहत की सांस ली। कस्बे में लोगों ने एक दूसरे को फूल की माला व गुलाल लगाकर बधाई दिया और शाम के समय लोग एक दूसरों के घरों पर जाकर के होली की हार्दिक शुभकामनाएं एक-दूसरे को दिया। क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान द्वारा थानाध्यक्ष नगर मय फोर्स के साथ होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना नगर अन्तर्गत कस्बा नगर में लोगों/बच्चों के साथ होली त्योहार मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों को गुलाल/मिठाई वितरित गया एवं छोटे-छोटे बच्चो को मिठाई खिलाकर पिचकारी,रंग, गुलाल वितरण किया गया साथ ही सभी से शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। **हर्रैया कार्यालय** के अनुसार हर्रैया तथा आस-पास के विभिन्न कस्बो एवं गांव में रंगो का त्यौहार होली परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरे क्षेत्र में होली हर्षोल्लास के साथ खेली गयी। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही आई। बुधवार को प्रातः काल से ही छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी में रंग भरकर अपने-अपने मित्रो के साथ रंग खेलने के लिए निकल पडे। दस बजते-बजते युवाओं की टोली भी सडको पर रंग खेलने के लगी। रंगो से सराबोर होकर युवाओ की टोली चल रही थी। शाम होते ही कुछ गांव में बुजुर्ग एवं युवा ढोल, मजीरा लेकर फगुआ गाते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते नजर आए। बाजार और दुकाने पूरी तरह बन्द रही। सड़क पर सिर्फ रंग खेलने वालो का हुड़दंग ही दिखायी दे रहा था। क्षेत्र में कही से कोई अप्रिय घटना नही हुई लेकिन कुछ जगह शराब पीकर लोगो ने हुड़दंग जरूर किया। पूरे दिन पुलिस की टीम भी भ्रमण करती रही त्यौहार शान्त पूर्ण रहा। परशुरामपुर, कप्तानगंज, महराजगंज, बभनान, छावनी, विक्रमजोत, दुबौलिया, विशेषरगंज और गौर प्रतिनिधियो के अनुसार क्षेत्र में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# फगुआ गीतों संग पुलिस लाइन में मनी होली

**होली मिलन**

बस्ती, निसं। जिलेभर में सकुशल होली का जश्न सम्पन्न होने के बाद गुरुवार की शाम पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। फगुआ के गीतों के बीच सभी होली के जश्न में थिरकते रहे। कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा, आईजी आरके भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। आला अफसरों ने सबसे पहले पूरी टीम को सकुशल होली सम्पन्न कराने के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम के समापन में फूलों की होली भी खेली गई।

होली मिलन समारोह में फगुआ के गीतों का शमां गायक पंकज गोस्वामी व वंदना ने बांधा। 'होली खेंले रघुवीरा', 'आज बृज में होली है रे रसिया', 'रंग बरसे भीखे चुनर वाली', 'रेलिइया बैरन पिया को' समेत अन्य गीतों से कलाकारों ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इससे पूर्व पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए त्योहार के दिन मुस्तैदी से ड्यूटी करने के लिए शाबासी दी।एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ हर्रैया शेषमणि पांडेय, सीओ कलवारी विनय चौहान समेत अन्य अफसरों ने होली की शुभकामना दी। इस अवसर पर डॉ. आकांक्षा, एलआईयू प्रभारी आलोक सिंह, आरआई संदीप यादव, कोतवाल शशांक शेखर राय, एसओ पुरानी बस्ती योगेश सिंह, एसओ कप्तानगंज रोहित उपाध्याय, एसओ छावनी दुर्गेश पांडेय, एसओ नगर जनार्दन प्रसाद, एसओ वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव, एसओ हर्रैया शैलेष सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह समेत थानों व विभिन्न शाखओं के प्रभारी मौजूद रहे। संचालन मानवी सिंह ने किया।



पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में उपस्थित कमिश्नर, आईजी, डीएम व एसपी। ● हिन्दुस्तान

# उपनिरीक्षक पद पर चयनित आरक्षियों को दी गयी विदाई

**छावनी(एसएनबी)**। स्थानीय थाना परिसर में गुरूवार को उपनिरीक्षक पद पर चयनित तीन आरक्षियों को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने किया। सहकर्मियों द्वारा तीनों पुलिस कर्मियों का माल्यापर्ण कर उपहार भेट किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाने पर तैनात आरक्षी आदर्श तिवारी, अविनाश सिंह एवं रतन शाह ने 2020-21 के उपनिरीक्षक की सीधी भर्ती को उत्तीर्ण किया है। तीनों आरक्षी प्रशिक्षण के लिए जा रहे है। उन्होने कहा कि एक तरफ उनके चयनित होने पर हर्ष है तो दूसरी तरफ अलग होने का दुख लेकिन उनके द्वारा ईमानदारी पूर्वक किया गया कार्य हमेशा याद रहेगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिस भी पद पर रहें ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें।

# पैसे की लेनदेन में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। पैसे की लेनदेन को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के पठान टोला के रहने वाले मुहम्मद वासिक को आरोपी कल्लू उर्फ सिवेश त्रिपाठी अपने साथियों के साथ मिलकर पैसे की लेनदेन में गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित मुहम्मद वासिक पुत्र मोहम्मद अय्यूब निवासी पठान टोला थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कल्लू उर्फ सिवेश त्रिपाठी पुत्र चक्रधर बावा निवासी पंडित टोला (बारी टोला के बगल) थाना पुरानी बस्ती तथा 7-8 अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पकौड़ी का पैसा मांगने पर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। पकौड़ी का पैसा मांगना एक दुकानदार को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने उसे गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के धनौवा स्थित लक्ष्मी प्रसाद की दुकान पर आकर कुछ लोगो ने पकौड़ी खायी और बिना पैसा दिये जाने लगे। जिसपर लक्ष्मी प्रसाद ने पकौड़ी का पैसा मांगा तो आरोपियों को नागवार लग गया। जिसके बाद उसे गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित लक्ष्मी प्रसाद पुत्र गंगाराम निवासी बगही थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजनम पुत्र सुरेमन, सियाराम पुत्र विश्राम निवासीगण बगही थाना कलवारी तथा दो अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में चार घायल, एक रेफर

**हर्रैया(एसएनबी)**। दो अलग-अगल स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया गया। एक की हालत गम्भीर होने के कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया जबकि तीन का इलाज वहीं पर चल रहा है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के बेदीपुर निवासी बबलू पुत्र पन्ना लाल बाइक से बस्ती जा रहे थे। हाईवे पर संसारीपुर चौराहे के पास एक कार में पीछे से टकरा कर गिर पडे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने उन्हे सीएचसी हर्रैया पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गम्भीर होने के कारण जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। एक अन्य जानकारी के अनुसार वाल्टरगंज कस्बा निवासी संजू पटवा पुत्र राजाराम पटवा अपनी मां सुदामा तथा अजीत पटवा पुत्र राम लखन पटवा के साथ मोटरसाइकिल से लालपुर गए थे जहां तीनो बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया गया।

# तीन मनचलों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)**। सड़क पर आ जा रही लड़कियों व महिलाओं पर अश्लील फब्तिया व अश्लील इशारे करने वाले तीन मनचले लड़को को मुण्डेरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा अरविन्द कुमार शाही के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्र द्वारा सड़क पर आ जा रही लड़कियों व महिलाओं पर अश्लील फब्तिया व अश्लील इशारे करने वाले तीन नफर मनचले लड़को को ग्राम देवरिया माफी से गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 83/2023 धारा 294 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का विवरण विजय प्रकाश मौर्या निवासी केनौना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, रामजीत मौर्या निवासी सालेहपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर, शिवानन्द दूबे निवासी केनौना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर शामिल रहे।

# गोवध मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बनकटी। लालगंज क्षेत्र के रौतापार गांव में सात मार्च को गोवंशीय पशु के अवशेष बरामदगी के मामले में पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। लालगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि चार नामजद आरोपितों में से जहूर व सिंधु पत्नी अब्दुल्लाह को मंगलवार को लोईयांभारी गांव से गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में दो अन्य का नाम सामने आया। इसके आधार पर आरोपी हाशिम व सुभान अली को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

वाल्टरगंज थाने में तैनात रहे सिपाही की सांसद, जिपं अध्यक्ष से की शिकायत

# गोतस्करी में फंसा देने के आरोपी सिपाही का तबादला

**कार्रवाई**



जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर सिपाही की शिकायत करने पहुंचे बिछियागंज के ग्रामीण।

**साऊंघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** रुपये न देने पर ग्गोतस्करी में फंसाने के आरोपों में घिरे वाल्टरगंज थाने पर तैनात सिपाही प्रदीप सिंह का दुबौलिया थाने में तबादला कर दिया गया है। पीड़ित ने इस मामले में ग्रामीणों संग सांसद व जिपं अध्यक्ष से गुहार लगाई थी।

सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष से मिलने पहुंचे बिछियागंज के ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि वाल्टरगंज थाने पर तैनात सिपाही ने गांव के सब्जी विक्रेता सद्दाम की गाड़ी में गोमांस रखकर उसे गोतस्करी में फंसा दिया। मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी रुपये न देने पर सिपाही ने अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोप में फंसाने के लिए उनके बेटे को थाने ले जाकर पीटा था। उस समय भी उन्होंने आला अधिकारी से शिकायत की थी लेकिन सिर्फ एक ही सिपाही को हटाया गया। चर्चित सिपाही थाने पर ही बना रहा।

पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया कि इस बार भी रुपये न देने पर उनके बेटे को गोतस्करी में फंसा दिया है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने थानाध्यक्ष से नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट तलब करते हुए कार्रवाई करने को कहा था। मामले की जानकारी होने पर एसपी ने सिपाही का तबादला वाल्टरगंज से दुबौलिया थाने के लिए कर दिया है।

# होली के दिन अलग-अलग सड़क हादसों में 13 घायल

- चैनपुरवा ओवरब्रिज पर गिरे ऑयल की चपेट में आकर छह घायल
- वाल्टगंज, कप्तानगंज, हर्रैया व छावनी क्षेत्र में हुए हादसों में सात चोटिल

**बस्ती, हिटी।** पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, कप्तानगंज, हर्रैया और छावनी थाना क्षेत्र में होली के दिन हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तेरह लोग घायल हो गए। सांऊघाट संवाद के अनुसार पुरानी बस्ती क्षेत्र के चैनपुरवा ओवरब्रिज पर ऑयल गिरकर फैल गया था। इसकी चपेट में आने से एक-एक कर आधा दर्जन बाइक सवार अनियंत्रित हो गए। बाइक से गिरने से उन्हें चोट आई। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही निवासी दो युवक मनौरी होते हुए बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

तभी चैनपुरवा ओवरब्रिज पर दो बाइक सवार ऑयल के चलते फिसल गए। इन्हें गिरता देख बचाने पहुंचे इन दोनों युवकों की बाइक भी स्लिप हो गई। इसमें मो. फैजान, मो. नफीस आदि घायल हो गए।

**सांऊघाट संवाद के** अनुसार वाल्टरगंज थानांतर्गत बस्ती-बांसी मार्ग के किसान सेवा सहकारी समिति बसडीला के सामने बाइक सवार दो युवक नीलगाय से टकरा कर घायल हो गए। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के भुअर निरंजनपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के दाऊद पट्टी निवासी संजय दोनों एक ही बाइक से हनुमानगंज से बस्ती की तरफ लौट रहे थे। किसान सेवा सहकारी समिति बसडीला के पास पहुंचते ही नीलगाय से बाइक टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।

**कप्तानगंज संवाद के** अनुसार होली के दिन करीब एक बजे महाराजगंज अंडरपास के पास कार की चपेट में आकर बाइक मोहित कुमार निवासी तेलियाडीह महाराजगंज के पैर की हड्डी टूट गई। शाम करीब चार बजे महाराजगंज चौकी के त्रिलोकपुर के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरने के कारण हर्रैया थाना क्षेत्र के रहने वाले बुजुर्ग घायल हो गए।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन गंभीर

**घघौवा।** छावनी थाना क्षेत्र के अमरीका विक्रमजोत मार्ग पर बुधवार को दिन में करीब दो बजे दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप में घायल हो गए। गोण्डा जनपद के नबाबगंज थानांतर्गत हवलदारपुरवा निवासी अमित कुमार व हर्रैया थाना क्षेत्र के केशवापुर निवासी श्रवन एक बाइक पर सवार होकर विक्रमजोत की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि केनैना चौराहे के पास थाना क्षेत्र के कलानी कला गांव निवासी अम्बिका पाण्डेय अपनी बाइक से गांव की तरफ जा रहे थे। रास्ते में दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। तीनों को गंभीर चोट आई।

# राज्य कर्मचारियों की बैठक कल

बस्ती। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर 21 मार्च को डीएम दफ्तर पर धरने की तैयारी को लेकर 11 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे कलक्ट्रेट स्थित परिषद कार्यालय पर मीटिंग बुलायी गयी है। यह जानकारी परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अधार पाल एवं मंत्री तौलू प्रसाद ने संयुक्त रूप से दी है। इसमें सभी संगठनों के अध्यक्ष/मंत्री शामिल होंगे।

# दो माह से दमकल विहीन है अग्निशमन केंद्र

**भानपुर।** अग्नि शमन केन्द्र भानपुर का 400 लीटर क्षमता वाला फायर टेंडर जिला मुख्यालय से संवद्ध है। कारण जिला मुख्यालय का फायर टेंडर प्रयागराज भेज दिया गया है। दो माह से भानपुर का केंद्र दमकल विहीन है। चैत माह शुरू होने के साथ तपिश बढ़ने लगी है। इस दौरान क्षेत्र में आग लगने की संभावना अधिक है। यदि आग लगती है तो उसे रोकने के लिए केंद्र पर दमकल नहीं है।

# आत्महत्या करने जा रही युवती को बचाया

**बस्ती।** होली के दिन आत्महत्या करने जा रही एक युवती को ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बनकटा रेलवेब्रिज के नीचे एक रेलवे लाइन के पास बुधवार को पहुंची युवती को देख ग्रामीण पहुंच गए और उसे ऐसा करने से रोक लिया। चौकी प्रभारी पटेल चौक परमहंस पाल बताया कि युवती सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। पूछताछ में उसने बताया कि पड़ोसियों के ताने-बाने से तंग आकर उसने आत्महत्या करने का फैसला लिया था। होली की शाम करीब पांच बजे घर से निकली थी। बनकटा रेल लाइन के पास ट्रेन से कटने पहुंची युवती को ग्रामीणों ने बचाया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# उप निरीक्षक बने आरक्षियों को दी विदाई

**छावनी।** तीन आरक्षियों का उप निरीक्षक पद पर परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रमोशन होने के बाद गुरुवार को छावनी थाना परिसर में विदाई दी गयी। थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने साथियों को सम्मानित किया।
छावनी थाने पर तैनात कांस्टेबल मुंशी आदर्श तिवारी, अविनाश सिंह व रतन शाह का विभागीय परीक्षा के बाद उप निरीक्षक पद पर चयन हो गया है।

# होली में हुड़दंग करना पड़ा भारी, आधा दर्जन पर केस

- मारपीट करने वाले चार का चालान कर एसडीएम कोर्ट भेजा
- अरोप को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया जेल

छावनी/ सल्टौआ, हिसं। जिले के सोनहा व छावनी थाना क्षेत्र में होली के दिन हुड़दंग करना आधा दर्जन लोगों को भारी पड़ा। सोनहा पुलिस ने मारपीट करने वाले चार का चालान कर एसडीएम कोर्ट भेजा, जहां से सभी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं छावनी पुलिस ने हुड़दंग करने वाले दो युवकों का हिरासत में लेकर चालान किया।

सोनहा थाना क्षेत्र के सगरा गांव में बुधवार की सुबह होली खेलने को लेकर चार लोगों ने जमकर उत्पात मचाया व मारपीट की। सूचना पर चौकी प्रभारी असनहरा मनीष जायसवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और चारों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आए। आरोपी सुभाष, राजू, प्रीतम उर्फ कायर तथा प्रीतम निवासी सगरा थाना सोनहा का शांतिभंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट ले गए। वहीं छावनी पुलिस ने होली में हुड़दंग करने वाले दो युवकों का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि होली के दिन अर्जुनपुर गांव में हुड़दंग के बाद दोनों मारपीट करने लगे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी मनोज निषाद व रविन्द्र निषाद बैताली को हिरासत में ले लिया था।

**होली के दिन पुरानी रंजिश में मारपीट:** बस्ती। होली के दिन पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना सामने आई। पुरानी बस्ती के भरवलिया में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने कोड़रा पांडेय निवासी रामवृक्ष की तहरीर पर गांव के राहुल, राजन और अरविन्द के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# उप निरीक्षक बने आरक्षियों की हुई विदाई

**छावनी, बस्ती :** छावनी थाने पर तैनात तीन आरक्षियों का उपनिरीक्षक पद पर चयन होने के बाद गुरुवार को उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद लोग भावुक भी हो गए। छावनी थाने पर मुंशी आदर्श तिवारी, अविनाश सिंह व रतन शाह का चयन उप निरीक्षक के पद पर हो गया है। गुरुवार को थाना परिसर में समारोह पूर्वक तीनों को विदा किया गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने तीनों को शुभकामनाएं दी।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले तीन गिरफ्तार

बस्ती : मुंडेरवा पुलिस ने सड़क से गुजर रहीं लड़कियों व महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि आरोपित विजय प्रकाश मौर्या, शिवानंद दुबे निवासी केनौना थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर और रामजीत मौर्या निवासी सालेहपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआइ दिनेश चंद्र मिश्र व रामकृपाल निषाद शामिल रहे। (जासं)

# बच्चों द्वारा पानी फेकने को लेकर मारपीट, मुकदमा

**जासं, फकौलिया,वस्ती:** पिपराकाजी गांव में होली के दिन बच्चों द्वारा एक दूसरे पर पानी फेकने को लेकर मारपीट हुई। एक पक्ष की अनीता देवी पत्नी चंद्रबली ने आरोप लगाया है बब्लू पुत्र शिवशंकर, सीमादेवी, और दो अन्य लोगों ने डंडे व कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया। इससे सुमन, शोभा व विंध्वासिनी को चोटें आईं। दूसरे पक्ष की सीमा देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के अनीत, विंध्यवासिनी, शोभा व राम नोहर ने उसे, बब्लू, रामानंद व दिव्या को मारपीट कर घायल कर दिया हैं। उसका दरवाजा भी तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले में क्रास केस दर्ज किया है।

# मनबढ़ों के हमले में चार घायल, एक की हालत गंभीर, दो गिरफ्तार

**जासं, बभनान, बस्ती :** गोंडा के छपिया थाने के बभनान पुलिस चौकी अंतर्गत ढढौवा गांव में कुछ मनबढ़ों ने गांव के ही एक व्यक्ति के घर तमंचा,चाकू व डंडा लेकर हमला बोल दिया। हमले में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

ढढौवा गांव निवासी अनिल मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बुधवार को होली मिलन के लिए उसके घर पर विनय सिंह निवासी ग्राम पैकोलिया पाली थाना पैकोलिया जनपद बस्ती, वीरु सिंह निवासी ग्राम पिपरा गौतम थाना नगर, जनपद बस्ती, संदीप सिंह निवासी ग्राम सिसहनी आए हुए थे। इसी बीच गांव के ही दीपक शुक्ला, आलोक, अमित शुक्ला व अमित चौबे निवासी ग्राम सुकरौली थाना छपिया अचानक हाथ में चाकू-डंडा तथा तमंचा लेकर पहुंच गए। अनिल का आरोप है कि उन पर चाकू, डंडा से हमला बोलते हुए हुए तमंचा से फायर भी किया गया। जिससे वह घायल हो गए। चौकी प्रभारी बभनान राकेश ओझा ने बताया कि पीड़ित अनिल कुमार मिश्रा की तहरीर पर आरोपितों पर मारपीट, जानलेवा हमला के तहत केस दर्ज कर आलोक शुक्ला व अमित को रेलवे स्टेशन बभनान के पीछे साइकिल स्टैंड के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर होली के दिन मारपीट, मुकदमा

बस्ती : होली के दिन पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना हुई। पुरानी बस्ती थाने के भरवलिया गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कोड़रा पांडेय गांव निवासी रामवृक्ष की तहरीर पर गांव के राहुल, राजन और अरविंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं वाल्टरगंज के बनकटा गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने रामतौल की तहरीर पर इसी गांव के अरुण कुमार व उसकी पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जास)

**भेजे गए जेल, छावनी:** छावनी पुलिस ने होली में हुड़दंग करने वाले दो युवकों का चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि होली के दिन अर्जुनपुर गांव में हुड़दंग के बाद मारपीट हो गई थी। पुलिस ने अर्जुनपुर निवासी मनोज व रविंद्र निषाद को हिरासत में ले लिया था।

# फगुआ गीतों की फुहार के साथ मना रंगों का पर्व होली

**बस्ती (एसएनबी)।** होलिका दहन के बाद रंगों का पर्व होली पूरे जिले में हर्षोल्लास व पारम्परिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। हर तरफ रंगों की फुहार रही तो फगुआ गीतों की धूम भी देखी गयी। घरों में स्वादिष्ट व्यंजनों की श्रृंखला हर बार की तरह इस बार भी रही तो दोपहर बाद घर-घर जाकर लोगों को मुबारकवाद देने का दौर भी चला। कोई अनहोनी न हो, इसे लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। वहीं डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव भी पूरे दिन दौड़ते रहे। गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइंस बस्ती में पुलिसकर्मियों ने होली खेला जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ आईजी रेंज आरके भारद्वाज व एसपी आशीष श्रीवास्तव शामिल रहे।

होलिका दहन के बाद रंगों का पर्व मनाये जाने की शुरुआत हुई तो यह बुधवार के तीसरे पहर तक चलता रहा। गांव में होली गीतों की भी धूम रही। ज्यादातर घरों में ढोल-मजीरे की थाप पर फगुआ गीत गाये गये। जिसका सुर से लोग सराबोर होते रहे। गांव-गांव टोली बनाकर होली खेलने वाली टीमें भी निकली। हर जगह आपसी सौहार्द का माहौल रहा। छिटपुट मामूली विवादों को छोड़ कर कहीं भी होली के रंग में खटास नहीं आयी। गरीब बच्चों एवं महिलाओं को होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा पिचकारी, अबीर, गुलाल, मिठाई, टोपी दिया गया। जिसे पाकर बच्चों एवं उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल गये तथा सब लोगों ने साथ मिलकर होली हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। कुदरहा विकास क्षेत्र के दर्जनो ग्राम पंचायत क्षेत्रो में धूम धाम सेशान्ति पूर्वक होली का त्योहार मनाया गया। जिसमें बच्चों व बुजर्गो एवं महिलाओं ने एक दूसरे को रंग व अब्बीर लगा कर त्योहर मनाये। कुदरहा क्षेत्र के कुदरहा, पिपरपाती, चकिया, छरदही, कल्यानपुर, जिभियाव, बैसिया कला, परेवा, चकिया, रघऊपुर, इजरगढ़ सहित तमाम गावो में झुन्ड बना कर रंग गुलाल व मिट्टी से लोगों ने होली। कुदरहा कस्बे बच्चों द्वारा चौराहे पर दही हांडी फोड़ी और गले मिल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं भी दी। लालगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कुदरहा में शान्ति पूर्वक होली का पर्व मनाया गया। पुलिस की गाड़ी पूरे दिन हूटर बजाती दौड़ती रही। देर रात तक क्षेत्र में गश्त करती रही और लोगों से शान्ति पूर्ण त्यौहार मनाने की अपील भी करती रही।


बस्ती/हर्रैया : पुलिस लाइन्स मे होली खेलते आईजी व पुलिस अधीक्षक तथा हर्रैया में फगुआ गाते लोग।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम रंग के बाद घर-घर अबीर लगाने का दौर शुरू**

**रुधौली प्रतिनिधि** के अनुसार रुधौली क्षेत्र में होली का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से लोगों ने मनाया। सुबह से ही लोग रंग अबीर और गुलाल लेकर एक दूसरे को सराबोर कर मस्ती करते रहे। लोगों ने खूब मस्ती की और गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दोपहर के बाद दिखे रंगों का दौर समाप्त हुआ और एक दूसरेके घरोंपर जाकर होली की बधाई दी। मंगलवार की देर रात होलिका दहन के साथ होलिकोत्सव शुरू हो गया। हवन पूजन के बाद होली जलाई गयी। इसके बाद लोगों ने होली की परिक्रमा करके होली गीत फगुआ गीत गाए। वहीं महिलाओं ने भी रंग अबीर गुलाल तथा गोबर के बल्ले डाल कर होली की पूजा की सुबह होते ही बच्चों का झुंड सड़कों पर निकल पड़ा और डीजे की धुन पर होली गीतों पर थिरकते रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रही वहीं क्षेत्र के पिपरा कला,रुधौली कस्बा,मथुरापुर,पडिया,हनुमानगंज, जामदा शाही चमनगंज तेलियाडीह सरैया हनुमानगंज कोहरा सहित स्थानों पर होली की धूम मची रही। वही क्षेत्र के बिजहाडुहा स्थित बडके बाबा मंदिर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। क्षेत्र के मनमोहन त्रिपाठी जिला संयोजक बजरंग दल,अनुराग पाठक, अतुल यादव, विजय चौधरी, सूर्य प्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, चंचल शुक्ला सहित लोगों ने होली खेला और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामना दिया ।

**वाल्टरगंज प्रतिनिधि** केअनुसार होली के पर्व पर वाल्टरगंज कस्बे में लोगो एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । इस दौरान हर वर्ष की भांति इस बार भी होली की झांकी निकाली गई जो कि कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरते हुए हनुमान गढ़ी मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। इस दौरान जुलूस के ऊपर छात्रों से महिलाएं रंग और गुलाल फेंकती हुई देखी गई। कुल मिला कर होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण तरीके से क्षेत्र में हुआ जिसको लेकर पुलिस ने राहत की सांस ली। कस्बे में लोगों ने एक दूसरे को फूल की माला व गुलाल लगाकर बधाई दिया और शाम के समय लोग एक दूसरों के घरों पर जाकर के होली की हार्दिक शुभकामनाएं एक-दूसरे को दिया। क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान द्वारा थानाध्यक्ष नगर मय फोर्स के साथ होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना नगर अन्तर्गत कस्बा नगर में लोगों/बच्चों के साथ होली त्योहार मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों को गुलाल/मिठाई वितरित गया एवं छोटे-छोटे बच्चो को मिठाई खिलाकर पिचकारी,रंग, गुलाल वितरण किया गया साथ ही सभी से शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। **हर्रैया कार्यालय** के अनुसार हर्रैया तथा आस-पास के विभिन्न कस्बो एवं गांव में रंगो का त्यौहार होली परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरे क्षेत्र में होली हर्षोल्लास के साथ खेली गयी। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही आई। बुधवार को प्रातः काल से ही छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी में रंग भरकर अपने-अपने मित्रो के साथ रंग खेलने के लिए निकल पडे। दस बजते-बजते युवाओं की टोली भी सडको पर रंग खेलने के लगी। रंगो से सराबोर होकर युवाओ की टोली चल रही थी। शाम होते ही कुछ गांव में बुजुर्ग एवं युवा ढोल, मजीरा लेकर फगुआ गाते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते नजर आए। बाजार और दुकाने पूरी तरह बन्द रही। सड़क पर सिर्फ रंग खेलने वालो का हुड़दंग ही दिखायी दे रहा था। क्षेत्र में कही से कोई अप्रिय घटना नही हुई लेकिन कुछ जगह शराब पीकर लोगो ने हुड़दंग जरूर किया। पूरे दिन पुलिस की टीम भी भ्रमण करती रही त्यौहार शान्त पूर्ण रहा। परशुरामपुर, कप्तानगंज, महराजगंज, बभनान, छावनी, विक्रमजोत, दुबौलिया, विशेषरगंज और गौर प्रतिनिधियो के अनुसार क्षेत्र में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# शांतिभंग की आशंका में आठ हुए पाबंद

**बस्ती।** होली के दिन विवाद करने के आरोप में पुलिस ने आठ आरोपियों कसा शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है। बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक लालगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया निवासी महेश सिंह तथा देईसाड़ गांव निवासी रमेश चन्द व राम चंद्र का पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।

सोनहा प्रतिनिधि के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सगरा में नशे की हालत में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। भानपुर में होली के हुड़दंग में मारपीट हुई है। फरेनिया गांव में होली के दिन शराब के नशे में मारपीट हुई है। दरियापुर जंगल टोला पोखर डीहवा में शराब के नशा में मारपीट हुई है।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि सिसवाखुर्द गांव के सुन्दरम शुक्ला, सगरा गांव के सुभाष, राजू, प्रीतम व फरेनिया गांव के विनोद का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है। विक्रमजोत प्रतिनिधि के मुताबिक छावनी पुलिस ने होली में हुड़दंग करने वाले दो युवकों का शांतिभंग के मामले में चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि होली के दिन अर्जुनपुर गांव में हुड़दंग के बाद पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। संवाद

# होली मनाने गांव गया परिवार, घर में हो गई चोरी, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बस्ती।** शहर कोतवाली के सुपेलवा गांधीनगर निवासी एक परिवार होली मनाने अपने गांव गया था। खाली घर पाकर चोरों ने मंगलवार रात को साढ़े 52 हजार रुपये सहित तमाम सामान चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि घटना में प्रयुक्त पेंचकस और 18 रुपये नगदी बरामद कर लिया गया है। सुपलेवा निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि होली का पर्व मनाने के लिए परिवार सहित वह अपने गांव भरौली बाबू थाना वाल्टरगंज गए थे। इस दौरान छत के रास्ते घर में घुसकर अलमारी का लॉकर तोड़कर अंदर रखे 52 हजार 500 रुपये और पत्नी की ज्वैलरी व पर्स में रखे 42 सौ रुपये चोरी हो गए। संवाद

# चाय की दुकान से मादक पदार्थ बरामद

## दुकानदार गिरफ्तार, पैकोलिया पुलिस ने धर्मदासपुर चौराहे से की बरामदगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने थानाक्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास से एक चाय की दुकान से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस का दावा है कि बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है।

थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास एक चाय की दुकान में कुछ नशीला पदार्थ रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दुकान की तलाशी ली तो वहां फ्रिज के नीचे पॉलिथीन में सफेद व हल्का गुलाबी रंग का नशीला पदार्थ बरामद

**11 थैलियों में भरा था 40 लाख का माल, और एक थैले में था 10 लाख रुपये का माल**

हुआ। प्लास्टिक की नौ पुड़िया में सफेद रंग का नशीला पाउडर, जिसका वजन कुल 155.24 ग्राम और संभावित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है, जबकि 11 प्लास्टिक की पुड़िया में हल्के गुलाबी रंग का मादक पदार्थ, जिसका वजन 186.77 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 10 लाख है, बरामद किया गया है।

इसके अलावा एक तेलगू भाषा का पुराना समाचार पत्र भी बरामद किया गया है। मादक पदार्थ इसी में लपेटा गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की पहचान मेथाक्यूलिन (सफेद) तथा एम्फैथोमाइन्स (हल्का गुलाबी) के रूप में हुई। इसे नशे के रूप में प्रयोग किया जाता है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि दुकानदार संजय वर्मा निवासी चतरा थाना पैकोलिया के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि यह नशीला पाउडर एक आदमी दक्षिण भारत से लाकर उसको देता है। इसके बदले में वह रुपये ले जाता है। कहा कि उसकी भाषा को वह अच्छी तरह नहीं समझ पाता, जिसके चलते वह उसका नाम व पता बताने में असमर्थ है।

# होली के दिन पुरानी बस्ती में मारपीट

**बस्ती।** होली के दिन पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना सामने आई। पुरानी बस्ती के भरवलिया में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने कोड़रा पांडेय निवासी रामवृक्ष की तहरीर पर गांव के राहुल, राजन और अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं वाल्टरगंज के बनकटा में हुई मारपीट की घटना में रामतौल की तहरीर पर इसी गांव के अरूण कुमार व उसकी पत्नी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। संवाद

# अश्लील टिप्पणी करने वाले तीन गिरफ्तार

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने सड़क पर गुजर रहीं लड़कियों व महिलाओं पर अश्लील फब्तियां व इशारे करने वाले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा अरविंद कुमार शाही ने बताया कि आरोपी विजय प्रकाश मौर्या, शिवानंद दुबे निवासी केनौना थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर और रामजीत मौर्या निवासी सालेहपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के खिलाफ आईपीसी 294 के तहत केस दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई दिनेश चंद्र मिश्र व रामकृपाल निषाद शामिल रहे। संवाद

# भेदभाव भुलाकर होली के रंग में रंगे नजर आए लोग

## डीजे पर बजे गीतों पर थिरकती दिखी युवाओं की टोली, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भ्रमण करती रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। रंगों का पर्व होली शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर कोई आपसी भेदभाव भुलाकर रंगों से सराबोर नजर आया। एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाने के साथ ही मिठाई खिलाकर त्योहार की मिठास का अहसास कराया। डीजे की धुन और होली गीतों पर युवाओं की टोली मस्ती में डूबी नजर आई। शाम को नए कपड़े पहनकर लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दीं।

शहर के कंपनी बाग, गांधीनगर, मालवीय रोड, पुरानी बस्ती, पांडेय बाजार, अस्पताल चौराहा, कटरा, कचहरी सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सुबह जब डीजे की धुन पर युवाओं की टोली निकली तो क्या बच्चे, क्या बूढ़े, सभी खुद को होली के हुड़दंग में शामिल होने से न रोक सके।

बड़ेबन, कटरा, कंपनी बाग, स्टेडियम कॉलोनी, रौता, रामेश्वरपुरी, आवास विकास, मालवीय रोड, रंजीत कालोनी, बेलवाडाड़ी, बिशुनपुरा, ओरीजोत, बभनगांव, दक्षिण दरवाजा, मंगलबाजार, राजा बाजार, पांडेय बाजार, बरदहिया आदि मोहल्लों में जमकर होली खेली गई। सुबह से ही बच्चे, बूढ़े और नौजवान होली खेलते नजर आए। छोटे बच्चे पिचकारी में रंग भरकर घर के सामने से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रंगों से सराबोर करने में लगे थे। कुछ लोग ढोल-मजीरे के साथ फगुआ गाते होली खेल रहे थे।

इस दौरान कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने एक-दूसरे के साथ कपड़ा फाड़ होली खेली। शाम को लोग नहा-धोकर घरों से बाहर निकले और अपने सगे संबंधियों के साथ ही मित्रों के घर पहुंचकर अबीर गुलाल लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लिया। फगुआ और जोगीरा के बीच होली की मस्ती छाई रही। फिल्मी गीतों पर थिरकते कदम, तालियों की आवाज, रंगों की फुहार के बीच हर ओर बस बुरा न मानो होली है की धूम रही।

त्योहार में किसी प्रकार की खलल न होने पाए, इसके लिए पुलिस शहर में चक्कर काटती रही। हर चौराहे, हर बाजार के अलावा प्रमुख कॉलोनियों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सायरन की गूंज लोगों के सुरक्षित होने का अहसास दिलाती रही। देर शाम जब शहर की होली खेलने के बाद लोग अपनों का आशीर्वाद लेने एक-दूसरे के घर जाना शुरू किए तो माहौल और खुशनुमा हो गया।



गांधीनगर में होली खेलते बच्चे। संवाद



बैरिहवां मोहल्ले में होली के मौके पर एक दूसरे को रंग लगातीं युवतियां। संवाद

## ग्रामीणांचल में भी जमकर खेली गई होली

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले भर में होली का त्योहार उल्लास के साथ मनाया गया। गुलाल लगाकर एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। दिन भर पुलिस भ्रमण करती रही। बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार नगर पालिका सहित देईसाड़, बानपुर, महादेवा, पाकरडाड़, महसों, डेल्हापार, बरहुआ आदि क्षेत्रों में होली खेली गई।

विक्रमजोत प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के धिरौली पांडेय, सरसेडा, नटौवा, विक्रमजोत, शंकरपुर, छावनी, अमोढ़ा, मलौली गोसाईं, परशुरामपुर, बभनवां, केशवपुर, कोहराई, रजवापुर, केनौना, नगरा बढ़नी में जमकर होली खेली गई। महराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा सहित फरेंदा सेंगर, मडुआ लखनपुर, ओझागंज, बनहा, महुलानी, मानपुर, परिखारपुर, पैड़ा, लगड़ी, रखिया, पोखरा, कुदरहा, ऐठी, परसपुरा आदि क्षेत्रों में होली खेली गई।

हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में धूमधाम से होली मनाई गई। इसके अलावा बभनान, रुधौली, भानपुर, पैकोलिया, परशुरामपुर, कुम्हारी, कप्तानगंज, गौटवा, बहादुरपुर, लालगंज, नगर बाजार, वाल्टरगंज, गौर, मुंडेरवा, सल्टौआ आदि क्षेत्रों में भी होली मनाई गई।

आधार पर चार से छह बस दिल्ली तक भेजी जा रही हैं।

# फगुआ के गीतों संग मनी पुलिस लाइन में होली

## कमिश्नर, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी रहे मौजूद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले भर में सकुशल होली का जश्न संपन्न होने के बाद वीरवार को पुलिस लाइन में होली मिलन का आयोजन किया गया। फगुआ के गीतों के बीच सभी होली के जश्न में थिरकते रहे।

कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा, आईजी आरके भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

आला अफसरों ने सबसे पहले पूरी टीम को सकुशल होली संपन्न कराने के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम के समापन में फूलों की होली भी खेली गई।

समारोह में फगुआ के गीतों का समा गायक पंकज गोस्वामी व वंदना ने बांधा। 'होली खेलें रघुवीरा', 'आज बीरज में होली है रे रसइया', 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली', 'रेलिइया बैरन पिया को' समेत अन्य गीतों से कलाकारों ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इससे पूर्व पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए त्योहार के दिन मुस्तैदी से ड्यूटी करने के लिए शबासी दी।

### अफसरों ने पूरी टीम को सकुशल होली संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दीं

इस दौरान उपस्थित लोगों से अनुरोध किया गया कि होली रंगों का त्योहार है, इस मौके पर एक दूसरे से जो भी गिले शिकवे हों उन्हें भुलाया जा सकता है और रंग गुलाल लगाकर उन्हें अपने गले से लगाया जा सकता है। होली की खुशियों को बांटा जाए, खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। सभी सर्किल के सीओ से लेकर थाना प्रभारी/थानेदार आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का उद्घाटन करते कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र और एसपी आशीष श्रीवास्तव। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# परंपरागत तरीके से मनी होली

खेसरहा /डिड़ई (एसएनबी) । क्षेत्र में होली का त्यौहार रंग- गुलाल के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। कहीं से किसी प्रकार का अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ। सरकार की मंशानुरुप उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पूरे क्षेत्र में पुलिस ब्यवस्था चाक-चौबन्द रही। शिवनगर थाना क्षेत्र में होली के दिन शांति व्यवस्था को लेकर शांतिभंग के मद्देनजर थाना क्षेत्र के दो गांवों से कुल सात लोगों को पाबन्द किया गया। खेसरहा थाना क्षेत्र में भी शांति व्यवस्था बनी रही। होली के दिन कुथिंया चौकी क्षेत्र के चन्दापुर व खेसरहा क्षेत्र के दुबाई गांव में लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क रहा। रात में नौटंकी व दिन में मेले के कारण चौकी क्षेत्र में एसआई अमित कुमार तथा पूरे थाना क्षेत्र में हमराहियों के साथ थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व अन्य पुलिस कर्मचारी बिना विश्राम के जिम्मेदारी निभाते रहे जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति ब्यवस्था कायम रही। दिन रात अथक परिश्रम कर त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया।

# शव पहुंचने से पहले ही अलर्ट हो गया जिला अस्पताल

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। बानगंगा नदी में डूबे तीनों युवकों का शव गुरुवार दोपहर बरामद होने के बाद जिला अस्पताल अलर्ट मोड में आ गया था। एडीएम उमाशंकर घंटा भर पहले पहुंच कर सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त कराने में लग गए थे। इमरजेंसी में तीन बेड व तीन स्ट्रेचर तैयार कर दिए गए थे। भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया था।

शवों की बरामदगी की खबर के बाद एक उज्जवल मणि त्रिपाठी के नाक से खून आने की वजह से उसे जीवित समझ कर जिला अस्पताल एंबुलेंस से लाए जाने की खबर पाकर प्रशासन अलर्ट हो गया था। एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ काफी पहले जिला अस्पताल पहुंच गए। सदर व महिला थानों के अलावा अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई जिससे भीड़ को कंट्रोल किया जा सके। एडीएम ने



जिला अस्पताल में उज्ज्वल का शव पहुंचने से पहले जुटी भारी भीड़।

पहुंचते ही पूरी परिसर की साफ-सफाई करानी शुरू कर दी। अस्पताल स्टाफ ने तीन बेड पर चादर बिछाकर तैयार कर दिया था। तीन स्ट्रेचर तैयार थे जिसपर चादर बिछाई गई थी। डॉक्टरों की पूरी टीम अलर्ट थी। उज्जवल को लेकर एंबुलेंस से परिजन पहुंचे तो उसे तत्काल अस्पताल के अंदर ले जाकर डॉक्टरों ने परीक्षण कर मृत घेषित कर दिया। मृत घोशित होते ही कोहराम मच गया। परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे थे। परिजन पोस्टमॉर्टम नहीं चाहते थे इससे पंचनामा कर उज्जवल का शव उन्हें सौंप दिया गया।

**घर पहुंचा तो मच गया कोहराम:** तीनों युवकों का शव जब उनके घरों तक पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों की चित्कार सुन कर हर किसी का कलेजा दहल जा रहा था। परिजनों की दहाड़ मार कर रोने की आवाज से मौजूद लोगों की आंखें नम हो जा रही थी। उन्हें दिलासा देने की भी कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

## सीएचसी पर डीएम, एसपी औरसांसद रहे मौजूद

शोहरतगढ़ सीएचसी पर चिल्हिया थाना क्षेत्र बड़गो गांव निवासी विक्की सिंह पुत्र राधेरमण सिंह व निखिल सिंह पुत्र अरुण सिंह का शव लाया गया था। मौके पर डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद, सांसद जगदंबिका पाल मौजूद थे। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना किया तो पंचनामा कर उन्हें सौंप दिया गया। शाम चार बजे परिजन शव लेकर गांव जाने लगे तो उनके साथ सांसद जगदंबका पाला, डीएम, एसपी भी गांव तक गए।

## जिलेभर में रंगोत्सव पर लोगों ने खूब की मस्ती, गीतों पर थिरके

# हर्षोल्लास संग मनी होली उत्साह-उमंग में डूबे लोग

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। रंग व उमंग का पर्व होली बुधवार को शहर समेत पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक खूब अबीर गुलाल उड़े तो युवाओं की टोली ने अपने अंदाज में डीजे की धुन पर थिरक कर होली के पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। फाग गीतों की धूम रहीं। इस मौके पर ठंडई की मांग सबसे अधिक रही। शराब की दुकानों के बंद होने के बाद भी सभी ने जैसे तैसे अपना इंतजाम कर खूब धमाचौकड़ी की। शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। कार्यकारी मजिस्ट्रेटों के भी वाहन पूरे दिन सड़कों पर दौड़ते रहे।

शहर के मुख्य चौराहों पर युवाओं की टोली ने जमकर होली का हुड़दंग मचाया। जगह-जगह डीजे और फिल्मी गीतों की धुन पर थिरकते युवाओं ने खूब मस्ती की। दोपहर तक युवाओं की मस्ती छाई रही। इसके अलावा हाइडिल तिराहा, बेलहिया चौराहा, परसा चौराहा, लुंबिनी रोड़, बांसी स्टैंड तिराहा, स्टेशन रोड सहित सभी मोहल्लों में होली का गुलाल उड़ता रहा। इस बार लोगों ने साफ सुथरी होली मनाई। लोगों ने एक-दूसरे को रंग में भिगोया और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



शहर में होली की बधाई देने के लिए युवाओं के बीच सांसद जगदंबिका पाल, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद। ● हिन्दुस्तान

### सांसद, विधायक ने भी खेली होली

शहर में होली के मौके पर युवाओं की टोली के साथ सांसद जगदंबिका पाल, सदर विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने भी जमकर होली खेली। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई, शुभकामनाएं दी।

### सांसद के हस्तक्षेप पर बजाया गया डीजे

शहर में युवाओं की टोली की ओर से सुबह में ही डीजे बजाने पर पुलिस ने मना कर दिया था। इस बीच सांसद जगदंबिका पाल के पहुंचने पर युवाओं ने डीजे बजाने की इच्छा जताई। इसके बाद सांसद ने पुलिस कप्तान को दूरभाष पर पूरे जिले में डीजे बजाने के लिए थानाध्यक्षों को निर्देशित करने की बात कही।

सुबह से शुरू हुई होली की धूम दोपहर तक छाई रही। पर्व के मद्देनजर सुबह से ही होली की गूंज सुनाई देने लगी। हर किसी पर पर त्योहार का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा था। होली के गीतों और डीजे की धुनों पर युवाओं की टोली सड़कों पर नृत्य करती नजर आई। युवाओं के साथ हर आयु वर्ग के लोग होली के रंग में सराबोर दिखे।

# पुलिसकर्मियों ने जमकर खेली होली



गुरुवार को सदर महिला थाना परिसर में होली खेलती महिला एसआई। ● हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। बुधवार को जनता की होली सकुशल संपन्न कराने के बाद गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस लाइन परिसर में जमकर होली खेली। सीनियर-जूनियर अधिकारी सहित कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग से सराबोर किया और एकदूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी।

पुलिस लाइन में गुरुवार को जवान एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिले। इसके बाद आपस में रंग डालकर पर्व का आनंद लिया। लोगों ने सूखे व गीले रंगों की होली जमकर खेली। एएसपी, सीओ, दरोगा व जवानों ने एसपी को रंग से सराबोर कर दिया। शुरूआत एसपी ने आगे बढ़कर जवानों को रंग से भिगो दिया। इसके बाद जवानों ने उच्चाधिकारियों के साथ सहयोगियों के साथ रंग से सराबोर करते रहे। पुलिस लाइन के सभागार के सामने के मैदान में डीजे से फगुआ गीत की धुन पर जवान थिरकते रहे। इस मौके पर एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि जब सबकी होली समाप्त हो जाती है, जब पुलिस होली खेलती है। हमारा पहला दायित्व लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने में मदद करना होता है। एसपी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों के सहयोग से किसी जनपद में होली सकुशल हो गई।

## एसएसबी कैंप में भी जवानों ने खेली होली

43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से भी हर्षोउल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से बुराई पर अच्छाई की जीत, दिव्य प्रेम का उत्सव होली मुख्यालय परिसर व सीमा चौकियों में मनाया गया। मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमाडेंट राम कृष्ण डोगरा ने कहा कि होली आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है। यह त्योहार हर धर्म, संप्रदाय को भाईचारे का संदेश देता है।

## सभी थानों पर उड़े अबीर गुलाल

जनपद के सभी थानों और पुलिस चौकियों पर भी गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने थाना प्रभारियों की अगुवाई में होली खेली। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। जिला मुख्यालय पर महिला थाना पर भी जमकर होली खेली गई। प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा चौहान की अगुवाई में महिला सिपाहियों, कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

# युवकों की मौत से पूरे गांव की होली हो गई बदरंग



विक्की सिंह (फाइल फोटो)



निखिल सिंह (फाइल फोटो)



उज्जवल (फाइल फोटो)

## मातम

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** शोहरतगढ़ कस्बा से कुछ दूरी पर बही बानगंगा नदी में होली के दिन डूबे तीन युवकों के परिवार ही नहीं गांव की होली भी बदरंग हो गई। डूबने की खबर ने हर किसी को हिला कर रख दिया था। मृतकों में दो चिल्हिया थाना के बड़गो गांव व एक सिद्धार्थनगर थाना के भीमापार का निवासी था।

निखिल उर्फ अजीत सिंह (18) पुत्र राधेरमण सिंह, विक्की सिंह (19) पुत्र अरुण सिंह निवासी बड़गो थाना चिल्हिया व उज्वल मणि त्रिपाठी (19) पुत्र देवेश मणि त्रिपाठी निवासी भीमापार थाना सिद्धार्थनगर होली के दिन दोपहर लगभग ढाई बजे नहाते समय बानगंगा नदी के गहरे पानी में समा गए थे। इसकी जानकारी साथ गए छह अन्य दोस्तों ने आसपास के ग्रामीणों को देते हुए तीनों के परिजनों को दे दी थी। सूचना पहुंचते ही तीनों परिवारों में कोहराम मच गया।

होली का रंग सिर्फ परिवार के लिए ही नहीं बल्कि पूरे गांव के लिए बदरंग हो गए। घरों में जल रहे चूल्हे बुझ गए थे। हर किसी की आंखे आंसुओं से तरबतर थी। गुरुवार दोपहर बाद जब तीनों का शव बरामद हो गया तो फिर से कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य ही नहीं गांव का प्रत्येक नागरिक रो पड़ा।

**विक्की, निखिल का अंतिम संस्कार शुक्रवार को :** मृतक विक्की सिंह व निखिल सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह में किया जाएगा। परिजनों के आग्रह पर शव को बगैर पोस्टमॉर्टम उन्हें सौंप दिया गया है जिसे लेकर घर चले गए हैं। परिवार के कुछ सदस्य बाहर रहते हैं जो अब तक नहीं आ सके हैं। उनके देर रात तक आने की संभावना है। गांव में एहतियातन फोर्स की तैनाती कर दी गई है।

**उज्जवल का हो गया अंतिम संस्कार:** बानगंगा नदी में डूब कर जान गंवाने वाले उज्जवल मणि त्रिपाठी का अंतिम संस्कार गुरुवार देर शाम गए पैतृक गांव लोटन कोतवाली के सैनुआ गांव के घोंघी नदी तट पर कर दिया गया।

# एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप

इटवा। सत्ता पक्ष के दबाव में आकर स्थानीय प्रशासन एक पक्षीय कार्रवाई कर रहा है। इटवा चौराहे पर बुधवार सायं होली मिलन को लेकर सपा कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए मंच को प्रशासन ने सत्ता पक्ष को देकर काफी निंदनीय कृत्य किया है। यह बातें सपा विधायक व पूर्व विस अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कही।

वह गुरूवार को आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि समाजवादी कार्यकर्ता रज्जन पांडेय की ओर से इटवा चौराहे पर बुधवार सायं होली मिलन समारोह के लिए मंच, बैनर, लाउडस्पीकर के साथ कुर्सियों आदि की व्यवस्था की गई थी। ऐन वक्त पर स्थानीय प्रशासन ने सत्ता के दबाव में बैनर हटवा दिया गया।

## पुलिस ने भी खेली होली

गुरुवार को पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर धमाल मचाया। सीनियर-जूनियर अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग से सराबोर किया और गले मिलकर पर्व की बधाई दी। एक बार यह सिलसिला शुरू हुआ तो फिर न कोई अफसर रहा, न ही मातहत। सभी होली की खुमारी में डूब गए। एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ, प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह, मोहाना जीवन त्रिपाठी, उसका दिनेश कुमार सरोज, लोटन घनश्याम सिंह, जोगिया अभिमन्यु सिंह, निरीक्षक जय प्रकाश दुबे सहित तमाम निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी मौजूद रहे। (जासं)

# शांतिभंग में पांच का चालान

**गोल्हौरा।** गोल्हौरा थाने की पुलिस ने होली के दिन शांतिभंग करने पर पांच लोगों का चालान किया है। सभी थानाक्षेत्र के ग्राम गोठवाघाट के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार होली के दिन गांव निवासी सुरेंद्र गुप्ता, प्रेमदास गुप्ता, डब्लू चौधरी, रामजी, राम बहाल आपस में अबीर लगाने को लेकर झड़प कर लिए। सूचना पर पहुंची मुकामी थाने की पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया।

# इबादत में गुजरी अकीदतमंदों की पूरी रात

## रोशनी से जगमग हुए कब्रिस्तान, हर तरफ छाई रौनक, हुई आतिशबाजी, बच्चों में दिखा उत्साह





शब-ए-बरात के मौके पर डुमरियागंज के हल्लौर में रोशनी से नहाए कब्रिस्तान व इटवा तहसील के भावपुर मीरा गांव स्थित मजार पर रंग-बिरंगी लाइटों से की गई सजावट ● जागरण

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : शब-ए-बरात का त्योहार बुधवार की रात अकीदत व उल्लास के साथ मनाया गया। इस रात को अकीदतमंदों ने इबादतों में गुजारी। गुनाहों से निजात के लिए तौबा करते हुए लोगों ने घर-समाज व वतन की बेहतरी के लिए अल्लाह से दुआएं मांगीं। कब्रिस्तान व मस्जिदों में रोशनी की विशेष व्यवस्था ने शब-ए-बारात की रौनक को पूरे शबाब पर पहुंचाए रखा। नमाज, तिलावत-ए-कलाम पाक, मीलाद आदि प्रोग्राम जगह-जगह आयोजित किए गए।

पर्व के मद्देनजर कब्रिस्तान व मस्जिदों में सजावट का काम जो दो दिन पहले शुरू हुआ था वह त्योहार की सायं होते-होते पूरा हो गया। शाम होते ही पूरा इलाका रोशनी से जगमगा उठा। मुसलमानों में इस रात की काफी अहमियत है। जो शख्स गुनाहों की गिरफ्त में हो, वह इस रात तौबा करें, तो उसको निजात यानी गुनाहों से माफी मिल जाती है। घरों में हलुवा-पूड़ी नजर कराया गया। बच्चों द्वारा आतिशबाजी का जो दौर शुरू हुआ, तो उसकी गूंज देर तक सुनाई देती रही। कब्रिस्तान मोमबत्ती व बिजली की रोशनी से जगमगाता रहा। अगरबत्ती की खुशबू से आसपास का इलाका भी महक उठा। हल्लौर स्थित कब्रिस्तान में रोशनी की सजावट देखने लायक रही। रात साढ़े दस बजे जामा मस्जिद में विशेष नमाज अदा की गयी। इसके बाद मीलाद का सिलसिला पूरी रात चलता रहा। क्षेत्र के डुमरियागंज, भटगवां, जबजौवा, तिलगड़िया, सिकहरा, बेवा, औराताल, वासा, टड़वा, हटवा, जमौतिया, बयारा आदि क्षेत्र में भी शब-ए-बारात परंपरागत एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया।

**अकीदत से मनाया गया शब-ए-बरात**: इटवाः तहसील क्षेत्र में शब-ए-बरात का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। त्योहार के दृष्टिगत मस्जिदें, मजार व कब्रिस्तान रोशनी से जगजग रहे। विशेष सजावट एवं प्रकाश की भव्य व्यवस्था रही। हर तरफ खूबसूरती की छटा बिखरती रही। शब-ए-बरात की पूरी रात इबादत में गुजारी गई। विशेष नमाज पढ़ी गई तो मग़फ़ेरत की दुआएं मांगी गई। जगह-जगह कलाम पाक की तिलावत व मीलाद का आयोजन हुआ। इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। शब-ए-बरात मुसलमानों के लिए मुकद्दस रात है। इस रात मस्जिदों, मजारों व कब्रिस्तानों को खास तौर पर सजाया जाता है। लोग देर रात तक कब्रिस्तानों में पूर्वजों के लिए दुआएं पढ़ते हैं और गुनाहों की माफी मांगते हैं। माना जाता है कि इस रात तौबा से सारे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इबादत का बहुत सवाब यानी पुण्य मिलता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक शब-ए-बरात इस्लाम के आठवें महीने में शाबान में मनाया जाता है। ये शाबान महीने की 15 वीं तारीख की रात मनाया जाता है। इस्लाम में शाबान का महीना बहुत अफजल और पवित्र माना जाता है। शब-ए-बरात पर स्वजन अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाते हैं और कब्र पर फूल चढ़ाते हैं, रोशनी करते हैं और फातिहा पढ़ते हैं। पर्व के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीश चंद्र व प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

# होली पर खूब उड़े अबीर-गुलाल, रंगों की हुई बौछार

## जिले में धूमधाम से मनाया गया पर्व, फाग गीतों की धूम में नाचे युवा और बुजुर्ग

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में बुधवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। फाग गीत गाते हुए अबीर-गुलाल उड़ाए गए, रंगों की बौछार हुई। सुबह से दोपहर तक युवाओं ने खूब मस्ती की, वहीं दोपहर बाद महिलाओं ने एक दूसरे के घर जाकर अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

सांसद जगदंबिका पाल, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद ने शहर में भ्रमण कर लोगों को होली की बधाई दी। जिले में कुछ स्थानों पर होली के दो दिन पहले सोमवार और कुछ स्थानों पर मंगलवार रात होलिका दहन हुआ था। होली पर सुबह लोगों ने होलिका दहन की राख लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में फगुआ गीतों की गूंज रही। गांव में कई मंडली सुबह से ही फाग गीत और जोगिरा गाते हुए होली के रंग में मदमस्त झूमते दिखे। बच्चों की टोलियों ने आते-जाते लोगों पर रंग और गुलाल बरसाया। कई जगहों पर लोगों ने कुर्ताफाड़ होली भी खेली। कई जगहों पर डीजे के धुन पर युवकों की टोली मस्ती के आलम में झूमते नजर आए।

लोटन प्रतिनिधि के अनुसार लोटन, सिकरी, ठोठरी, सेमरहना, सोहास में होली धूमधाम से मनाई गई। विधायक श्यामधनी राही ने कई स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर लोगों को बधाई दी। धेसा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत साहा में होली के पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बुजुर्ग व नवयुवकों ने फाग गाकर अबीर-गुलाल के साथ होली खेली। इस दौरान उमाकांत शुक्ल, वंशीधर पांडेय, रूपन शर्मा, रिषिदेव ओझा उपस्थित रहे।

बर्डपुर प्रतिनिधि के अनुसार होली पर लोगों ने कहीं मटकी फोड़ी तो कहीं अबीर गुलाल उड़ाती मतवालों की टीम फर्राटे भरते दिखी। युवाओं ने रामजानकी मंदिर से होते हुए बर्डपुर चौराहे पर फाग गीत गाकर धमाल मचाया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले। डीजे के धुन पर लोग थिरकते नजर आए।



बर्डपुर कस्बे में होली खेलने के लिए युवा सड़कों पर उतर गए। संवाद

### पुलिस लाइंस एवं थानों में होली मिलन समारोह

होली त्योहार के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस समेत जिले के सभी थानों में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। डीएम संजीव रंजन और एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिसकर्मियों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। महिला थाने में एसओ मीरा चौहान समेत पुलिसकर्मियों ने पूरे उत्साह से एक दूसरे को रंगों से सराबोर किया।



बांसी नगर के पंतनगर वार्ड में होली खेलते लोग। संवाद



शहर में भ्रमण कर लोगों के साथ होली खेलते सांसद जगदंबिका पाल, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद। संवाद



नौगढ़ ब्लॉक के साहा गांव में होली गीत गाते लोग। संवाद

### होली पर युवाओं की टोली ने की खूब मस्ती

**डुमरियागंज।** रंगों का महापर्व होली बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अबीर, गुलाल, रंगों के फुहार और उमंग से पूरा क्षेत्र सराबोर रहा। एक-दूसरे से गले मिले, जगह-जगह ढोल मजीरे के साथ फाग गीत गाती हुई टोलियां भी निकलीं। बच्चों, महिलाओं के साथ बड़े-बुजुर्गों ने भी पर्व का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान होली आई रे..., भक्त प्रहलाद और नरसिंह भगवान के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। फागुनी रंगों की बौछारें, हंसी, ठिठोली, प्यार, उमंग, मस्ती का उल्लास चारों ओर छाया रहा। एक दूसरे को रंग-अबीर लगाकर शुभकामनाएं दी। गांवों में शाम को फगुवा गीतों का आयोजन हुआ। डुमरियागंज सहित बैदौला चौराहा, हल्लौर, भटगवा, बेवा चौराहा, मोतीगंज, भारतभारी, बढ़नीचाफा, भवानीगंज, बयारा, बहेरिया, भडरिया के गांवों में हर्षोल्लास के साथ होली मनाया गया। संवाद



महिला थाना परिसर में होली खेलतीं महिला पुलिसकर्मी। संवाद

# ड्रोन की निगरानी में निकाली होली शोभायात्रा

शोहरतगढ़। कस्बे में परंपरागत मार्ग व पुलिस की कड़ी सुरक्षा तथा ड्रोन की निगरानी में होली शोभायात्रा धूमधाम व गाजे बाजे के साथ निकाली गई। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता कसौधन की अगुवाई में श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान नरसिंह व राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर अबीर गुलाल व फूलों की होली खेली गई। शोभायात्रा गोलघर, मस्जिद टोला, हलीम उस्ताद गली ,सोनारी मोहल्ला, नीबी दोहनी से पुलिस बूथ भ्रमण कर वापस पहुंची। सांसद जगदंबिका पाल समर्थकों के साथ गड़ाकुल तिराहे से रामजानकी मंदिर, पुलिस पिकेट आदि स्थानों पर होली खेली। पकड़ी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। पकड़ी, बुढ़नईया, पिपरी, मेहनौली, हडहवा, जम्हिरिया बभनी, भटमला, बैजनथा,नकाही,जखौलिया, बैदौली धनगढिया रेहरवा, अकरा, सेखुईया, भैसहवा, परसोहिया, सोनबरसा में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली त्योहार मनाया गया। संवाद

# उज्ज्वल की मौत से परिवार में हाहाकार



शहर के भीमापार मोहल्ले में उज्ज्वल मणि त्रिपाठी के घर पर छाया मातम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** उज्जवल त्रिपाठी की मौत ने परिवार की उम्मीदों को तोड़ दिया। पढ़ाई में होनहार उज्जवल से परिवार को बड़ी उम्मीदें थीं। उन्होंने कभी यह सोचा ही नहीं था कि वह उन्हें अंधेरे में छोड़ देगा।

डूबने की खबर मिलने के बाद जहां पिता घटनास्थल के लिए भागे, वहीं माता, दादी और छोटे भाई का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के बाद से दूसरे दिन लाश मिलने के बाद भीमापार स्थित आवास पर मातम छाया था। जानने वाले घर पर आते- जाते रहे।

मूल रूप से लोटन कोतवाली क्षेत्र के सैनुआ गांव निवासी देवेश मणि त्रिपाठी आरटीआई कार्यकर्ता हैं। वह पिछले कई साल से सदर थाना क्षेत्र के भीमापार में मकान बनाकर पत्नी, मां और बड़े पुत्र उज्जवल और उत्कर्ष के साथ रहते हैं। दादी के मुताबिक, उज्जवल इंटरमडिएट का छात्र था।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# प्राणघातक हमला और लूट के आरोप में चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के भिटहा गांव में पूर्व में हुए विवाद के मामले में महुली पुलिस ने बुधवार को चार लोगों के विरूद्ध मारपीट, प्राणघातक हमला करने और लूट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के भिटहा गांव निवासी श्रीराम पुत्र रामसेवक ने बताया कि बीते दो जनवरी 2023 की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी भिटहा गांव निवासी सुशील चतुर्वेदी पुत्र रणजीत चतुर्वेदी, संतोष चतुर्वेदी पुत्र रणजीत चतुर्वेदी, भावना चतुर्वेदी पुत्री रणजीत चतुर्वेदी तथा संध्या चतुर्वेदी पत्नी रणजीत चतुर्वेदी उसके दरवाजे पर पहुंच गए और पूर्व के एक मुकदमें में सुलह करने के लिए उसे धमकी देने लगे। धमकी देने का जब उसने विरोध किया तो उक्त विपक्षी आग बबूला हो गए।

इस बीच संतोष चतुर्वेदी ने बन्दूख निकाल लिये और सुशील चतुर्वेदी लाठी लेकर भद्दी भद्दी गालिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर टूट पड़े। जान बचाने के लिए वह किसी तरह भागकर घर के भीतर पहुंचकर छिपने लगा तो उक्त विपक्षी घर में घुस गए और उसे मारने लगे। इस बीच उसकी पत्नी बचाव करने पहुंची तो उसके साथ पत्नी को भी पीट कर लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं विपक्षी मछ्ली का चारा खरीदने के लिए रखा 20 हजार नकदी समेत पत्नी के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना की लिखित तहरीर स्थानीय थाने पर दिया साथ ही पुलिस उच्चाधिकारियों को भी प्रार्थनापत्र देकर उक्त विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाया तो न्यायालय ने सुनवाई के बाद प्रार्थनापत्र के आधार पर उक्त विपक्षी हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश महुली पुलिस को दिया था जिसके अनुपालन में महुली पुलिस ने बुधवार को उक्त चारो हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307,323,427,452,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छिटपुट घटनाओं के बीच उत्साहपूर्ण मनी होली



संतकबीरनगर (एसएनबी)। रंगों का पर्व होली छिटपुट घटनाओं व कहीं खुशी कहीं ग़म के बीच उत्साहपूर्ण माहौल में मनाई गई। पूरे जिले में लोगों ने हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। कुछ स्थानों पर मामूली विवाद के अलावा कहीं कोई बड़ी घटना नहीं हुई। यद्यपि मारपीट में कुछ लोगों के घायल होने की खबर हैं। कुछ स्थानों पर मार्ग दुर्घटनाओं में भी कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है। इसके साथ ही पूरे जनपद में लोगों ने परंपरागत रूप से उत्साह और उमंग के साथ होली का त्योहार पूरी शांति व सद्‌भाव के साथ मनाया। इस बार नागरिक व पुलिस प्रशासन की जबर्दस्त मुस्तैदी का असर रहा कि कहीं कोई धमाचौकड़ी नहीं थी।

जिला मुख्यालय पर होली की जबर्दस्त धूम रही। सुबह से ही युवकों व किशोरों की टोलियां रंगोत्सव के मैदान में निकल गई थी। बच्चों के साथ ही किशोर व युवक-युवतियां होली के रंग में सराबोर रहे। सभी प्रमुख चौराहों पर होली का हुड़दंग था लेकिन लोग पूरी शांति के साथ लोग होली खेल रहे थे। बच्चे पिचकारियां लेकर सड़कों के किनारे तैनात रहे और आने जाने वालों पर रंगों की बौछार करते रहे। दोपहर तक होली का उत्साह उफान पर था और सभी इस रंग में रंगे हुए थे। मौसम भी उनका साथ दे रहा था। हर तरफ उल्लास का वातावरण था। कुछ राजनीति दलों के नेता शहर में भ्रमण करके होली की बधाइयां देते रहे। खलीलाबाद शहर के बैंक चौराहा, मुखलिसपुर तिराहा, बरदहिया बाजार, बाईपास चौराहा, मेंहदावल चौराहा सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने जमकर होली खेली। हर तरफ अबीर-गुलाल और रंगों की सतरंगी छटा बिखरी रही। शांति व्यवस्था के मद्देनजर जहां प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तथा जवान लगातार गश्त करते रहे वहीं डायल 100 की टीम भी निरंतर भ्रमण पर रही। होली पर कुछ स्थानों पर लोगों ने रंग में भंग डालने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया तथा कोई बड़ी बारदात नहीं होने दी। जिले में हल्की-फुल्की मारपीट व कहासुनी की घटनाओं के अलावा पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाया गया।

## होली गीतों पर एसपी संग जमकर झूमे पुलिसकर्मी

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा सकुशल होली का त्योहार सम्पन्न कराने के बाद पुलिस लाइन में गुरूवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस द्वारा होली खेली गयी। इस होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी गण, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण सम्मिलित हुए और पुलिस बल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों द्वारा एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। एवं होली गीतों पर नृत्य कर जमकर होली खेली गयी।

# एससीएसटी समेत अन्य धारा में केस

**कार्रवाई**

**संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर एससीएसटी समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित विजय कुमार पुत्र रंगीलाल निवासी बरईपार पैठान के अनुसार गुरुवार को समय सुबह 11 बजे बच्चों के बीच हुए छोटी सी विवाद को लेकर गांव के विजय यादव, विनय जयसवाल व बब्लू जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गन्दी-गन्दी गाली देते हुए लात-घूसों व लाठी-डण्डो से मारने-पीटने लगे। इसके साथ ही उक्त ने जान माल की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना में उसे काफी चोटें आई। कोतवाल ने बताया कि मारपीट की घटना में घायल को पुलिस टीम की निगरानी में मेडिकल परीक्षण व उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया है।

# होली के रंग में सराबोर दिखे लोग

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र में अधिकांश लोगों ने बुधवार को होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूरे दिन चले होली के हुड़दंग के बीच पूरे क्षेत्र का माहौल छिटपुट मारपीट की घटनाओं को छोड़ दें तो पूरी तरह शान्तिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार संपन्न हो गया।



प्रशासनिक अमला पूरे दिन गांव-गांव भ्रमण करता रहा। सुरक्षा के लिहाज से तहसील के धनघटा थाना क्षेत्र को जहां 11 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा के लिहाज से सभी सेक्टरों में लगातार 11 पुलिस मोबाइल वाहन पूरे दिन भ्रमण करते रहे वहीं प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह भी थाने के सरकारी वाहन पर सवार होकर पूरे दिन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मोबाइल पुलिस वाहनों से क्षेत्र की पल-पल की खबर लेते रहे। कुछ इसी तरह की व्यवस्था महुली थाना क्षेत्र में भी सुरक्षा के लिहाज से की गई थी। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र समेत आधा दर्जन अन्य मोबाइल वाहनों पर सवार पुलिसकर्मी और पीएसी बल के जवान पूरे दिन क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। इतना ही नहीं तहसील क्षेत्र के सभी प्रमुख कस्बों-बाजारों में भारी संख्या में पुलिसबल, पीएसी के जवान व होमगार्ड पिकेट ड्यूटी के तौर पर मुस्तैदी से तैनात रहे। धनघटा थाने में सीओ धनघटा दीपांशी राठौर तो महुली थाने में एसडीएम डा.रविन्द्र कुमार सुबह से देर शाम तक बैठकर थाना क्षेत्र में होली त्योहार के पल-पल की खबर लेने में जुटे रहे। सोमवार की आधी रात में भारी उल्लास के साथ गांव-गांव होलिका दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंगलवार को छोड़ बुधवार को सुबह होते ही गांव-गांव होली की हुड़दंग शुरु हो गया।

तहसील क्षेत्र में होली और सब-ए-बारात के पर्वों को सकुशल शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के बाद तहसील क्षेत्र में स्थित धनघटा और महुली थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। दोनों थानों के पुलिसकर्मी डीजे की धुन पर जमकर थिरके और एक दूसरे के साथ जमकर होली खेली। धनघटा थाने पर आयोजित होली कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने पहले कीचड़ की होली खेली और बाद में रंग-अबीर-गुलाल की होली खेलते हुए एक दूसरे की पर्व की बधाई दी। होली खेलते समय डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी जमकर थिरकते हुए लोगों के आकर्षण के केन्द्र बने रहे। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, एसएसआई एच.एन.दीक्षित,इंसपेक्टर जुबेर अली, उपनिरीक्षक अनुज यादव, वीरबहादुर यादव, गामा यादव, धनश्याम मणि सहित थाने के महिला आरक्षियों सहित सभी पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। नाथनगर प्रतिनिधि के अनुसार महुली थाने पर आयोजित होली कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने कीचड़, रंग,अबीर-गुलाल की होली खेली।

# चार पर लूट व हत्या के प्रयास का केस

## कार्रवाई

- एक मामले में सुलह नही करने के चलते घटना अंजाम देने का आरोप
- महुली थाना क्षेत्र के भिटहा का मामला, जांच में जुटी पुलिस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। न्यायालय के आदेश पर महुली पुलिस ने भिटहा निवासी व्यक्ति की तहरीर पर गांव के एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ हत्या प्रयास, लूट, घर में घुसकर मारने पीटने, तोड़फोड़, जानमाल धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के साथ मामले की जांच शुरू कर दिया है।

सीजेएम कोर्ट को दिए गए शिकायती पत्र में क्षेत्र के ग्राम भिटहा निवासी श्रीराम पुत्र राम सेवक ने बताया कि 19 अप्रैल 2022 को दोपहर में लाइसेंसी बंदूक के साथ और लाठी डंडा लेकर गांव का ही संतोष चतुर्वेदी अपने परिजनों के साथ पहुंचा। उसके घर पर चढ़कर गाली देने लगा। पूर्व में दर्ज मुकदमा में सुलह कर लेने की बात कहने लगा। जब पीड़ित ने इनकार किया तो श्रीराम को लात घूसों और लाठी डंडों से पीटने लगे।

आरोप है कि प्रतिवादियों ने उस पर जान से मारने की नियत से लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। फायरिंग होते ही पीड़ित जान बचाने की नियत से घर में घुस गया। आरोप है कि गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर गृहस्थी का सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंची पत्नी को भी मारपीट कर उसके गले का मंगलसूत्र जबरिया छीन लिया और घर में मछली के चारे के लिए रखा 20 हजार रुपए भी उठा ले गए।

पीड़ित का आरोप है कि फायर की आवाज सुनकर आस -पास के लोगों की भीड़ बढ़ती देख आरोपी जान माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना था कि मामले की सूचना पुलिस को देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग किया था। पुलिस से न्याय नहीं मिला, जिसके चलते न्यायालय की शरण में आना पड़ा।

इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्रतिवादी सन्तोष चतुर्वेदी, सुशील चतुर्वेदी पुत्रगण रणजीत चतुर्वेदी, संध्या चतुर्वेदी पत्नी रणजीत चतुर्वेदी और भावना चतुर्वेदी पुत्री रणजीत चतुर्वेदी के खिलाफ धारा 307, 392, 452, 427, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पारिवारिक कलह में युवक ने दी जान

लोहरौली। दुधारा थाना क्षेत्र के सिसई निवासी एक युवक की बस्ती रेलवे स्टेशन के करीब ट्रेन से कटकर गुरुवार को तड़के मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना की खबर मिलते ही पैतृक गांव में कोहराम मच गया। पूरा परिवार सदमे में डूब गए।

सेमरियावां ब्लाक के सिसई निवासी नितेश कुमार शर्मा 8 मार्च दोस्तों के साथ होली हुड़दंग किया। ग्रामीणों ने बताया होली खेलने के बाद घर में कुछ झगड़ा हुआ था। इसको लेकर युवक घर से देर शाम निकल गया। घर से नाराज युवक का शव बस्ती रेलवे स्टेशन के समीप सुगर मिल फाटक के पास दिखा। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी को दिया। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पीएम को भेज दिया।

# पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन में खूब खेली होली

- विभिन्न गीतों पर थिरकते रहे पुलिस कर्मी
- एसपी सहित अन्य अधिकारी भी हुए शामिल

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को होली का कार्यक्रम आयोजित हुआ। पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाइन में खूब जमकर होली खेली। एसपी सत्यजीत गुप्ता समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल और रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। फाग समेत अन्य विभिन्न गीतों पर पुलिस कर्मी थिरकते रहे।



होली के दूसरे दिन रिजर्व पुलिस लाइन में होली खेलते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

होली के त्योहार में पुलिस जवानों की ड्यूटी क्षेत्र में लगी हुई थी। इसके वजह से वह लोग शांति व कानून व्यवस्था की बहाली में जुटे रहे और होली का त्योहार नहीं मना सके। उच्चाधिकारी भी पुलिस जवानों के साथ क्षेत्र में निगरानी करते रहे। जनपद में होली का त्योहार सकुशल व शांति पूर्वक संपन्न कराने के एक दिन बाद पुलिस के जवानों ने होली मनाया। रिजर्व पुलिस लाइन में 09 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम हुआ। जिसमें पुलिस के जवानों ने होली खेली। इस होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी गण, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण सम्मिलित हुए। पुलिस बल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल, अबीर लगाकर होली त्योहार की शुभकामनाएं एक दूसरे को दी। होली गीतों पर नृत्य कर जमकर पुलिस लाइन में होली खेली। इस अवसर पर सीओ राजीव कुमार यादव, पीआरओ जितेंद्र कुमार यादव के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस के जवान रहे।



पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में रंगों से सराबोर हुए पुलिसकर्मी। जागरण

# रंगों व पानी के फौव्वारों के बीच थिरके पुलिसकर्मी

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस लाइन में गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने होली गीत गाते हुए एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाया। रंगों और पानी के फौव्वारों के बीच पुलिस कर्मी जमकर थिरके। इन कर्मियों ने रंगोत्सव का भरपूर मजा लिया। मिष्ठान खिलाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

जनपद में बुधवार को सकुशलपूर्वक होली का पर्व संपन्न होने के बाद एसपी सत्यजीत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी इसमें शामिल हुए। सररररर...होली है...सहित अन्य गीत के बीच पुलिस कर्मी जमकर होली खेले और थिरके। पानी के फौव्वारों के बीच पुलिस कर्मी होली खेलते रहे। इनके कपड़े भीगे हुए दिखे। कुछ पुलिस कर्मियों ने शर्ट के बटन खोलकर होली का लुत्फ उठाते दिखे।

# सड़क पर चलते लोगों से मोबाइल की छिनैती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



मोबाइल चोरों के साथ सीओ राजीव कुमार यादव व पुलिस टीम • जागरण

- तीन आरोपित गिरफ्तार, उनके कब्जे से चोरी के नौ मोवाइल बरामद
- मेंहदावल थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से हुई थी छिनैती की घटनाएं

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : राह चलते लोगों के मोबाइल छीनने वाले गिरोह का मेंहदावल पुलिस ने गुरुवार को पर्दाफाश किया है। विभिन्न स्थानों से मोबाइल छीनने की घटना करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके साथ ही इनके कब्जे से नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। घटना का अनावरण करने पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने मेंहदावल पुलिस को शाबाशी दी है।

मेंहदावल थाने में सीओ राजीव कुमार यादव और प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को सूचना के आधार पर रामस्वरूप साहनी निवासी पंडितपुरवा, मुन्ना लाल मौर्या निवासी सांडे खुर्द और टाशू यादव उर्फ धर्मेंद्र वासी सिंगरहट थाना मेंहदावल को करमैनी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से नौ चोरी के मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि सड़क के किनारे पर कोई व्यक्ति मोबाइल से बात करते हुए दिखाई देता था तो बाइक धीमा करके झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीनकर फरार हो जाते थे। दिसंबर माह में बिसौवा पुल के पास से वह बलुवा बरात में इन लोगों ने मोबाइल फोन छीनने की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। बुधवार को होली के दिन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे कि मेंहदावल पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए। टीम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, सिपाही अमरनाथ, बृजेश सिंह, अंकित शामिल रहे।

# वारंटी गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा थाना के उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह, पुलिस के साथ गुरुवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गोरखपुर के हरपुर–बुदहट थाना के कड़सहर गांव निवासी वारंटी मिठाई लाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

## 24 वाहन चालकों से 21 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखा सकने पर पुलिस सख्त हुई। ऐसे 24 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 21 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# शांतिभंग में नौ लोगों को दबोचा

संतकबीर नगर : पुलिस ने गुरुवार को शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। कोतवाली पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने छह तथा बखिरा पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। ये मारपीट करने पर उतारू थे।



होली को लेकर चौराहों पर सक्रिय रही पुलिस • जागरण

# 10 लीटर कच्ची के साथ महिला को पकड़ा

**संतकबीर नगर :** बेलहर थाने के मुख्य आरक्षी रामजतन प्रजापति, आरक्षी रविकांत भारती व महिला आरक्षी कोमल देवी ने बुधवार को दबिश दी। इस दौरान 10 लीटर कच्ची के साथ थाने की भेड़ौरा-पिकौरा गांव निवासी गीता देवी को पकड़ लिया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# चार लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## कोर्ट के आदेश पर एक ही परिवार के चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

धनघटा। कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस ने भिटहा गांव निवासी गांव के एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट और तोड़फोड़ आदि के मामले में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

भिटहा निवासी श्रीराम पुत्र राम सेवक का आरोप है कि 19 अप्रैल 2022 को दोपहर में लाइसेंसी बंदूक के साथ और लाठी-डंडा लेकर गांव के ही संतोष चतुर्वेदी अपने परिजनों के साथ पहुंच गए। लोग उसके घर पर चढ़कर अपशबद कहने लगे। आरोप है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में सुलह करने की बात कहने लगे। इन्कार करने पर श्रीराम को लात घूसों और लाठी-डंडों से पीटने लगे।

आरोप है कि विपक्षियों ने उस पर जान से मारने की नीयत से लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। फायरिंग होते ही पीड़ित जान बचाने की नीयत से घर में घुस गया। आरोप है कि गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर गृहस्थी का सामान तोड़ दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंची पत्नी को भी मारपीट कर मंगलसूत्र छीन लिया।

घर में मछली के चारे के लिए रखा 20,000 रुपये भी उठा ले गए। पीड़ित का आरोप है फायर की आवाज सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ बढ़ती देख आरोपी जान माल की धमकी देते हुए भाग गए।

इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने मजबूरी में कोर्ट का शरण लिया। एसओ संतोष मिश्र ने बताया कि आरोपी संतोष चतुर्वेदी, सुशील चतुर्वेदी, संध्या चतुर्वेदी और भावना चतुर्वेदी के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, तोडफोड़, मारपीट और जानमाल की धमकी आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल छिनैती गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने बुधवार को पंडितपुरवा श्मशान के पास से चोरी की नौ अदद मोबाइल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों युवक मेंहदावल क्षेत्र के ही निवासी हैं। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अलग-अलग जगहों से मोबाइल छीनने और चुराने की घटना स्वीकार किया।

सीओ राजीव यादव ने बताया कि सूचना पर एसओ रविंद्र सिंह और इंस्पेक्टर अपराध श्रीप्रकाश यादव ने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ घेराबंदी करके पंडितपुरवा श्मशान घाट के पास से तीन युवकों को पकड़ा। युवकों के पास से चोरी की नौ अदद मोबाइल बरामद हुआ। संवाद

# पुलिसकर्मियों ने खेली होली

संतकबीरनगर। पुलिस लाइंस परिसर में बृहस्पतिवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। इस दौरान नृत्य किया और अपने सहयोगियों को होली की बधाई दी।

एसपी सत्यजीत गुप्त ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का पर्व है। पुलिसकर्मी होली के दिन अपनी ड्यूटी करते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बनी रहती है। वह दूसरे दिन होली खेलते हैं। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सीओ अंशुमान मिश्र, सीओ राजीव यादव, कोतवाल सर्वेश राय, एसओ संतोष मिश्र समेत अन्य मौजूद थे।

**बखिरा क्षेत्र में अबीर-गुलाल लगाकर मनाई होली : बखिरा।** बुधवार को रंगों का पर्व होली बखिरा क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। रंग गुलाल लगाकर लोग एक दूसरे से गले मिले। सुबह से ही युवा व बच्चे होली के रंग में सराबोर हो गए। बखिरा कस्बे समेत आसपास गांवों में भी खुशी के माहौल में होली मनाई गई। दोपहर में बखिरा में निकाले गए जुलूस में सैकड़ो की संख्या में युवक शामिल हुए।

होली के भोजपुरी गानों पर नाचते गाते व एक-दूसरे को रंग अबीर, गुलाल लगाते लोग जुलूस में चल रहे थे। जुलूस नई बाजार मोहल्ले से निकलकर मंगल बाजार, शनिचरा बाजार, इंटर कालेज तिराहा, पुलिस चौकी होते हुए वापस नई बाजार पहुंचा। पुलिस चौकी पर पहुंचे जुलूस में शामिल लोगों ने पुलिस कर्मियों संग खूब होली खेली।



पुलिस लाइंस में होली खेलते पुलिसकर्मी। संवाद

## संतकबीर विज्ञान आश्रम पचरा में भी बरसे रंग

रोसयाबाजार। पौली के संत कबीर विज्ञान आश्रम पचरा में भक्तों ने होली पर भक्ति गीत का आनंद उठाया। आश्रम के महंत सुकृत दास ने होली गीत के माध्यम से राम नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि होली खेलो तो, राम नाम रंग लो, आत्मा के कल्याण के लिए राम नाम से बढ़ कर कोई सहारा नहीं है। इस मौके पर रमेश यादव, महेंद्र गुप्ता, निखलेश त्रिपाठी, लवकेश तिवारी, संजय तिवारी, कृष्ण चंद माझी और रूपनारायन माझी आदि मौजूद थे।

**फागुन न सोहाय हाय वालम बिन दइया... हरिहरपुर।** नगर पंचायत हरिहरपुर में वृहस्पतिवार को पाल वंश ने होली मनाई। रंग अबीर की होली खेलते हुए स्थानीय गायक कलाकारों ने नगाड़े की थाप पर फाग गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल में फाग का राग घोल दिया।

होली के दूसरे दिन सूर्यवंशी क्षत्रियों के होली मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। हरिहरपुर में पूर्व चेयरमैन बृजेश पाल के जरिए आयोजित होली मिलन समारोह में नगर और आसपास के लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल और रंग डालकर होली का पर्व मनाया।

होली में नगर के स्थानीय गायक कलाकारों मे फाग कवि रंगपाल के गीतों की मनमोहक सुरलहरियों से समां बांध दिया। आयोजक पूर्व चेयरमैन बृजेश पाल ने बताया कि हर साल होली के दूसरे दिन पाल वंश के होली मनाने की परंपरा रही है।

गायक कलाकारों ने नगाड़े की थाप पर फागुन न सोहाय हाय वालम विन दइया, सहि जात न विरह कलेप वलम परदेश, हरे वलिहारी छयलवा, पिया अजहूं नहीं आए परदेश में छाए आदि फाग गीतों की प्रस्तुति दीं।

इस अवसर पर मेवालाल, राम किशोर दीवान, राम बचन, प्रेम दास, दयाराम, हीरालाल, सुक्खू, राम नयन यादव, राम मिलन चतुर्वेदी आदि गायकों के फाग गीतों ने माहौल में रंग घोल दिया। इस दौरान सहभोज का आयोजन भी किया गया।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

# नवागत सीडीपीओ ने दिए दिशा-निर्देश

रुपईडीह। शासन के निर्देश पर आकांक्षा ब्लॉक रुपईडीह में गुरुवार को स्थाई सीडीपीओ दुर्गेश कुमार गुप्ता ने आकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद कर्मचारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त करते हुए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखंड रुपईडीह के बाल विकास परियोजना पर कार्यरत संविदा सीडीपीओ नीतू रावत का स्थानांतरण इटियाथोक व शहर में संबंध किया गया। वजीरगंज के सीडीपीओ दुर्गेश कुमार गुप्ता को रुपईडीह पर स्थाई तैनात कर कटरा बाजार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

# साढ़े पांच कुंतल गांजा संग चार तस्कर गिरफ्तार हुए

## शिकंजा

- असम से मादक पदार्थ की तस्करी करते थे आरोपी
- पुलिस ने कहा, पकड़े गए गांजे की कीमत करीब 57 लाख

गोण्डा, संवाददाता। असम से सब्जी के बीच डीसीएम में छिपाकर गांजा तस्करी का जिले की पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करके उनकी निशानदेही पर 5.51 कुंतल गांजा बरामद किया है। नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम के हाथ यह कामयाबी मिली है। पुलिस अफसरों का कहना है कि बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 57 लाख रुपये है।

एएसपी शिवराज ने गुरुवार को बताया कि नगर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम को असम से बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने चार आरोपियों शफीक अहमद निवासी नई बस्ती महराजगंज, अब्दुल खालिक उर्फ बाबा निवासी इंद्रानगर कालोनी, ब्रजेश कुमार यादव निवासी शुकुल पुरवा कटहमाफी थाना कोतवाली नगर व मनदीप यादव निवासी ग्राम महादेवा थाना तरबगंज को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर 5 कुंतल 51 किलो ढाई सौ ग्राम गांजा और 20 हजार पांच सौ रुपए नगद बरामद किया गया है। गांजे की जिसकी अनुमानित कीमत 57 लाख बताई जा रही है। एएसपी ने बताया कि असम से डीसीएम पर गांजा लादा गया था। गिरफ्तार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

### जनपद में बेचना था गांजा

सिटी सिटी लक्ष्मी कांत गौतम ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे असम से गांजा की तस्करी करते हैं। इसे जिले में बेचा जाता है। डीसीएम में सब्जी की क्रेट के बीच गांजा इस प्रकार छिपाकर लाया जाता है कि पुलिस पकड़ न सके। क्रेट देखकर यही लगता है कि सब्जी भरी होगी। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल कहां-कहां इसकी सप्लाई होती थी, इसकी छानबीन की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली और शबे बारात

**आयोजन**

खरगूपुर,संवाददाता। शराब पीने के बाद हुए कुछ दुर्घटनाओं को छोड़कर पूरे क्षेत्र में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।जनपद में संवेदनशील घोषित नगर पंचायत में जुलूस एवं शोभायात्रा बुधवार शाम एसडीएम सदर,क्षेत्राधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी बल के निगरानी में सकुशल संपन्न हुआ।

यहां बुधवार शाम को होली का जुलूस बस स्टेशन से निकला जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर देर रात समाप्त हुआ। जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल रहे।जुलूस में राधा-कृष्ण,शिव-पार्वती,सीता राम एवं हनुमान आदि झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।पांच महीने पूर्व यहां दो वर्गों के बीच विवाद के बाद प्रशासन सतर्क रहा।इसी से जुलूस के दौरान एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, विनय कुमार सिंह के अतिरिक्त पीएसी तथा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी निकटवर्ती थाना एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

जुलूस में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र मिश्र,विनोद सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनलाल भारती, राजेश सोनी,श्री गणेश,वेद प्रकाश गुप्ता सहित नगर एवं आसपास के बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने भी होली पर पहुँचकर भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं तथा व्यापारियों से गले मिलकर बधाई दी।

# उमरी थाने में पहुंची युवाओं की बारात

उमरी बेगमगंज। क्षेत्र में होली व शबे बारात का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो पूरे क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही परंपरागत रूप से मनाए जाने वाली होली के अवसर पर उमरी गांव से उमरी बेगमगंज थाने के प्रांगण में आई बारात में सैकड़ों युवकों ने भाग लेकर माहौल को बहुत ही खुशनुमा कर दिया। नए पुलिसकर्मियों के लिए यह हास्य से भरा व कौतहूल का विषय रहा।



मरी थाने में बारात की विदाई के दौरान थानाध्यक्ष को उठाकर ले जाते युवक।

इस परंपरा के विषय में बताया जा रहा है कि लगभग 40 वर्ष पूर्व उक्त थाना बेगमगंज बाजार में हुआ करता था। उसी दरमियान घटित एक लोमहर्षक घटना में तत्कालीन एसपी ने पूरे थाने के पुलिसकर्मियों को निलंबित व कुछ को लाइन हाजिर कर दिया था। घटना इतनी गंभीर थी कि इसकी चर्चा विधानसभा में भी उठाई गई थी। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए विंध्याचल सिंह को थाने का प्रभार देते हुए नये पुलिसकर्मियों को नियुक्त किया गया। उसी के कुछ दिन बाद होली का त्यौहार था। सभी पुलिसकर्मी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तथा व्यवहार से अनजान होने के कारण सहमे हुए थे। विंध्याचल सिंह का मूल निवास सुल्तानपुर होने की वजह से काफी रिश्तेदारियां क्षेत्र में निकल आई थी। इसलिए उमरी गांव के लोगों ने माहौल को हल्का करने के लिए होली के दिन गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली तथा एक गधे पर एक बुजुर्ग को सेहरा बांध थाने पर लाए। जिससे पूरा दिन हंसी ठिठोली में ही बीत गया। सभी पुलिसकर्मियों के चेहरे पर आत्मियता की मुस्कान तैर गई।

# पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**कार्रवाई**

रुपईडीह। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कौडिया पुलिस ने शंकरपुरवा की लक्ष्मी पुत्री रामशंकर के शिकायती पत्र पर पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज के लिए मारने-पीटने व प्रताड़ित करने सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना के मजरा शंकरपुरवा के निवासी रामशंकर की पुत्री लक्ष्मी देवी ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें कहा गया है कि करीब 6 साल पहले उसकी शादी हरखापुर के अतुल पांडे पुत्र मिठाई लाल पांडे के साथ हुई थी। शादी के 3 वर्ष बाद गौना हुआ। इसके बाद से ही ससुरालवाले मोटरसाइकिल, सोने की चेन, अंगूठी व 50 हजार रुपए की मांग कर रहे थे । मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोग आए दिन मारते पीटते एवं प्रताड़ित करते थे, जिसकी शिकायत कई बार कौड़िया पुलिस से की गई परंतु कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर संबंधित के विरुद्ध जांच व कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कौड़िया पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस पर पुलिस ने अतुल पांडे पति, मिठाई लाल ससुर, जनक सास व साधना ननद के विरुद्ध दहेज के लिए मारने पीटने व दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू की गई। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस के लिए चुनौती बन रहा बाइकर्स गैंग, छह मुकदमे दर्ज

सुशील श्रीवास्तव • धानेपुर (गोंडा)

**फालोअप**

बाइक चोर सक्रिय है। दिनदहाड़े बाइकों की चोरी कर बाइकर्स गैंग पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। गत दो माह में 13 बाइक चोरी की घटनाएं हुई हैं। इसमें पुलिस ने बाइक चोरी के छह मुकदमे दर्ज किए हैं। अन्य मुकदमे आधे अधूरे कागजात के अभाव में नहीं हो सके। यही नहीं, पुलिस एक भी मामले का राजफाश नहीं कर सकी है।

मुजेहना ब्लाक के गो आश्रय केंद्र रूद्रगढ़नौसी में तीन मार्च को बायोगैस प्लांट का शिलान्यास कार्यक्रम था। डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस बल मौजूद था। गो आश्रय केंद्र के केयरटेकर सिंहपुर के रहनेवाले श्यामदीन यादव की नई बाइक मुख्य द्वार से चार उठा ले गए। पुलिस ने मुकदमा कर लिया। थाना धानेपुर में तैनात डायल 112 आरक्षी संजीव कुमार की बाइक उनके आवास से चोर उठा ले गए। आरक्षी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा कर लिया। भवानीपुर के राजू प्रसाद की 25 जनवरी को मुजेहना ब्लाक मुख्यालय से बाइक गायब हो गई। ग्राम दुल्हापुर बनकट के रहने वाले मनोज विश्वकर्मा की 17 फरवरी को बाइक से कस्बा धानेपुर से गायब हो गई। नौवागांव के मोहम्मद एजाज की देवरिया अलावल बाजार में नवाज पढ़ने आए थे। लौट कर देखा तो उनकी बाइक गायब थी। ग्राम जोतिया के वंशीलाल ने मुकदमा कराया है कि उनके दामाद ओमप्रकाश के सत्यनामीपुरवा के खेत से बाइक चोरी हो गई। ग्राम लखनीपुर के उमेश कुमार ने उनकी बाइक दुकान पर लाक लगाकर खड़ी थी कि दोपहर में बाइक चोर उठा ले गए। ग्राम बगुलही के इरशाद अली ने कहा कि उनकी बाइक चोर लाक तोड़कर उठा ले गए।



नगर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित और राजफाश करते एएसपी शिवराज • जागरण

# मादक पदार्थ तस्करी का राजफाश

**संसू, गोंडा :** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का राजफाश हुआ है। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से साढ़े पांच क्विंटल गांजा बरामद किया गया है। इसकी अनुमानित कीमत 57 लाख रुपये बताई जा रही है।

कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने सफीक अहमद नई बस्ती महाराजगंज, अब्दुल खालिक उर्फ बाबा इंद्रानगर कालोनी, बृजेश कुमार यादव निवासी शुकुलपुरवा कटहामाफी व मंदीप यादव निवासी ग्राम महादेवा को गिरफ्तार किया है।

एएसपी शिवराज ने कहा कि आरोपित गांजा की तस्करी करते थे। उनके पास से पांच क्विंटल 51 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा मिला हैं। इसके अलावा 20 हजार 500 रुपये नकद भी बरामद किया गया। आरोपितों पर नगर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा किया गया है।

# होली मिलन के दौरान मारपीट–फायरिंग, चार जख्मी

## पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार, तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**संमू, छपिया (गोंडा) :** ढढौवा गांव में होली मिलन के दौरान हुई मारपीट व फायरिंग में चार लोग घायल हो गए। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपित असलहा लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दीपक शुक्ल, आलोक शुक्ल, अमित शुक्ल उर्फ टाइपिंग निवासीगण ढढौवा व अमित चौबे निवासी सुकरौली के खिलाफ नामजद मुकदमा किया गया है।

अनिल मिश्र ने दी गई तहरीर में कहा कि होली मिलने के लिए उसके घर विनय सिंह निवासी पैकोलिया जिला बस्ती, वीरू सिंह निवासी पिपरा गौतम जिला बस्ती व संदीप सिंह निवासी सिसहनी थाना छपिया आए थे। इसी दौरान दीपक शुक्ल, आलोक शुक्ल, अमित शुक्ल उर्फ टाइपिंग व अमित चौबे चाकू, डंडा व कट्टा लेकर पहुंच गए। जब तक वह लोग कुछ समझ पाते तब तक आरोपितों ने उन लोगों पर चाकू, डंडा से वार कर कट्टे से फायरिंग कर दी। इसमें वह चारों लोग घायल हो गए। हल्ला-गुहार पर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपित फरार हो गए। थानाध्यक्ष सतानंद पांडेय ने बताया कि तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आलोक शुक्ल व अमित शुक्ल उर्फ टाइपिंग को गिरफ्तार कर लिया गया है। शीघ्र ही फरार दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



ढढौवा गांव में फायरिंग के बाद गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस के जवान● जागरण

## हादसों में महिला की मौत, 22 घायल

**जागरण टीम, गोंडा :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 22 से अधिक लोग घायल हो गए। चिकित्सकने पांच घायलों की हालत को नाजुक बताते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है।

**कर्नलगंज :** खजुरिया (बंदरे बाबा) गांव के रहने वाले गंगाराम की बेटी आशा बहराइच के कैसरगंज में हरचंदा गांव से होली में घर आ रही थी। रास्ते में बंदरेबाबा चौराहे के पास ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह होली में मायके आ रही थी। उधर जिला अस्पताल में विभिन्न मार्ग दुर्घटनाओं में घायल गुड्डी देवी, श्रवण, वसंतलाल, अमरेश, सौरभ, प्रद्युम्न, शिवम पांडेय, दिलीप कुमार, राकेश, रमेश, अखिलेश का इलाज चल रहा है।

**खरगूपुर :** पचरन गांव के रहने वाले संतोष गोस्वामी बुधवार को बाइक से पृथ्वीनाथ तिराहा से बिशुनापुर बाजार की ओर जा रहे थे। झाली धाम मोड़ के पास सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

**मनकापुर:** बहराइच के बस्तीपुरवा निवासी परितोष तिवारी बभनान से बहराइच जा रहे थे। रास्ते में झिलाही बाजार के पास बोलेरो ने धरमपुरा गांव रहने वाले जगमोहन पांडेय की बाइक में ठोकर मारते हुए कार से टकरा गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। उधर भोरहा के रहने वाले रामसरन ने कहा कि उसका बेटा श्यामू देवरिया गांव के सड़क हादसे में जख्मी हो गया।

**चार गिरफ्तार :** मनकापुर प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि ग्राम महुआडीह में छापेमारी करके कच्ची शराब के साथ रामवृक्ष, झिनका, रामविलास व दद्दू की पत्नी को गिरफ्तार किया है।

# होली मिलकर लौट रहे युवक पर हमला

## भटपुरवा पुल के पास घात लगाए बैठे थे लोग, पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**परसपुर (गोंडा)।** होली मिलकर लौट रहे बुधवार को एक व्यक्ति को आरोपियों ने रंजिश में लाठी, डंडा व धारदार हथिया से हमला कर दिया। हमलावरों ने हवाई फायरिंग भी की। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पांच लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

करनैलगंज के ग्राम मोहम्मदपुर, गड़वार अंजनी पुरवा निवासी सुखना सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर तीन बजे होली मिलकर शाहपुर से लौट रहा था। भटपुरवा पुल के पास पहले से बैठे लोगों ने रंजिश में धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर गांव के महेंद्र सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह बचाने आए तो उन पर भी हमला कर दिया। मौके पर जब घायलों की माता सुखना सिंह पहुंची तो उनके बेटे मरणासन्न हालात में पड़े थे। घायलों को सीएचसी, परसपुर लाया गया। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि सुखना सिंह की तहरीर पर राकेश सिंह, मुकेश सिंह, विपिन सिंह, आकाश प्रताप सिंह व नन्हू सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## होली मिलने आए युवकों पर फायरिंग, दो गिरफ्तार

**बभनान(गोंडा)।** छपिया थाना क्षेत्र के ढढ़ौवा गांव में बुधवार को होली मिलने आए तीन युवकों पर कुछ लोगों ने हमला कर फायरिंग की। मामले में चार लोगों पर के दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। ढढ़ौवा गांव निवासी अनिल मिश्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बुधवार को उनके आवास पर विनय सिंह, वीरू सिंह व संदीप सिंह बस्ती से होली मिलने आए थे। तभी गांव के दीपक शुक्ला, आलोक, अमित शुक्ला तमंचा लेकर उन पर हमला कर दिए। मारपीट व फायरिंग से चारों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी छपिया भिजवाया। वीरू को गंभीर स्थित में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी बभनान राकेश कुमार ओझा ने बताया कि अनिल मिश्र की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न मामलों में केस दर्ज कर लिया गया है। जिसमें आलोक शुक्ला, अमित शुक्ला दो युवकों की गिरफ्तारी कर ली गई है। संवाद

## मारपीट के मामले में 13 पर केस दर्ज

**मनकापुर(गोंडा)।** होली के दिन क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट मामले में 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि कल्यानपुर निवासी दयानंद के तहरीर पर गांव के राजकुमार, विजय कुमार, अजय कुमार व सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

चौबेपुर निवासी विरेंद्र कुमार की तहरीर पर पारस यादव, दीनानाथ, प्रहलाद यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया। कल्याणपुर निवासी राजकुमार की तहरीर पर रामकुमार, दयानंद, सनी, संतोष के खिलाफ केस दर्ज हुआ। उधर, उपाध्यायपुर ग्रंट निवासी अशोक यादव की तहरीर पर वीरेंद्र शर्मा व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। संवाद

## छत से गिरकर युवक घायल

**इटियाथोक(गोंडा)।** होली खेलने के दौरान एक युवक छत से गिरकर घायल हो गया। जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ग्राम विरमापुर निवासी बलिराम (34) बुधवार को होली खेलने के लिए गांव में गया था। एक व्यक्ति के घर की छत से फिसल कर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम प्रधान ज्योति चंद्र तिवारी ने बताया कि उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संवाद

# 249 स्थानों पर जली उपलों की होलिका

**जागरण प्रभाव**




**संसू, गोंडा** : इस बार का होलिका दहन न केवल पर्यावरण के लिए सुखद रहा बल्कि लोगों के बीच प्रेम बढ़ाने का कारण भी बना।

दैनिक जागरण ने 16 जनवरी से एक मुहल्ला एक होलिका अभियान चलाया। इसमें होलिका समितियों व प्रबुद्धजन के लोग आगे आए। सभी ने अभियान को सराहते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने के साथ पारंपरिक तरीके से होलिका दहन की हामी भरी। नतीजा रहा कि जिले के दस नगर निकायों में 303 के बजाए अब 249 स्थानों पर होलिका

**50 हजार उपलों का हुआ उपयोग 270 क्विंटल लकड़ी की हुई बचत**



दुखहरण नाथ मंदिर के सामने उपले से तैयार की गई होलिका • जागरण

का दहन हुआ। साथ ही 50 हजार उपलों का प्रयोग किया गया। पहले दस नगर निकायों के 173 मुहल्ले में होलिका जलती थी, लेकिन इस बार 249 स्थलों पर इस होलिका दहन हुआ। 54 होलिका स्थल कम हुए जबकि 108 होलिका में केवल उपलों का ही प्रयोग हुआ इससे 270 क्विंटल लकड़ी की बचत हुई।

सबसे खास बात यह रही कि होलिका स्थल कम होने से एक मुहल्ले के लोग इकट्ठा हुए और व्यस्तता के चलते न एक दूसरे से न मिल पाने का गिला शिकवा कर एक दूसरे का हालचाल पूछकर उन्हें अपनत्व का एहसास कराया। कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.उपेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि दैनिक जागरण की पहल का सकारात्मक परिणाम रहा। उपले की राख को पौधे लगाते वक्त मिट्टी में मिला सकते हैं। उर्वरक के रूप में उपले की राख का उपयोग लंबे समय से किया जा रहा है।

## होली पर आपसी सौहार्द मजबूत करने पर जोर

**जागरण टीम, गोंडा:** गुरुवार को जगह रगड़गंज व कर्नलगंज में आयोजित होली मिलन समारोह में सामाजिक आपसी सौहार्द व समरसता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

रगड़गंज बाजार के रामेश्वरम नाथ मंदिर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष बेलसर हरीश चंद्र सिंह उर्फ हरी सिंह ने व्यापारियों से कहा कि आप सभी एक दूसरे से सौहार्द बनाकर भाईचारा बढ़ाएं। समारोह में शामिल व्यापारियों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। आशीष सिंह व निखिल ने प्रसाद वितरण किया। आयोजक हरी सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा ने कर्नलगंज के सभी वार्डों में होली मिलन समारोह आयोजित किया। मंडल अध्यक्ष आशीष सोनी ने कहा कि होली मिलन का आयोजन कर समाज के सभी वर्गों के साथ सामाजिक सौहार्द व समरसता बढ़ने का संदेश दिया जा रहा है।



परसपुर ब्लाक पर होली मिलन समारोह में होली मिलते विधायक अजय सिंह • जागरण



पुलिस लाइन में होली खेलने के बाद सेल्फी लेते एसपी शिवराज • जागरण

# खूब उड़े अबीर–गुलाल, हर तरफ जमकर खेली गई होली

## शहर से लेकर गांव रंगोत्सव की धूम एक–दूसरे के गले मिलकर दी बधाई, विधि–विधान से किया पूजन

**जागरण टीम, गोंडा :** खुशियों के पर्व होली पर हर कोई खुशियों के रंग में रंगा नजर आया। डीजे पर थिरकते युवाओं की टोलियां सारा दिन एक–दूसरे पर रंग लगाने के लिए घूमती रहीं। कोई अबीर गुलाल संग होली खेलता रहा तो कोई केसरिया व हरे रंग लिए दौड़ रहा था। होली खेलैं रघुवीरा अवध मा, होली खेलैं रघुवीरा के होली गीतों से शहर से लेकर गांव तक गूंज उठे। कोई रंगों से सराबोर करता रहा तो कोई अबीर गुलाल संग होली की बधाई दे रहा था। मंगलवार से ही होली की तैयारी पूरी हो गई थी। होलिका दहन के बाद कई जगहों पर लोगों ने रात भर चौताल व होली गीत गाए। बुधवार की सुबह होलिका दहन स्थलों पर पहुंचकर लोगों ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद होली का धमाल शुरू हो गया। होली खेलते फगुआरों की टोली निकली जो दोपहर दो बजे तक घर-घर जाकर खुशियों के रंग बरसाती रही। शाम को लोगों ने अबीर गुलाल संग गले मिलकर होली की बधाई दी। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर मिठाइयां खिलाईं।

**मनकापुर :** मनकापुर कोट पर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली।

**परसपुर:** ब्लाक परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में कर्नलगंज विधायक अजय सिंह ने गुलाल लगा कर लोगों को होली की बधाई दी। अमरेंद्र सिंह,भीम सिंह, डब्लू सिंह, सूरज सिंह मौजूद रहे।

**वजीरगंज** :चौताल व बारहमासी होली गीतों पर लोगों ने झूमते हुए होली मनाई। बबलू बाबा की अगुवाई में कीर्तन मंडली के फगुआ गीतों पर लोग खूब झूमे।

**खरगूपुर:** बुधवार की शाम एसडीएम सदर कुलदीप सिंह,क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम विनय कुमार सिंह की अगुवाई में होली की शोभायात्रा निकाली गई। राधा–कृष्ण,शिव-पार्वती, सीता–राम व हनुमान जी की झांकियां वाले शोभायात्रा में आशीष त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र मिश्र शामिल हुए। उधर क्षेत्रीय मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने भाजपा पदाधिकारियों व व्यापारियों से गले मिलकर होली की बधाई दी।

**बभनजोत :** गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने अपने गांव सैदपुर में लोगों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।


चौक बाजार में झूमते रंग में सराबोर युवक • जागरण


मालवीय नगर मुहल्ला में टोली के साथ नाचते - गाते लोग • जागरण


शिवपुरी कालोनी में एक – दूसरे को रंग लगाते युवक • जागरण


भरत मिलाप चौराहा पर डीजे की धुन पर थिरकते युवक • जागरण


आवास पर सासद कीर्तिवर्धन सिंह को होली की बधाई देते लोग • जागरण


महिला थाना में रंग खेलती महिला पुलिस कर्मी • जागरण


राधाकुंड पर एक-दूसरे को रंग लगाते लोग • जागरण


पटेल नगर में राहगीरों को रंग से नहलाते बच्चे • जागरण


राधाकुंड में अबीर-गुलाल में नहाए मुहल्ले के युवक • ज

# उड़ा गुलाल, गांव से शहर हर घर बरसा रंग

## डीजे की धुनों पर नाचते रहे लोग, युवाओं व बच्चों ने की जमकर मस्ती, एक-दूसरे के गले मिलकर दीं होली की शुभाकामनाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। होली त्योहार जिले में बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह घरों से निकली हुरियारों की टोली घर-घर पहुंची। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और गुझिया-गुलगुला खिलाया गया। युवाओं व बच्चों ने जमकर मस्ती की। सभी लोग रंगों से सराबोर रहे।

पूरे जिले में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। होली की उमंग मंगलवार से ही दिखने लगी थी। मंगलवार शाम होलिका दहन के बाद से लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। होली है... होली है... की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में फगुआ गीतों व ढोल-मजीरे की थाप पर लोगों ने मस्ती की। आज ब्रज में होली है रसिया..., रंग लेके खेलते गुलाल लेके खेलते... जैसे गीतों की फुहार शहर से गांव तक डीजे पर सुनाई दे रही थी। चौताल गाने वालों की टोलियां घर-घर गईं। जहां उन्होंने चौताल, डेढ़ताल सहित कई प्रकार के गीत गाकर समां बांधा। फगुआ गाने वालों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

बुधवार सुबह करीब नौ बजे तक बदली छायी रही, जिससे मौसम ठंडा रहा। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धुन पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा।

सड़क पर आने-जाने वालों को लोग रंगों से सराबोर करते रहे। मोतीगंज क्षेत्र में लोगों ने सुबह की शुरुआत होलिका दर्शन से की। इसके बाद होली गायन शुरू किया। इसके बाद रंगों व अबीर-गुलाल की बौछार होती रही। दूसरे दिन थाना परिसर में होली खेली गई।



परसपुर में होली खेलतीं युवतियां व महिलाएं। -संवाद



गोंडा नगर में डांस करके होली का जश्न मनाते युवा। -संवाद

### रंगों से सराबोर रहे जनप्रतिनिधि

होली पर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, सांसद बृजभूषण शरण सिंह सहित विधायकों के आवास पर लोगों का जमावड़ा रहा। जनप्रतिनिधियों ने अबीर-गुलाल लगाकर लोगों को होली की बधाई दी और मुंह मीठा कराया।

### श्रमिकों के बच्चों संग बांटी खुशियां

इटियाथोक(गोंडा)। पुलिसकर्मियों ने मंगलवार की देर शाम श्रमिकों को होली के पर्व पर उपहार प्रदान किया। थाना इटियाथोक के ईंट भट्टे पर काम करने वाले गैर प्रांतों के अधिकांश श्रमिक होली के मौके पर अपने घरों को नहीं जा सके थे। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने ईंट भट्टे पर काम करने वाले श्रमिकों व परिजनों को उपहार देकर होली की शुभकामनाएं दी।



गोंडा के इटियाथोक में श्रमिकों के बच्चों संग होली मनाते प्रभारी निरीक्षक। -संवाद

# चार तस्करों से 57 लाख का गांजा पकड़ा

गोंडा। नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने 5.51 क्विंटल गांजा के साथ तस्करी से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत 57 लाख रुपये बताई गई है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में पुलिस को सूचना मिली। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी को लगाया गया। बभनी कानूनगो के पास एक मकान में अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की जानकारी टीम को मिली। पुलिस ने छापा मारकर पांच क्विंटल 51 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया। शफीक अहमद निवासी नई बस्ती महाराजगंज कोतवाली नगर, अब्दुल खालिक उर्फ बाबा निवासी इंद्रा नगर, बृजेश कुमार यादव निवासी शुकुलपुरवा कटहामाफी कोतवाली नगर व मंदीप यादव निवसी ग्राम महादेवा तरबगंज को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 20,500 रुपये बरामद हुए। संवाद

# पिटाई के मामले में चार पर मुकदमा

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिसैय्या निवासी दीनदयाल ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि पड़ोस गांव के अनिल कुमार, सुनील कुमार, रामू व संतोष कुमार निवासी इमलिया छीटू घर के सरहद पर लगा टट्टर उजाड़ रहे थे। तभी उसकी बेटी लक्ष्मी और खुशबू ने विरोध किया। जिस पर सभी लोगों ने बेटियों को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# होमगार्ड ने की अभद्रता की शिकायत

करनैलगंज(गोंडा)। एक होमगार्ड को कोतवाली के दरोगा ने अभद्रता करते हुए जेल भेजने व ड्यूटी से हटाने की धमकी दी है। होमगार्ड ने उच्चाधिारियों से शिकायत की है।

होमगार्ड राजेश तिवारी ने सीओ व जिला कमांडेंट को प्रार्थना पत्र दिया है। कहा कि प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर 2 व 3 मार्च को बस स्टॉप चौराहे पर उसकी ड्यूटी लगाई गई थी। 3 मार्च की सुबह 6 बजे वह बस स्टॉप चौराहे पर पहुंच कर डियूटी करने लगा। दिन में 11: 45 बजे कोतवाली की महिला मुंशी ने फोन करके नारायनपुर माझा मोड़ पर ड्यूटी करने को कहा। उसने वहां के लिए रवानगी करने का निवेदन किया।

इसी बात पर उसे कोतवाल से मिलने के लिए कोतवाली बुला लिया गया। आरोप है कि कोतवाली पहुंचते दरोगाओं ने अभद्रता की। कोतवाली से हटाकर तत्काल पुलिस चौकी चचरी भेजने के साथ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी।

उसके विरुद्ध कार्रवाई को जिला कमांडेंट को पत्र भेजने की बात कही है। पीड़ित होमगार्ड ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ नवीना शुक्ला ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। संवाद

a

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-03-2023

# 25 लाख के 151 फोन बरामद किए

## कार्रवाई



पुलिस कार्यालय में एसपी के साथ मौजूद बरामदगी टीम के सदस्य।

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस ने पूरे जिले से गायब हुए 151 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद किए गए स्मार्ट फोन को पुलिस अधीक्षक ने उनके स्वामियों को सौंपा। पुलिस की इस उपलब्धि पर एसपी ने 25 हजार रुपए इनाम घोषित किया है।

जिले के समस्त थानों से प्राप्त हो रहे गायब मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए एसपी केशव कुमार ने अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अगुवाई में सर्विलान्स सेल व स्वाट टीम ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 151 स्मार्ट फोन बरामद किये गये। बरामद किए गए स्मार्ट फोन्स की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख

- जिले भर से बरामद किए गए स्मार्ट फोन को उनके स्वामियों को सौंपे गए
- पुलिस की इस उपलब्धि पर एसपी ने 25 हजार इनाम किया है घोषित

रूपये है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लोगों को बुलाकर उनके मोबाइल सौंपे गए। एसपी केशव कुमार ने मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए नकद इनाम की घोषणा की।

मोबाइल बरामद करने वाली टीम में निरीक्षक श्यामलाल यादव, उपनिरीक्षक खादिम सज्जाद, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह, रामू सरोज, श्याम नारायण, कान्सटेबल रोहित कुमार शुक्ला, अंकित वर्मा, सुशील सिंह, शिव सागर, श्याम जी शुक्ला, अखिलेश कुमार शामिल थे।

# होली त्योहार पर गरीबों में बांटे जरूरत के सामान

उतरौला। पेहर बाजार के चौकी इंचार्ज शमशाद अली भले ही एक जिम्मेदारी के पद पर रहकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हों, लेकिन उनके दयालु प्रवृत्ति के चलते असहाय व बेसहारों की नजर में व किसी मसीहा से कम नही हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यो के चलते कई संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित भी किया है। पेहर बाजार चौकी प्रभारी शमशाद अली ने चौकी क्षेत्र में जाकर होलिका दहन का निरीक्षण किया गया। वहां के संसाधन विहीन परिवारों के बच्चों व वृद्धजनों को मिठाई, फल, पिचकारी, रंग, गुलाल वितरित कर त्यौहार मनाने की अपील की।

# पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को मनाई होली

पुलिस कर्मियों ने जिले भर में गुरुवार को होली खेली। सभी थानों व कोतवाली में पुलिस कर्मी जमकर झूमे। एक दूसरे को रंग से सराबोर करने के साथ साथ गले मिलकर होली का आनंद लिया। बुधवार को जिले में भर में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मी गुरुवार को काफी मस्ती में नजर आए। डीजे की धुन पर नाचते पुलिस कर्मियों के चेहरे पर शांतिपूर्ण निपटे होली की खुशी साफ नजर आ रही थी। नगर कोतवाली में सीओ सिटी दरवेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक व अन्य निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के साथ सिपाहियों ने खूब होली खेली।

# फर्जी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शिकंजा**

- गैसड़ी के यूपीएस गौरा बगनहा से 2021 में बर्खास्त हुए थे लवकुश
- अंतरजनपदीय ट्रांसफर दिखाकर हथियाई थी नौकरी

बलरामपुर, संवाददाता। फर्जी एवं कूट रचित अभिलेख के सहारे नौकरी हथियाने वाले अध्यापक लवकुश शुक्ल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके विरुद्ध 31 मार्च 2021 को सेवा समाप्त करते हुए नगर कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट तत्कालीन बीएसए डा. रामचंद्र ने दर्ज कराई थी।

फर्जी अध्यापक लवकुश शुक्ल के विरुद्ध आरोप है कि कूट रचित नियम विरुद्ध एवं दूसरे के अभिलेख के सहारे गैसड़ी शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा बगनहा प्रथम में सहायक अध्यापक पद पर वर्ष 2004 में उन्नाव जिले से अंतर्जनपदीय तबादले पर तैनाती हासिल की थी। वर्ष 2021 में इनके अभिलेखों के सत्यापन में दूसरे के अभिलेख पर नौकरी करने का मामला उजागर हुआ। जांच में पुष्टि होने के बाद उनके विरुद्ध अनुशासनिक प्रक्रिया अपनाते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने सेवा समाप्त करते हुए नगर कोतवाली ने प्राथमिकी दर्ज कराया था। इनके साथ 92 ऐसे अध्यापक शामिल हैं, जिनके ऊपर फर्जी नियुक्ति के तहत नौकरी हथियाने का आरोप है। सभी का जांच में पुष्टि होने पर तत्कालीन के बेशिक शिक्षाधिकारी डा. रामचंद्र ने 31 मार्च 2021 को नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा कर सेवा समाप्त कर दी थी। मामले की जांच तत्कालीन पूरब टौला चौकी इंचार्ज कृशलय मिश्रा को दिया गया था। जांच अधिकारी ने कई बार संबंधित अध्यापकों के पते पर गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बीते मंगलवार को नगर कोतवाली पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर गैसड़ी में तैनात रहे बर्खास्त शिक्षक लवकुश शुक्ल को मोहमदपुर कटिया गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना नगर प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग से 92 अध्यापकों के विरुद्ध नगर कोतवाली में फर्जी अभिलेख के सहारे नौकरी करने का मुकदमा पंजीकृत है। जिसमें से एक फर्जी अध्यापक लवकुश शुक्ल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

> स्कूलों में शिक्षक भर्ती के तहत 121 अध्यापक कूट रचित अभिलेख के सहारे नौकरी करते पकड़े जा चुके हैं। जानकारी मिली है कि नगर पुलिस टीम ने 92 फर्जी शिक्षकों की सूची में शामिल लवकुश शुक्ल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फर्जी अध्यापक किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे।
>
> **कल्पना देवी**, बीएसए बलरामपुर

# धमकी देकर फूंकी बाइक, तीन पर केस

**संसू, बलरामपुर :** नगर कोतवाली खलवा मुहल्ला निवासी प्रीति सिंह के घर पर दबंगों ने तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। घर में खड़ी उनकी बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुहल्ले के ही बड्डू, दीपक व नन्हू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि सात मार्च को रात करीब साढ़े आठ बजे बड्डू, दीपक व नन्हू गालियां देते हुए उनके घर का दरवाजा तोड़ने लगे। वह बाहर निकलीं तो देखा कि वहां खड़ी उनकी बाइक टीवीएस स्टार सिटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कहा कि मुहल्ले से निकल जाओ, वरना तुम्हें जला डालेंगे।

# आग की घटनाओं पर काबू पाने के नहीं हैं संसाधन

**संवादसूत्र, हरैया सतघरवा (बलरामपुर)** : आग की घटनाओं पर काबू पाने के संसाधन नहीं हैं। विकास खंड हरैया सतघरवा की सीमा नेपाल से जुड़ी है। सोहेलवा जंगल भी है। जंगल में भी आग लगने के बाद काबू पाने में समय लगता है। इससे वन विभाग की संपत्ति भी खाक हो जाती है। यहां के लोगों ने जिलाधिकारी से ब्लाक मुख्यालय शिवपुरा में फायर स्टेशन बनवाने की मांग की है।

मनोज कुमार, अभय कुमार, विजय कुमार, सोहेल खान, जगराम, कोमल, सूरज, दिनेश कुमार, मालती व शीला ने बताया कि गांव में अशिक्षा व गरीबी के चलते लोग फूस के मकान में रहते हैं। यहां की अधिक आबादी चूल्हे पर भोजन बनाती है। थोडी सी लापरवाही होने पर अक्सर आग लग जाती है। इससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो जाता है। आग लग जाने पर फायर ब्रिगेड के आने में दूरी अधिक होने से देर हो जाती है। यदि यहां फायर स्टेशन का निर्माण हो जाए तो यहां के लोगों को समस्या से निजात मिल जाएगी। उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर ने बताया कि ब्लाक मुख्यालय पर फायर स्टेशन का निर्माण कराने के लिए शीघ्र ही प्रस्ताव भेजा जाएगा।




# 25 लाख कीमत के 151 गुम मोबाइल फोन लोगों को सौंपे



बरामद मोबाइलों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, साथ में सर्विलांस की टीम ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

**जासं, बलरामपुर :** अपना खोया मोबाइल वापस पाने की आस छोड़ चुके लोगों के चेहरे पर उस समय मुस्कान बिखर गई, जब पुलिस ने मोबाइल बरामद होने की सूचना दी। मोबाइल मिलने की जानकारी होते ही लोगों के होली की खुशी दोगुनी हो गई। मंगलवार को पुलिस टीम ने 151 लोगों को उनके खोए मोबाइल लौटाए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। पुलिस एसपी केशव कुमार ने मोबाइल बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसपी ने बताया कि जिले के सभी थानों पर मोबाइल गायब या चोरी होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। सभी थानों से गुम मोबाइलों का डाटा एकत्र कर खोजने का अभियान चलाया गया। सर्विलांस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मोबाइलों का लोकेशन ट्रेस करने में सफलता हासिल की। थानों की पुलिस की मदद से मोबाइलों का उपयोग कर रहे लोगों से संपर्क किया गया। स्थानीय व दूरदराज क्षेत्रों में मोबाइल का उपयोग कर रहे लोगों तक पुलिस टीम पहुंची। कई माह से गायब 151 मोबाइल फोन बरामद किए गए। मोबाइल मिलने पर संबंधित थानों के माध्यम से मोबाइल स्वामियों से संपर्क किया गया। महीनों से गायब मोबाइल मिलने की जानकारी होते ही लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक श्यामलाल यादव, निरीक्षक खादिम सज्जाद, सर्विलांस सेल प्रभारी देवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रामू सरोज, कांस्टेबल श्याम नारायण, रोहित कुमार शुक्ल, अंकित वर्मा, सुशील सिंह, शिवसागर, श्याम जी शुक्ल व अखिलेश कुमार शामिल रहे।

# आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर** : तुलसीपुर थाने की पुलिस ने एक बैलगाड़ी, रसोई गैस सिलेंडर व मोबाइल के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हरैया तिराहा तुलसीपुर निवासी विजय श्याम मौर्य उर्फ राजू को गल्ला मंडी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी सामान बरामद कर जब्त कर लिया गया हैं। (संसू)

# 23 माह बाद पुलिस ने फर्जी शिक्षक को दबोचा

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अभिलेखों के आधार पर शिक्षक की नौकरी हथियाने वालों के खिलाफ प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। 23 माह बाद नगर कोतवाली की पुलिस ने बर्खास्त शिक्षक लवकुश शुक्ल निवासी देवरियाचमन, चिताही थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2020-21 में शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया। सत्यापन में फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी हथियाने वालों की भी कलई खुली थी। विभागीय जनपदीय समिति एवं एसटीएफ ने भी जांच की थी। तत्कालीन बीएसए डा. रामचंद्र ने एक अप्रैल 2021 को नगर कोतवाली में 92 फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। करीब दो साल से जांच चल रही थी, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी एक साथ 15 शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश भी फर्जी मिला। इसके बाद पहले से दर्ज मुकदमे की खोजबीन एसपी केशव कुमार के आदेश पर शुरू हो गई। इसकी मानीटरिंग की जिम्मेदारी एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपी गई थी।

नगर कोतवाल बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्रपाल यादव, विनोद कुमार त्रिपाठी, तेरस राम यादव की टीम ने मोहम्मदपुर होटल कटिया से फर्जी डिग्री के आरोप में बर्खास्त शिक्षक लवकुश शुक्ल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# मारपीट की दो घटनाओं में 11 लोग घायल, 14 पर मुकदमा

**जागरण टीम, बलरामपुर :** रेहराबाजार के सरायखास में जमानत कराकर लौट रहे अदालती प्रसाद व उनके बेटे प्रमेंद्र कुमार एवं रवि कुमार को दबंगों ने रास्ते में रोककर पीट दिया। बचाव में आई उनके परिवार की पांच महिलाओं को भी मारा-पीटा। पुलिस ने 10 नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दूसरी तरफ ललिया के इमिलिया भैयापुरवा गांव निवासी महेश प्रताप सिंह, पिता सुरेंद्र बहादुर सिंह व बहन वंदना सिंह को सोते समय दबंगों ने लाठी-डंडे से पीट दिया। महेश की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार सगे भाइयों अरुण सिंह, मंजीत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मानवेंद्र सिंह व अकबाल बहादुर सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। रेहरा बाजार के सरायखास निवासी अदालती प्रसाद ने आरोप लगाया कि छह मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे जमानत कराकर अपने बेटों के साथ घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के अनिल श्रीवास्तव, जयनरायन लाल, विनोद कुमार, राजकुमार, सीतू, शीला, घनश्याम, राम बहोर, उमेश व सुरेश ने घेरकर मारना-पीटना शुरू कर दिया। परिवार की महिलाएं दौड़ पड़ीं तो दबंगों ने उन्हें भी पीट दिया। मारपीट में पत्नी फूलमती, बहू तिलका देवी, पोती काजल, बेटी सरिता व सीमा को भी काफी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उधर ललिया के इमिलिया भैयापुर गांव निवासी महेश प्रताप सिंह ने बताया कि वह पिता व बहन के साथ घर में सो रहे थे। गांव के अरुण सिंह, मंजीत सिंह, मानवेंद्र सिंह,अकबाल बहादुर सिंह ने घर में घुसकर लाठी-डंडे से घायल कर दिया।

# 23 माह बाद हत्थे चढ़ा बर्खास्त फर्जी शिक्षक

## पहली अप्रैल 21 को 92 फर्जी शिक्षकों के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** 23 माह बाद आखिरकार पुलिस ने फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने वाले बर्खास्त शिक्षक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उससे पूछताछ करने के बाद बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया है।

बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2020-21 में शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। साथ ही कुछ की तैनाती अन्य जिलों से हुई थी। इनमें फर्जी अभिलेख लगाकर नौकरी हथियाने की शिकायत आई थी। इसकी जांच विभागीय जनपदीय समिति एवं एसटीएफ ने की थी। इसमें जिले के 92 शिक्षकों के अभिलेख फर्जी मिले थे। तत्कालीन बीएसए डॉ. राम चंद्र ने एक साथ 92 शिक्षकों की सेवा समाप्त करते हुए 1 अप्रैल 2021 को कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

इस मामले की जांच पुलिस कर रही थी। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी एक साथ 15 शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश ही फर्जी मिला। इसके बाद पहले से दर्ज मुकदमे की खोजबीन एसपी केशव कुमार के आदेश पर शुरू हो गई। इसकी मानीटरिंग की जिम्मेदारी एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपी गई। नगर कोतवाल विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मोहम्मदपुर होटल कटिया से फर्जी डिग्री के आरोप में बर्खास्त शिक्षक लवकुश शुक्ला निवासी देवरिया चमन पोस्ट चिताही थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शिक्षक को जेल भेज दिया गया है।

### आज से भेजी जाएंगी यूपी बोर्ड की कॉपियां

**बलरामपुर।** यूपी बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार से यूपी बोर्ड की कॉपियों को मूल्यांकन के लिए कड़ी सुरक्षा में भेजा जाएगा।

डीआईओएस गोविंद राम ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चार मार्च को समाप्त हो चुकी हैं। अब मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच भेजी जाएंगी। वहीं अन्य जिलों से कापियां मूल्यांकन के लिए यहां आएंगी।

18 मार्च से शुरू हो रहे मूल्यांकन के लिए एमपीपी इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया जा रहा है। यहां पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कराया जाएगा। अब तक कितने परीक्षक कॉपियों के मूल्यांकन में लगेंगे, यह तय नहीं है। वैसे मूल्यांकन को लेकर विभाग शिक्षकों का डाटा एकत्र कर रहा है। संवाद

# युवक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार

**महाराजगंज तराई।** सुगानगर निवासी विजय कुमार 24 फरवरी को लापता हो गया था। दस दिन बाद उसका कंकाल मधनगर में गन्ने के खेत में मिला था। मामले में मृतक की मां सुखना देवी ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाल अशोक कुमार सिंह का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने ननकने निवासी लालडिहवा को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# पेट्रोल छिड़क बाइक फूंकी, तीन पर केस

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली के खलवा मोहल्ले में बीते मंगलवार शाम युवकों ने एक घर पर हमला बोलकर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद पेट्रोल छिड़ककर बाइक को फूंक दी। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर, ललिया थाने में मारपीट के एक अन्य मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर कोतवाली के मोहल्ला खलवा उत्तरी निवासी प्रीति सिंह ने आरोप लगाया है कि सात मार्च की शाम को तीन युवक आकर उसका दरवाजा तोड़ने लगे। बाहर निकली तो जान से मारने की धमकी देते हुए युवकों ने उसकी बाइक को पेट्रोल डालकर फूंक दी। संवाद

# नशे में दौड़ाई थी बस चालक की सेवा समाप्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** अभी जरवल में रोडवेज बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच चल ही रही थी कि इसी बीच एक और मामला सामने आया है। शराब के नशे में बस दौड़ाकर 49 यात्रियों की जान जोखिम में डालने के मामले की विभागीय जांच पूरी हो गई है। मामले में संविदा चालक प्रमोद कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है।

परिवहन निगम मुख्यालय के स्टेट फ्लाईंग स्क्वायड के यातायात अधीक्षक राकेश कुमार सिंह की टीम ने 6 दिसंबर 2022 को कैसरबाग-बलरामपुर मार्ग पर हवेली ढाबा पर बलरामपुर डिपो की रोडवेज बस यूपी 47 टी 1305 को चेक किया। बस में 49 यात्री सवार थे। ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर चालक प्रमोद कुमार उपाध्याय की टेस्ट रिपोर्ट 146 एमजी के साथ पॉजीटिव पायी गई।

संबंधित संविदा चालक ने खाना खाने के बाद नींद आने की बात कही। वाहन के संचालन में कठिनाई की बात कही।

# जमीन पर कब्जा कर लगवाई इंटरलॉकिंग

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** मोतीपुर हड़हवा में नहर की पटरी पर कब्जा करके इंटरलॉकिंग कराने का मामला सामने आया है। चित्तौड़गढ़ बांध निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता की तहरीर व एसपी के आदेश पर पचपेड़वा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी को दिए पत्र में अधिशासी अभियंता ने कहा है कि पचपेड़वा के ग्राम मोतीपुर हड़हवा स्थित चित्तौड़गढ़ बांध से निकलने वाली मुख्य नहर की जमीन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्लाटिंग करके अतिक्रमण किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि अतिक्रमण कर रहे लोगों को पहले ही पक्का निर्माण न कराने की नोटिस दी गई थी। 6 फरवरी को ही जिलेदार तृतीय ने तहरीर दी थी, लेकिन पचपेड़वा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसपी केशव कुमार के आदेश पर दो मार्च को पचपेड़वा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# 25 लाख रुपये के 151 गुम स्मार्ट फोन खोज निकाले

बलरामपुर। जिले की सर्विलांस सेल पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 25 लाख कीमत के 151 फोन बरामद करके मंगलवार को उसके स्वामियों को सौंपे गए। एसपी केशव कुमार ने बताया कि अलग- अलग तिथियों में कई लोगों ने मोबाइल गुम होने की शिकायत की थी। इसके लिए पुलिस की स्पेशल टीम लगाई गई थी। एएसपी नम्रिता इसकी निगरानी कर रही थीं। सर्विलांस सेल व स्वाट टीम ने तकनीक का सहारा लेकर 151 गुम हुए मोबाइल बरामद किए हैं। जिसकी कीमत 25 लाख के करीब बताई जा रही है। मंगलवार पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने गुम मोबाइल को उनके स्वामियों को सौंप दिया। अभियान में लगी पुलिस टीम को 25 हजार के पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी श्यामलाल यादव, उपनिरीक्षक खादिम सज्जाद, देवेंद्र सिंह, रामू सरोज, श्याम नारायण, रोहित कुमार शुक्ला मौजूद रहे। संवाद

# सुरक्षा के चौकस इंतजाम

होली को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे। डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार पल-पल की निगरानी कर रहे थे। हर कस्बे में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस टीम लगाई गई थी।

## संरक्षित पशु का अवशेष मिलने से नाराजगी

**गैसड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खदगौरा के मजरा बभनपुरवा में बृहस्पतिवार को गांव के दक्षिण बृजमोहन शुक्ला के खेत में संरक्षित पशु का अवशेष मिला। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने नाराज लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। कोतवाल ओपी सिंह चौहान ने बताया कि आधा दर्जन लोगों से पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

## चोरी में एक गिरफ्तार

**तुलसीपुर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने चोरी के एक मामले में गल्ला मंडी हरैया तिराहा से विजय श्याम मौर्य निवासी हैरया तिराहा को गिरफ्तार किया है। चोरी की बैलगाड़ी, घरेलू गैस सिलिंडर व मोबाइल बरामद किया है। गैसड़ी पुलिस शांतिभंग के आरोप में चार के खिलाफ कार्रवाई की है। (संवाद)

## अवैध कब्जे की शिकायत

**बलरामपुर।** तुलसीपुर ब्लॉक अंतर्गत तिवारीडीह गांव के दीपक कुमार ने चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त से की है। मंडलायुक्त को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि लेखपाल से मिलकर ग्राम प्रधान चारागाह की जमीन पर खेती कराते हैं। ऐसे में पशुओं को चराने के लिए परेशानी होती है। चारागाह के चारों तरफ लगे शीशम के पेड़ को भी प्रधान ने कटवा दिया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023



शहर में डीजे की धुन पर होली का लुत्फ उठाते युवा



रास्ते में निकलने वाले राहगीरों पर रंग डालते बच्चे



होली के दिन घर-घर रंग लगाने पहुंचे यु

## होलिकोत्सव पर अग्नि के फेरे लेकर अर्पित की अन्नाहुति, शाम को घंटाघर में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# होरियारों ने भोर से मचाया रंगों का धमाल

### रंगों की बौछार

बहराइच, संवाददाता। रंगों, स्नेहिल मिलन व भाईचारे के प्रतीक होलिकोत्सव की श्रृंखला में मंगलवार को सूर्यास्त के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया।

पूरा शहर व ग्रामीण इलाके हुरियारों के धमाल से गुलजार हो उठे। बुधवार की भोर से रंग, अबीर, गुलाल लिए हुरियारों की टोलियां एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाकर गले मिल होली की बधाइयां देते रहे, जमकर रंग खेला गया। केन्द्रीय होली समिति अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी, महामंत्री सुमित कुमार खन्ना के नेतृत्व में बुधवार सुबह घंटाघर परिसर पर रंग बिरंगी छटा लिए चोंधरों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। बुधवार शाम घंटाघर परिसर में होली मिलन व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। जबकि गुरुवार दोपहर में तीन बजे से शहर के त्रिमुहानी घाट हनुमान मंदिर पर होली मिलन व प्रसाद वितरण हुआ।

- सड़क सुरक्षा रैली को विधायक ने दिखाई झंडी
- जीजीआईसी की उमरा को मिला तीसरा स्थान

**डीएम व एसपी ने की सहभागिता :** होली का पर्व रंगों पूरे शांतिपूर्वक संपन्न सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दीं। परंपरा अनुसार शाही घंटाघर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा ने होली की बधाइयां दीं। इस अवसर पर सभी को सम्मानित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सीओ सिटी आरके सिसोदिया, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी, गुलाब चंद्र शुक्ला, चंद्रभान सिंह सचित, दीपक सत्या, डॉ.आनंद गोंड आदि मौजूद रहे। संचालन मंदीप सिंह वालिया ने किया।

### होली पर मटकी फोड़ का हुआ आयोजन

जरवल। जरवल विकास खंड के गांवों व जरवल नगर के विभिन्न वार्डों में धूमधाम से मनाया गया होली का महापर्व लोगों ने एक दूसरे को अबीर,गुलाल, रंग लगा कर दी होली की बधाई, होली के रंगों में रंगे नजर आये बूढ़े,बच्चे, महिलाएं व नव जवानों ने मनाया। जरवल नगर में मटकी फोड़ का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नन्हे बच्चे हाथों ने नन्ही पिचकारियां से एक पर रंग बरसाते नजर आये।

## वेद मित्र की वंशी पर सुरीली लोकधुनों ने मोहा मन

बहराइच। घंटाघर प्रांगण में केन्द्रीय होली समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह पर पारंपरिक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत वंशीवादक पं. केदारनाथ मिश्र दद्दू महाराज के शिष्य डॉ. वेद मित्र शुक्ल की वंशी पर छिड़ी होरी, चैती और धमार की मधुर तान से हुआ। उन्होंने वंशी पर- जमुना तट श्याम खेलें होरी, एवं होली खेलें रघुवीरा अवध मा धुनों के साथ लोकधुन चैती -हथवा लगत कुम्हलाए गइली रामा, जूही के फुलवा छेड़कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। शहर में यह परंपरा स्व. दद्दू महाराज के समय से चली आ रही है। जिसका निर्वहन पिछले 24 वर्षों से संप्रति दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर वेद मित्र शुक्ल की ओर से अभी भी किया जा रहा है। अमेरिका एवं फिजी सहित देश-विदेश में अनेक स्थानों पर वंशीवादन कर चुके वेद मित्र का मानना है कि वैश्विक स्तर पर लोकसंगीत को संरक्षित करने की विशेष जरूरत है। स्थानीय और सरकारी स्तर पर समन्वित प्रयास से लोकधुन के संरक्षण व संवर्धन की महती आवश्यकता है।

# कब्रिस्तानों, दरगाहों में जले चिराग

## शब-ए-बरात

बहराइच, संवाददाता। मुस्लिम धर्मावलंबियों में पूर्वजों की स्मृतियों को लेकर मनाए जाने वाले पवित्र त्यौहार शबे बारात मंगलवार की रात में मनाया गया। शबेबरात पर शिया व सुन्नी समुदाय के कब्रिस्तानों, दरगाहों, इमाम बाड़ा में चिराग, अगरबत्ती जलाई गई। फातिहा की रस्म अदायगी की गई।

शहर व ग्रामीण इलाकों में मंगलवार की रात मुस्लिम कब्रिस्तानों में चिराग से परिसर गुलजार हो गया। साफ-सफाई के बाद लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर पहुंचे। वहां चिराग व अगरबत्तियां जलाकर फातिहा की रस्म हुई। दरगाहों में भी चिराग जलाए गए। इस मौके पर लोगों ने घरों, कब्रिस्तानों, दरगाहों में झालरों व बिजली के जुगनू बल्बों की सजावट की गई। शबे बरात में मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी रात जागकर मस्जिदों व घरों में इबादत किया। पूर्वजों से दुआएं मांगी। शबे बारात के मद्देनजर शहर के सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह में भी प्रबंध समिति अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद, गिरदावर हाजी अजमतउल्ला की देखरेख में चिराग, अगरबत्तियों को जलाने के बाद इबादत का सिलसिला शुरू हुआ।



शहर स्थित सैय्यद सालार मसऊद गाजी की दरगाह में चिराग जलाते मुस्लिम

- रात भर लोगों ने जागकर की इबादत
- फजीलत वाली रात है, खुराफात से बचे

वहीं छोटी तकिया खानकाह में समिति अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद आलम सरहदी, मौलाना अरशद जमाल उर्फ नूरी मियां, बच्चे भारती के नेतृत्व में इबादत हुई। शहर के अमीरमाह में अधिवक्ता साजिद अली व रियाज अहमद की देखरेख में चिराग, फातिहा व इबादत का सिलसिला चला। सालारगंज स्थित खासियारी मस्जिद में मौलाना मैनुद्दीन कादरी, मौलाना आरिफ के नेतृत्व में शबे बारात पर चिराग, फातिहा व इबादत की गई।

## रात भर इबादत कर मनाई गई शबेबरात

नवाबगंज। शबेबरात का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इबादत कर मनाया। मंगलवार को रात में ईशा की नमाज के बाद क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में रात भर जागकर लोग अल्लाह को राजी करने के लिए इबादत करते रहे। इसी दौरान रात भर लोग अपने पूर्वजों की बख्शीश के लिए कब्रिस्तानों पर जाकर फातिहा पढ़ते नजर आए। मौलाना जैनुल आबेदीन कासमी ने बताया कि फजीलत वाली रात है। खुराफात से बचना चाहिए। कस्बे की हाजिन मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद में इबादत की सुबह फजिर की नमाज के बाद आपसी सौहार्द कायम के लिए दुआ मांगी गई।

# शराब बिक्री कर रहे तस्कर को पकड़ा

बहराइच। रामगांव थानाध्यक्ष अमितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि माणिकपुर के नौव्वनपुरवा बगिया में एक संदिग्ध को दबोच लिया।

तलाशी में उसके पास से 45 पाउच देशी शराब झूम, नौ लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान उक्त के बिशुनापुर निवासी कल्लू के रूप में हुई। उस पर आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# मारपीट में दो गिरफ्तार

बहराइच । हुजूरपुर थाने के कटका मरौठा में मंगलवार देर शाम इसी गांव निवासी अंशु सिंह व बिशुनपुर के मजरे बाबूजोत निवासी अमर सिंह में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसकी भनक गश्त पर निकले एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक अमित प्रकाश, अहमद हुसैन, मुख्य सिपाही श्रवण कुमार आदि ने मौके पर दबिश दी।

# सांड़ की सरिया भोंक कर हत्या, केस दर्ज

महसी । बौंडी थाने के राजा रेहुवा गांव में बुधवार को एक खेत में एक समुदाय के एक युवक ने सांड़ को सरिया भोंक दी, जिससे सांड़ की मौके पर ही मौत हो गई। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सूचना पर पहुंचे एसओ गणनाथ प्रसाद ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपित को गिरफ्तार कर ग्रामीणों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

सांड़ के अंतिम संस्कार स्थल के लिए असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। महमा-महसी के बीच एसडीएम महसी

# छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार हुआ

बहराइच। कैसरगंज एसएचओ दादन सिंह, दरोगा राजेश पांडेय, भोला प्रसाद यादव, सिपाही मुकेश कुमार ने मंगलवार रात में गश्त के दौरान महुरी कलां के बुलाकी पुरवा में दबिश दी। पुलिस ने इसी गांव निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर गाली-गलौज, धमकी व मारपीट, पाक्सो एक्ट में केस दर्ज था। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है।

# चटकीं लाठियां, चले ईंट-पत्थर, 15 घायल, 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जागरण टीम, बहराइच :** अलग-अलग स्थानों पर जमकर मारपीट हुई। ईंट-पत्थर के साथ लाठी-डंडे भी चले। घटनाओं में 15 लोग घायल हो गए। 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया।

**बौंडी :** मुरौव्वा गांव में बुधवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चलने लगे। लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। घटना में एक पक्ष की ओर से रामबरन, महेश, जिलेदार, हेमराज, इंदल व कृष्ण कुमार जबकि दूसरे पक्ष की ओर से हरेलाल, पप्पू, रेनू, काजल, रामदेवी व बाबू घायल हो गए। एसओ गणनाथ प्रसाद ने बताया कि एक पक्ष के रामबरन की तहरीर पर पहलवान, पप्पू, हरेलाल, राजेश, रेनू, लालाराम व रामदेवी व दूसरे पक्ष के हरेलाल की तहरीर पर रामछबीले, बहिर, जिलेदार, महेश, इंदल, झब्बूलाल व जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**रामगांव/रिसियामोड़/गंभीरवा :** रामगांव के अचाकपुर गांव में डीजे बजाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें सुलोचना समेत दो लोग चोटिल हो गए। थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह, गंभीरवा चौकी इंचार्ज दीवान असलम खान ने मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया। महरी गांव निवासी अरविंद के घर पहुंचकर कुछ दबंगों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारा पीटा। पुलिस ने मुस्ताक, सुफियान, सहाबुद्दीन व दिलसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों पक्षों



से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी पाकर एएसपी ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ महसी जेपी त्रिपाठी व एसओ ने घटनास्थल का जायजा लेकर दोनों पक्षों के लोगों से बात की।

**नानपारा/बलहा :** ग्राम हाड़ाबसहरी में रंग खेल रहे हुरियारों पर गांव निवासी मनन, मेराज सहित दो अन्य पर पथराव करने व मारपीट करने का आरोप लगा है। गांव निवासी आलोक द्विवेदी ने बताया कि वह लोग रंग खेल रहे थे। मनन के परिवारजन रंग खेलने से मना करने लगे और पथराव कर दिया। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**बौंडी :** डोकरी गांव के दिनेश कुमार दूबे के बेटे गौतम को कुत्ते ने दौड़ा लिया। इस पर उसने कुत्ते को पत्थर मारकर भगाने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने उसके बेटे की लाठियों से पिटाई कर दी। बीच-बचाव के दौरान उन्हें व पत्नी सीमा देवी को भी गालियां देकर मारा-पीटा। एसओ ने गणनाथ प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। **खुटेहना :** पयागपुर के सुमेरपुर, सतपेड़िया, मैं रंग डालने को लेकर कुछ लोगों में कहासुनी हो गई, लेकिन गांव के लोगों ने मामले को शांत कराया।

# सांड़ की सरिया घोंपकर हत्या, मुकदमा दर्ज

संसू, बौंडी(बहराइच) : राजा रेहुवा गांव में बुधवार को खेत में विशेष समुदाय के एक युवक ने सांड़ को सरिया घोंप दिया। इससे सांड़ की मौके पर मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचे एसओ गणनाथ प्रसाद ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों से तहरीर ली। बावजूद इसके सांड़ के अंतिम संस्कार स्थल के लिए असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस से नोकझोंक भी शुरू हो गई। घंटों तक चले गहमा-गहमी के बीच एसडीएम महसी संजय कुमार, सीओ जेपी त्रिपाठी, तहसीलदार प्रद्युम्न कुमार पहुंच गए। भारी पुलिस बल व तहसील स्तरीय अधिकारियों के काफी जद्दोजहद के बाद सांड़ का अंतिम संस्कार करवाया गया। एसओ ने बताया कि ग्रामीणों की सामूहिक तहरीर पर सफी मोहम्मद व अली मोहम्मद समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रास्ते की भूमि पर दबंगों का कब्जा, शिकायत

जासं, बहराइच : कैसरगंज क्षेत्र के बसंतपुर निवासी नरेश सिंह ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि गांव निवासी एक दबंग ने सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर मुर्गी फार्म बना लिया है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# 'काल प्रेरणा' को मिलेगा अमृतलाल नागर पुरस्कार

**12** मार्च को पुरस्कार ग्रहण करेंगे लेखक डा. दिनेशचंद्र

**01** लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप मिलेगा और प्रशस्तिपत्र

**जासं, बहराइच :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने सुप्रसिद्ध लेखक, संस्कृति चिंतक जिलाधिकारी डा. दिनेशचंद्र सिंह की रचना 'काल प्रेरणा' को 'अद्भुत' करार दिया है। इस रचना के लिए उन्हें वर्ष 2022-23 का अमृतलाल नागर पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक लाख रुपये का चेक उन्हें प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।


डा. दिनेश चंद्र, डीएम बहराइच • जागरण

संस्थान अध्यक्ष डा. अखिलेश मिश्र और महामंत्री डा. सीमा गुप्त ने डीएम डा. दिनेश चंद्र सिंह को प्रेषित पत्र में बताया कि राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के वार्षिक पुरस्कार 2022-23 में काल प्रेरणा को अमृतलाल नागर पुरस्कार से नवाजा जाएगा। पुरस्कार 12 मार्च 2023 को अपराह्न 2.30 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में प्रदान किया जाएगा। पुस्तक का संपादन वरिष्ठ पत्रकार कमलेश पांडेय ने किया है, जबकि नगीन प्रकाशन मेरठ ने प्रकाशित किया है, जिसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित जैन हैं। पुस्तक का विमोचन केरल भवन नई दिल्ली में लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पिछले वर्ष किया था। डा. दिनेश चंद्र सफल नौकरशाह हैं और फुर्सत के समय में अपने व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित लेखन करते हैं। उनकी इस साधना की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई और उनकी पहली रचना 2015 में प्रकाशित हुई थी। अभी वह चार पुस्तक लिख चुके हैं, जबकि पांचवीं पुस्तक इसी वर्ष प्रकाशित होने वाली है।

# 45 बैटरियां चोरी

**पयागपुर** : रेलवे स्टेशन के एक कक्ष में लगी 12 वोल्ट की 45 बैटरियां बुधवार को चोर खोल ले गए। स्टेशन अधीक्षक ने आरपीएफ के निरीक्षक को फोन से घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे निरीक्षक श्याम राज ने बताया कि मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।(संसू)

# धू-धू कर जला जलनिगम दफ्तर

## दस्तावेज राख, कई किलोमीटर दूर तक दिखा धुएं का गुबार, अनहोनी की आशंका में सहमे लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** होलिका दहन के दिन मंगलवार को डीएम आवास के बगल स्थित जलनिगम कार्यालय के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही मौके पर नगर कोतवाली पुलिस व चंद कदम की दूरी पर स्थित फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने लगीं। लेकिन कुछ ही देर में आग ने पूरे जलनिगम कार्यालय को अपने आगोश में ले लिया।

सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और हाथों में माइक लेकर मोर्चा संभाला। लगभग दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता पूरा कार्यालय व गोदाम जलकर राख हो गया। आग से लाखों के नुकसान हुआ और जरूरी कागजात जल कर राख हो गए। डीएम ने संदिग्धावस्था में लगी आग पर मजिस्ट्रेटी जांच बिठाई है।

मंगलवार को जब कार्यालय के बाहर से गुजर रहे राहगीरों ने धुआं उठता देखा तो अफरातफरी मच गई। सबने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। नगर कोतवाल शैलेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला।

वहीं, आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। लेकिन तब तक आग ने पूरी तरह से जलनिगम के गोदाम को अपने आगोश में ले लिया और आसमान में धुएं का गुबार छाया रहा। कार्यालय के बाहर सड़क पर चीखपुकार मच गयी। यातायात पुलिस ने मार्ग पर आवागमन रोक दिया। कुछ देर बाद की डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र व एसपी प्रशांत वर्मा भी मौके पर पहुंचे और आग पर नियंत्रण की जिम्मेदारी संभाली। दमकल कर्मियों ने लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया।





बहराइच में मंगलवार को जलनिगम कार्यालय में लगी आग से जलता सामान व उठती लपटें। आग बुझाने के दौरान तोड़ा गया भवन (नीचे)। -संवाद

**दमकल की चार गाड़ियों ने दो घंटे मशक्कत कर आग पर पाया काबू, आठ बार भरना पड़ा पानी**

### तोड़नी पड़ी दीवार

गोदाम में रखे पाइपों व अन्य सामानों में लगी आग देखते ही देखते रौद्र रूप ले लिया और हवाओं ने उसे कार्यालय परिसर में भी धकेल दिया। थोड़ी ही देर में कार्यालय परिसर से भी आग की तेज लपटें निकलने लगी। यह देख अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए। आग पर काबू करने के लिए तत्काल मौके पर बुलडोजर बुलाया गया और जलनिगम कार्यालय की दीवारों को तोड़ा गया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### जलनिगम कर्मचारियों को बैठने के भी लाले

जलनिगम कार्यालय पूरी तरह से लगभग नष्ट हो गया है। आलम यह है, कि कार्यालय में कर्मचारियों के बैठने तक की जगह नहीं है। ऐसे में होली की छुट्टियो के बाद जलनिगम का कार्य भी बाधित हो सकता है। हालांकि जल निगम एक्सईएन राकेश सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों को पूरे प्रकरण से अवगत करवाया गया है। उनके निर्देशानुसान काम-काज के लिए स्थान का चयन किया जाएगा।

### नगर कोतवाल हुए जख्मी, लगे टांके

भीषण आग के चलते मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। हर अधिकारी व कर्मचारी आग पर जल्द से जल्द काबू पाने की जुगत में लगा था। डीएम व एसपी जहां माइक से सभी को निर्देशित कर रहे थे तो वहीं वहीं नगर कोतवाल शैलेश सिंह भी आग बुझाने के लिए इधर उधर दौड़ रहे थे। इसी दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और वे गिर गए जिससे उनके हाथ में गहरी चोट आई। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने उनके हाथ में टांके लगाए।

### “ मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

पूरे प्रकरण की जांच के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जलनिगम एक्सईएन की ओर से एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।

-डॉ. दिनेश चन्द्र, डीएम

### “ बड़ी क्षति की आशंका

गोदाम में रखी पाइपें व कार्यालय का फर्नीचर, प्रपत्र पूरी तरह नष्ट हो गया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। कई लाख या फिर करोड़ों में नुकसान हो सकता है। बहुत बड़ी क्षति हुई है।

**-राकेश कुमार,** एक्सईएन जलनिगम

# नानपारा में रंग खेल रहे लोगों पर पथराव, चार पर केस, तीन को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

नानपारा/रामगांव(बहराइच)। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को रंग खेल रहे लोगों पर समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने पथराव कर दिया और मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर तीन को जेल भेजा है।

वहीं रामगांव थाना क्षेत्र में होली पर पुराने विवाद को लेकर समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट की। युवकों की तहरीर पर पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं रामगांव थाना क्षेत्र में ही डीजे की आवाज को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों से 12 लोगों को शांति भंग में पाबंद कर दिया।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के हांडा बसेहरी गांव में बुधवार को होली के दिन सभी रंग खेलने में मस्त थे। गांव निवासी आलोक द्विवेदी भी अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे। आरोप है, कि इसी दौरान गांव निवासी अज्जन निकले और आलोक से रंग न लगाने की बात कही। वहीं विरोध स्वरुप उन्होंने गाली-गलौज शुरु कर दी। इसके बाद परिवार के साथ होली खेल रहे लोगों पर पथराव कर दिया।

गांव के अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करवाया। आलोक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि आलोक की तहरीर पर अज्जन, मन्नान का बेटा, जावेद और मन्नान की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ अज्जन, मन्नान का बेटा और मिराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एहतियात के तौर पर गांव में फोर्स तैनात है।

## रामगांव में पुराने विवाद में दो समुदायों के बीच मारपीट

वहीं रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी बौकहा में बुधवार को रंग खेल रहे गांव निवासी अरविंद कुमार समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि समुदाय विशेष के लोगों ने पुराने विवाद को लेकर हमला किया है।

मारपीट की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं एएसपी डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ जेपी त्रिपाठी भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनो समुदाय के लोगों से बातचीत की।

थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह ने बताया कि विवाद करने वाले आरोपी मुश्ताक, सुफियान, शहाबुद्दीन व दिलशाद पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## डीजे बजाने के विवाद में 12 पाबंद



रामगांव थानाक्षेत्र में दो समुदाय के बीच मारपीट के बाद मौके पर वार्ता करते ग्रामीण। -संवाद

वहीं ग्राम पंचायत भगवानपुर माफी के मजरा अचाकपुर में होली के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंचे गभिरवा चौकी प्रभारी दीवान असलम खान ने स्थिति को संभाला। असलम खान ने बताया कि 12 लोगों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया गया है।

# शब-ए-बरात पर रातभर जाग की इबादत

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने रातभर जागकर इबादत की। ईशा की नमाज के बाद लोग मस्जिदों में रात भर जागकर अल्लाह को राजी करने के लिए इबादत करते रहे। इस दौरान सभी ने सालभर हुए गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा कर दुआ मांगी।

शब-ए-बरात के मौके शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों व कर्बला को झालरों आदि रोशन किया गया। इबादत गाहों में पूरी रात कुरान की तिलावत व नमाज का दौर चला। मुस्लिम समाज के लोगों ने पुरखों को पुरसा देने के लिए कब्रिस्तानों में पहुंचकर रोशनी की।

उधर, नवाबगंज स्थित इरफान मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद में भी सभी रात भर इबादत करते रहे। इस दौरान मौलाना जैनुल आबदीन कास्मी ने फजीलत वाली रात को खुराफात से बचने का पैगाम दिया।

इस मौके पर हाफिज बासित अरफात, रफीक अहमद, अतीक अहमद आदि मौजूद रहे।



शब-ए-बरात पर कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ते लोग। संवाद

# कतर्नियाघाट-भरथापुर मार्ग पर वन विभाग ने आवागमन रोका

संसू, मिहिंपुरवा (बहराइच) : एक सप्ताह पूर्व भरथापुर के पंकज को जंगली हाथियों ने हमला कर मार डाला था। इसके बाद वन विभाग ने उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भरथापुर के ग्रामीणों का आवागमन जंगल के रास्ते पूरी तरह बंद कर दिया है। कतर्नियाघाट के घने जंगलों से घिरा भरथापुर गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन रोकने का फैसला लिया गया है। हाथियों का मूवमेंट कम हुआ है। जल्द ही मार्ग को फिर से खोल दिया जाएगा।

# भाले से मवेशी को मार डाला, तनाव

## बौंडी पुलिस ने राजा रेहुवा के युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी



मौके पर मौजूद गुस्साए लोगों को समझाते सीओ। संवाद

बौंडी(बहराइच)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजा रेहुवा में बुधवार को एक समुदाय विशेष के युवक ने मवेशी पर भाले से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना गांव में फैलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया। होली खेल रहे सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात कर दी गयी है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजा रेहुआ में बुधवार को एक समुदाय विशेष के युवक ने मवेशी पर भाले से हमला कर दिया जिससे पशु की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही गांव के मंदिर पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी गणनाथ प्रसाद भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी महसी एसडीएम संजय कुमार, सीओ जेपी त्रिपाठी, तहसीलदार प्रद्युम्न कुमार पटेल नायब तहसीलदार संग्राम सिंह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस दौरान गोवंश के अंतिम संस्कार की जगह को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। वहीं मंदिर के नागा साधु भी मौके पर पहुंच गए। सभी को समझाबुझा कर गोवंश का अंतिम संस्कार करवाया गया।

एसओ गणनाथ प्रसाद ने बताया ग्रामीणों की ओर मिली तहरीर के आधार पर गांव निवासी सफी मोहम्मद व अली मोहम्मद समेत आठ के खिलाफ गो हत्या पशु क्रूरता अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई है। अली मोहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात है।

# उत्साह और उमंग के रंगों ने किया सराबोर

## अबीर-गुलाल लगा गले मिले लोग, चौक बाजार व घंटाघर में काफी भीड़ रहीं, बच्चों में दिखा खासा उत्साह

संवाद न्यूज एजेंसी





बहराइच में होली के मौके पर हर तरफ अबीर-गुलाल का गुबार नजर आया। एसपी आवास पर होली खेलते डीएम व अन्य अधिकारी। संवाद

बहराइच। रंगों का पावन पर्व होलिकोत्सव बुधवार को उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एकदूसरे को अबीर गुलाल लगा व रंगों से सराबोर करते हुए गले मिल उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। होली के अवसर पर नगर क्षेत्र समेत तहसील व कस्बों में भी लोगों ने पारंपरिक तरीके से होली का पर्व मनाया। सभी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थल व चौक चौराहों पर सुबह से ही लोग होली खेलने के लिए जुटे रहे।

होलिकोत्सव पर्व पर मंगलवार की शाम विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधि विधान से पूजन अर्चन कर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बुधवार की सुबह से ही लोग रंग खेलने के लिए निकल पड़े। चौक बाजार, छावनी चौराहा, घंटाघर व अस्पताल चौराहा समेत अन्य स्थानों पर लोग रंग खेलते नजर आए।

चौक बाजार व घंटाघर पर काफी भीड़भाड़ देखी गई। विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ने का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी आवास पर भी डॉ.दिनेश चंद्र ने भी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ होली खेली। नगर क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली के पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। नवाबगंज क्षेत्र में निम्निहारा चौराहा, केवलभारी चौराहा, नवाबगंज, धन्नी गांव, बस अड्डा पर जुलूस की शक्ल में लोग दिखाई दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बंचेलाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिवपूजन यादव आदि मौजूद रहे। मोतीपुर तहसील अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर बर्दी गांव स्थित 59 वीं बटालियन एसएसबी आउट पोस्ट पर भाजपा नेत्री शांति रावत ने जवानों को अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। तहसील नानपारा में भी अगैया चौराहा पर स्थित एसएसबी मुख्यालय में भी जवानों ने होली खेली।

### होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

रंग खेलने के बाद बुधवार की शाम घंटाघर मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। होली मिलन समारोह में आने वाले लोगों का बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों ने चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, डीएम डॉ.दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा, होली समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी, महामंत्री सुमित कुमार खन्ना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोडवेज की आमदनी में बढ़ोतरी



बहराइच। होली के मौके पर निगम प्रशासन की ओर से बढ़ाई गई बसों व छोटी दूरी पर बसों के फेरों का लाभ साफ दिखाई दिया। यात्रियों की बढ़ी आमद से निगम को डेढ़ गुना लाभ पहुंचा है। रोडवेज प्रशासन की मानें तो पिछले वर्ष की तुलना में निगम को 10 से 15 लाख का फायदा पहुंचा है। त्योहार के मौके पर यात्रियों की आमद अपेक्षानुसार ज्यादा दिखाई दी।

### डीएम आवास पर भी दिखा फगुआ रंग

बुधवार को जहां शहर से लेकर गांव तक रंगोत्सव की धूम देखने को मिली। तो वहीं जिले के आला अधिकारियों को भी होली पर पैनी नजर के साथ-साथ होली के रंग में सराबोर देखा गया। बुधवार को डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र के आवास पर भी होली की धूम सुबह से ही देखने को मिली। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र, एसपी प्रशांत वर्मा, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी संजय मिश्रा, एएसपी नगर कुंअर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम, सीओ आदि ने सभी के साथ होली का लुत्फ उठाया।

### पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली

बुधवार को होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के बाद गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था में जुटे पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली। होली के लिए एसपी आवास पर भव्य इंतजाम किए गए। इस दौरान डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र व एसपी प्रशांत वर्मा समेत सभी अधिकारी व पुलिस कर्मी फगुवा रंग में रंगे नजर आए। इस दौरान जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया गया। सभी ने अपनी रैंक व पद भूलकर एक दूसरे को गले लगाया और रंगोत्सव की बधाई दी।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-03-2023

होली पर खूब हुआ हुड़दंग, रात में होलिका दहन से शुरू हुआ रंगों का त्योहार, अबीर और रंगों से लोगों के चेहरे हुए रंगीन

# धूमधाम से मनाई होली, चारों ओर दिखा उल्लास

**रंगोत्सव**

**श्रावस्ती।** होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। उत्साहपूर्वक लोगों ने एक दूसरे को रंग लगा कर भिगो दिया। रंगों से सराबोर लोग डीजे की धुन पर थिरकते रहे। दोपहर के बाद नए कपड़े पहन कर लोगों ने एक दूसरे को रंगों के पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। घरों में पकवान बना कर मेहमानबाजी की गई।

मंगलवार देर रात होलिका दहन के साथ ही होलिकोत्सव शुरू हो गया। हवन पूजन के बाद होली जलाई गई। इसके बाद लोगों ने होली की परिक्रमा करके गीत गाए। वहीं महिलाओं ने भी रंग, अबीर, गुलाल तथा गोबर के बल्ले डाल कर होली की पूजा की। सुबह होते ही बच्चों का झुंड सड़कों पर निकल पड़ा। जो भी आगे मिला उसे रंगों से सराबोर करते रहे। बच्चों और युवाओं में होली का उत्साह रहा और दोपहर बाद तक डीजे की धुन पर थिरकते रहे। लक्ष्मनपुर बाजार में होली खेलने के लिए सुबह ही युवक सड़कों पर निकल पड़े। दोपहर तक बाजारों में धूम धूम पर युवक होली के गीतों पर झूमते और एक दूसरे को रंगों से सराबोर करते रहे। होली की मस्ती में झूमते युवाओं की टोली एक दूसरे को गले मिल कर होली की बधाई देते रहे। लक्ष्मनपुर बाजार में युवक बुलडोजर पर चढ़ कर होली का हुड़दंग करते रहे। जो भी मिला उसे रंग और अबीर से सराबोर करते रहे। तहसील जमुनहा के जमुनहा बाजार, मल्हीपुर, वीरगंज सहित सभी क्षेत्रो में होली के पर्व पर युवाओ, बच्चो के साथ बुजुर्गो ने एक दूसरे को रंग, अबीर लगाकर पर्व की बधाई दी।

महिलाओं, बच्चियों ने एक दूसरे के घर पहुंच कर व्यंजनो का आनन्द लेते हुए होली खेली। युवाओ व बच्चों ने डीजे की धुन पर जमकर भांगड़ा नृत्य किया। युवा व बच्चे दोपहर बाद तक धमाल मचाते रहे। इकौना बाजार में धूमधाम से होली मनाई गई। युवकों की टोली सुबह से ही सड़कों पर निकल पड़ी। डीजे के गीतों के साथ लोग सड़कों पर होली का धमाल मचाते रहे। इसी तरह से गिलौला बाजार में भी युवाओं ने जम कर होली का धमाल मचाया। लोगों ने होली खेलैं रघुबीरा अवध में आदि होली गीतों पर झूमते रहे। होली के मौके पर सिरसिया बाजार, रतनापुर, गिरंटबाजार में भी होली की मस्ती छाई रही।



जमुनहा में होली का हुड़दंग करते लोग।



पुलिस लाइन में होली खेलती एसपी प्राची सिंह।

- अबीर गुलाल से सब हुए सराबोर, खूब हुई मेहमान बाजी
- एक दूसरे को गले मिल कर दी गई रंगों के पर्व की शुभकामनाएं

## पुलिस लाइन में गुरुवार को मनाई गई होली

होली के दिन सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस जवानों ने गुरुवार को जम कर रंग खेला। एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार रात में पूजन के बाद होलिका दहन में भाग लिया। इसके बाद गुरुवार को पुलिस लाइन व सभी थानों में पुलिस कर्मियों ने जम कर होली खेली। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर और गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय लोगों ने भी थानों में आयोजित होली में भाग लेकर पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दी।

## शांतिपूर्वक मनाया गया होली का त्योहार

श्रावस्ती। होली के त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। चौक चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने सतर्कता बरती और होली खेल रहे लोगों को समझाते रहे। सुरक्षा की कमान एसपी प्राची सिंह ने सम्भाल रखा था। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती करके सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। भिनगा के ईदगाह तिराहा, इकौना के पांच पीरान मस्जिद सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती रही। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि जिले में शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की परम्परा रही है। इस त्योहार में भी कहीं से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है।

# शांतिभंग के आरोप में 14 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार विभिन्न थाना क्षेत्र से 14 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया है। वहीं, पुलिस ने होली पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 125 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 308100 रुपए शमन भी किया।संवाद

# लाखों के माल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती, संवाददाता। कोतवाली भिनगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने बीते दिनों हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों का माल बरामद किया गया।

कोतवाली भिनगा के भंगहा बाजार में पिछले महीने 17 फरवरी की रात को आशीष कुमार पुत्र राम निवास सोनी की ज्वेलरी व रेडीमेड कपड़े की दुकान में बड़ी चोरी हुई थी। आशीष ने तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि भंगहा बाजार स्थित गुरुद्वारे के सामने उसकी ज्वैलरी व रेडीमेड कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान से सोने चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये का माल पार कर ले गए हैं। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज की जांच शुरू की और मामले का खुलासा किया। बुधवार को पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल तीन आरोपियों पेशकार पुत्र राजितराम, शंकर पुत्र बहादुर व राम सहाय पुत्र गोपी निवासीगण लालपुर महरी थाना कोतवाली भिनगा को मुखबिर खास की सूचना पर बनघुसरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल 11 अदद साडियां, सफेद धातु का झुमका छह पीस, ताबीज दो पीस, हाथ का कड़ा दो पीस, कनबाली छह जोड़ा, अंगूठी व बिछवा 27 पीस, लाकेट छोटा चैन सहित एक पीस, ब्रेसलेट एक पीस, लाकेट एक पीस, चिमटी चैन सहित एक पीस व पीली धातु की तीन छोटी बाली बरामद किया गया।

## 90 शीशी नेपाली शराब संग तीन गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 90 शीशी नेपाली शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना मल्हीपुर की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने कमलेश पुत्र मोनी प्रसाद निवासी धमना थाना मल्हीपुर, शिव शंकर पुत्र बलेश्वर निवासी बरगदवा थाना मल्हीपुर व रामदयाल पुत्र रामेश्वर निवासी डिलवा थाना मल्हीपुर के कब्जे से 30-30 शीशी कुल 90 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब जब्त कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# मस्ती के रंग में डूबे होरियारे

## जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल, होली के गीतों पर लगाए ठुमके

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** होरियारों की टोली ने रंग9गुलाल के साथ बुधवार को खूब हुड़दंग किया। दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस ने डीजे की धुनों पर ठुमके लगाए। गांव से लेकर शहर तक हर जगह पुलिस व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

जिले में सोमवार व मंगलवार को होलिकोत्सव परंपरागत ढंग से मनाया गया। जिले में सोमवार को कुछ स्थानों पर तो शेष स्थानों पर मंगलवार रात होलिका दहन हुआ। इसके साथ ही गांव व नगर में होरियारों की टोली रंग गुलाल अबीर उड़ाते हुए फगुआ गीत पर झूमती नजर आई। इस दौरान होली समितियों की ओर से बुधवार को जिले में 12 स्थानों पर जुलूस निकाला गया। होली का हुड़दंग भिनगा में सुबह नौ बजे से ही शुरु हुआ। होरियारों का कारवां नगर की ओर बढ़ गया।

यह कारवां पुरानी बाजार से होता हुआ ईदगाह पहुंचा। यहां डीजे पर बजने वाले होली गीत पर होरियारों ने जमकर ठुमके लगाए। इसी तरह इकौना में भी होरियारों ने डीजे की धुनों पर ठुमके लगाते हुए खूब गुलाल उड़ाया। जिलेभर में दोपहर तक रंगों की बौछार के कारण अघोषित बंदी जैसा माहौल रहा। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक होली जुलूस के साथ मजिस्ट्रेट व पुलिस बल तैनात रही। जिले में कहीं कोई अप्रिय घटना न होने के कारण गुझिए की मिठास अंत तक बरकरार रहीं।

होलिका दहन का कार्यक्रम भिनगा नगर के सत्ती चौरा मोहल्ले में स्थित होलिका दहन स्थल पर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए और होलिका दहन के बाद पूजन कर खेतों में तैयार नए अनाज को भूनकर प्रसाद के रूप में परिवार समेत ग्रहण किया। गुरुवार को पुलिस ने भी डीजे की धुनों पर जमकर होली खेला। इस दौरान पुलिस लाइन मैदान में पुलिसिया होलियारों ने कपड़ा फाड़ ठुमके भी लगाए।





भिनगा में हर तरफ रंग बिखरे नजर आए। लोग रंगों से सराबोर दिखे। -संवाद

### एकता का प्रतीक है होली का पर्व

पुराने रामलीला मैदान इकौना में सत्य वर्धन गोयल की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पांडे मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है जिसे देश सहित पूरे विश्व में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। होली का पर्व एकता और प्रेम का प्रतीक है। इस दिन लोग धर्म जाति और भेदभाव भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। सत्य वर्धन गोयल ने कहा कि होली भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। बदलते समय के साथ साथ होली का स्वरूप भी बदल गया है।
समाजसेवी ओम प्रकाश त्यागी ने कहा कि सभी लोग सावधान रहकर भाईचारा बनाए रखें। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गिरंटबाजार। हरदत्त नगर गिरंट थाने की पुलिस ने चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश सिंह बुधवार शाम को क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अन्नू भट्ठा इटहिया के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 490 ग्राम नाजायज चरस बरामद किया। जिसका अनुमानित कीमत करीब एक लाख 50 हजार आंकी गई। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# फगुआ की तान पर होरियारों ने जमकर की मस्ती

## डीजे की धुन पर थिरके लोग **उड़ा अबीर-गुलाल** जगह-जगह निकले जुलूस, एक-दूसरे के गले लग दी बधाई


**जागरण टीम, श्रावस्ती :** रंगों का पर्व होली बुधवार को उत्साह के साथ मनाया गया। छिटपुट विवादों को छोड़कर माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। जगह-जगह बैंडबाजा व डीजे के साथ जुलूस निकला। फगुआ गीतों पर नाचते-गाते होरियारों ने जमकर मस्ती की।

भिनगा नगर के रामलीला मैदान से होरियारों का भव्य जुलूस निकला। ईदगाह तिराहा, चकड़ मार्केट, छावनी तिराहा, भरत मिलाप चौराहा, अस्पताल चौराहा होते हुए जुलूस काली मंदिर पहुंचा। महिलाओं ने छतों पर खड़े होकर लोगों पर रंग बरसाया। बच्चों ने भी मस्ती की। शाम को ठाकुरद्वारा परिसर में होली मिलन समारोह हुआ।

समिति के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय वाल्मीमिक, कोषाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, सह मंत्री विनोद साहू, जीपी मिश्र, डा. विश्वनाथ मिश्र, जिला प्रचारक शिवशंकर, दिलीप तिवारी, घनश्याम रस्तोगी, रामरूप गुप्ता, राकेश गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता मौजूद रहे। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भ्रमणशील रहकर जुलूस का जायजा लेते रहे।

इकौना के रामलीला मैदान में यज्ञ हवन के बाद होरियारों का जुलूस निकला। बैंडबाजों की धुन पर फगुवा की तान छेड़ते होरियारों के झुंड ने नगर के सभी वार्डों का भ्रमण किया। सायंकाल पुराने रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह हुआ।





पुलिस लाइन में होलिका में आहुति डालतीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व पुलिस परिवार की महिलाएं व बच्चियां और भिनगा नगर के नई बाजार में होली पर्व पर अबीर-गुलाल उड़ाकर डीजे की धुन पर थिरकते युवा ●जागरण

श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, आशुतोष पांडेय, अजीत त्रिपाठी, कंहैया कसौधन, ओम प्रकाश त्यागी, सत्यवर्धन गोयल, सूर्य कुमार कसौधन रहे। संचालन अनिल नय्यर ने किया। सिरसिया में दिनभर होली की मस्ती के बाद देर शाम राधा-कृष्ण मंदिर पर होली मिलन समारोह हुआ। इसी प्रकार, वृद्धाश्रम भिनगा में वृद्धजनों ने होली खेली। जमुनहा, गिलौला, हरिहरपुररानी, सोनवा, लक्ष्मननगर, लक्ष्मनपुर, मल्हीपुर, सेमरी चौराहा समेत अन्य स्थानों पर जमकर होली खेली गई।





होली पर्व पर डीएम नेहा प्रकाश ( दाएं ) के साथ होली खेलतीं थारू युवतियां व फूलों की होली खेलने के बाद थारू युवतियों को उपहार भेंट करतीं एसपी प्राची सिंह ( बाएं )●जागरण

**पुलिसकर्मियों ने भी की मस्ती** : गुरुवार को पुलिस लाइन व महिला थाने में पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। डीएम नेहा प्रकाश, एसपी प्राची सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ अतुल चौबे समेत महिला व पुरुष पुलिसकर्मी रंग में सराबोर नजर आए। डीजे की धुन पर पुलिसकर्मियों ने जमकर मस्ती की। एक-दूसरे के गले लग प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।



होली पर्व पर भिनगा स्थित वृद्धाश्रम में फगुआ गीत गाते वृद्धजन●जागरण

अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर

उत्तर प्रदेश य

# चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भंगहा पुलिस चौकी के निकट सर्राफा व रेडीमेड कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर 17 फरवरी की रात लाखों रुपये का सामान पार कर लिया गया था। इसका खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया है।

भिनगा कोतवाली के क्षेत्र के भंगहा चौकी अंतर्गत भंगहा बाजार निवासी आशीष कुमार पुत्र रामनिवास सोनी भंगहा बाजार स्थित गुरुद्वारे के सामने ज्वैलरी व रेडीमेड कपड़े की दुकान करता है। उसकी दुकान का ताला तोड़कर 17 फरवरी की रात चोरों ने करीब तीन लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात व कपड़े चुरा ले गए थे। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक ने लालपुर महरी निवासी पेशकार, शंकर और राम सहाय को बनघुसरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

इनके कब्जे से पुलिस ने ग्यारह नई साड़ियां, चांदी के छह झुमके, दो ताबीज, दो कड़े, छह जोही कनबाली, 27 अंगूठी, सोने की तीन बाली व चाकू बरामद किया। इनके विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। संवाद

# 50 किलो भैंसे का मांस बरामद, दो गिरफ्तार

**जासं, श्रावस्ती :** हरत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर आरोपितों के कब्जे से 50 किलो भैंसे का मांस व उपकरण बरामद हुए। आरोपितों पर केस दर्ज किया गया है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा के निर्देशन में हरदत्तनगर थाने के प्रभारी उमेश सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान क्षेत्र के बंजारनपुरवा महरूम्मुर्तिहा गांव से बहराइच जिले के दरगाह क्षेत्र के चांदपुरा सैलरगंज निवासी जहर हसन व हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के बंजारनपुरवा निवासी निसार अहमद को गिरफ्तार कर 50 किलो भैंसे का मांस व अन्य उपकरण बरामद हुआ।

## 36 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 36 वाहनों का ई-चालान करते हुए 57 हजार रुपये का सम्मन किया। (वि.)

## शांतिभंग में चार पाबंद

**श्रावस्ती :** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में चार आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# 90 शीशी नेपाली शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान धमना निवासी कमलेश, बरगदवा निवासी शिव शंकर व डिलवा निवासी रामदयाल गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके कब्जे से 30-30 शीशी नेपाली शराब बराम्द हुई। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

## 490 ग्राम चरस के साथ एक को पकड़ा

श्रावस्ती। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान अन्नू भट्ठा इटहिया से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान सोनवा थाना क्षेत्र के नासिरगंज बाजार निवासी विशाल गुप्ता उर्फ राजा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 490 ग्राम चरस बरामद की। उसके विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेजा है। संवाद

## चाकू के साथ युवक धरा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजापुर रानी मार्ग से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर इटवरिया के मजरा भभरापुर निवासी एहसानुल हक पुत्र इकरामुलहक के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। संवाद

# 180 लीटर कच्ची व 90 शीशी नेपाली शराब के साथ 12 गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** होली पर जिला पुलिस की ओर से मंगलवार व बुधवार को अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 180 लीटर कच्ची शराब व 90 शीशी नेपाली शराब के साथ 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

अभियान के दौरान भिनगा कोतवाली पुलिस ने भरथा मोड़ से लालपुर महरी के मजरा लोनियनपुरवा निवासी बंदूखी उर्फ भवानी लोनिया पुत्र अशर्फी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। साथ ही कोतवाली पुलिस ने दुर्गापुर केपी के मजरा चिकवनपुरवा निवासी माता प्रसाद पुत्र सुक्खू को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ बाबा खाकी दास कुट्टी के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही अमरहवा गांव के निकट से रमेश पुत्र काली प्रसाद निवासी अमरहवा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सिरसिया पुलिस ने बदलपुर निवासी दिनेश पुत्र खेलावन व सिरसिया निवासी राम खेलावन को 30-30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि कटकुईया मोड़ नहर पुलिया के पास से भिनगा के चंदनकुड़ी निवासी राम उजागर पुत्र राम पदारथ व सुशपाल निषाद पुत्र राम उजागर को 20-20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने हरदत्त नगर गिरंट के मजरा मल्हापुरवा निवासी रमेश पुत्र गोकरन को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सोनवा पुलिस ने सतरही के मजरा मोतीपुरवा निवासर बिहारी पुत्र आंधी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं मल्हीपुर पुलिस ने घुमना निवासी कमलेश पुत्र मोनी प्रसाद व बरगदवा निवासी शिव शंकर पुत्र बलेश्वर तथा छिलवा निवासी रामदयाल पुत्र रामेश्वर को 30-30 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई किया है।

# चोरी के सामान संग तीन बंदी

**जासं, श्रावस्ती :** भंगहा बाजार स्थित ज्वैलरी व रेडीमेड की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपितों को भिनगा पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी गया माल भी बरामद किया गया है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि भंगहा बाजार निवासी आशीष कुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 17 फरवरी की रात में भंगहा बाजार में गुरुद्वारे के सामने उनके ज्वैलरी व रेडीमेड की दुकान का ताला तोड़कर चोर लगभग तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने व कपड़े चुरा ले गए हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व टीम को लगाया गया था। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। बनघुसरा मोड़ से लालपुर महरी निवासी पेशकार, शंकर व राम सहाय को गिरफ्तार कर लिया। पेशकार के कब्जे से झोले में चोरी की हुई कुल पांच नई साडियां, रामसहाय के कब्जे से एक पुराने बैग में चोरी की चार नई साडियां, शंकर



भिनगा कोतवाली में पुलिस हिरासत में चोरी के सामान के साथ आरोपित ● जागरण

के कब्जे से झोले में चोरी की दो नई साड़ियां व साड़ी के अंदर छिपाकर रखा गया सोने का झुमका छह पीस, ताबीज दो पीस, हाथ का कड़ा दो पीस, कानबाली छह जोड़ी, अंगूठी व बिछवा 27 पीस, लाकेट छोटी चेन एक पीस, ब्रेसलेट एक पीस, लाकेट एक पीस, चिमटी चेन एक पीस व पीली धातु की तीन छोटी बाली व एक चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा भंगहा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, आरक्षी अनिल कुमार, गौरव कुमार, महेंद्र यादव, अजय चौधरी, आकाश मौर्या व अर्पित यादव शामिल रहे।